नई दिल्ली
शनिवार 9 मई 2026
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष, सप्तमी वर्ष : 30, अंक : 20
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 36
न्यून. 27

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

### जयपुर में आयोजित किए गए संयुक्त कमांडर सम्मेलन को संबोधित करते हुए बोले रक्षा मंत्री

# युद्धक्षेत्र में सिर्फ हथियारों के भरोसे रहने पर नहीं चलेगा काम, नई सोच संग बढ़ाना पड़ेगा समन्वय: राजनाथ सिंह

एआई, स्वायत्त सिस्टम, डेटा विश्लेषण और सुरक्षित संचार नेटवर्क के क्षेत्र में क्षमता बढ़ाने की है दरकार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



बीते 7 मई से भारत ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ मना रहा है। जिसे लेकर रक्षा मंत्रालय देश के अलग-अलग भागों में कई कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। इसी क्रम में राजस्थान की राजधानी जयपुर में सेना, वायुसेना और नौसेना के संयुक्त कमांडर सम्मेलन (जेसीसी) का आयोजन किया गया। जिसे शुक्रवार को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तीनों सेनाओं के शीर्ष कमांडरों को यह निर्देश दिया कि वह तेजी से बदलती हुई भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच अपनी युद्धक तैयारी को हमेशा चाक-चौबंद बनाए रखें। लेकिन उसमें भी यह जरूर ध्यान रखें कि भविष्य में युद्धक्षेत्र में जंग केवल हथियारों के बलबूते पर ही नहीं जीती जाएगी। बल्कि उसके लिए सभी सैन्य इकाइयों को नवीन सोच के साथ आपसी समन्वय में इजाफा करना पड़ेगा। रक्षा मंत्रालय ने राजनाथ सिंह का यह बयान मीडिया से साझा किया है।

### जेसीसी का दूसरा संस्करण

बताते चलें कि 22 अप्रैल 2025 को पाकिस्तान समर्थित 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (लश्कर-ए-तैयबा का छद्म रूप) के आतंकियों ने पहलगाम आतंकी हमले को अंजाम दिया था। जिसमें कुल 26 निर्दोष लोगों की जान चली गई थी। भारत ने जवाब ऑपरेशन सिंदूर के जरिए दिया। जिसमें सेनाओं ने मिलकर पाकिस्तान और उसके अवैध कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में मौजूद आतंकियों के कुल 9 ठिकानों को कुछ ही मिनटों में मटियामेट कर दिया था, 100 से ज्यादा आतंकवादी मारे गए। वहीं, ये अभियान अभी खत्म नहीं हुआ है और आतंकवाद के खिलाफ देश की जीरो टॉलरेंस की नीति भी बनी हुई है। इस वर्ष जेसीसी का यह दूसरा संस्करण था। जिसकी थीम 'मिलिट्री कैपेबिलिटी इन न्यू डोमेंस' रखी गई थी और इसमें सीडीएस, तीनों सेनाप्रमुखों सहित मंत्रालय व उसके तमाम अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### जंग के हालात में 'अनिश्चितता' ही बड़ी चाबी

उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का स्मरण करते हुए कहा, यह अभियान देश के राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित रखने के लिए भारतीय सेनाओं की बेहद तेजी और सटीकता के साथ की गई संयुक्त कार्रवाई के रूप में मील का पत्थर है। वर्तमान दौर में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), स्वायत्त सिस्टम, डेटा विश्लेषण और सुरक्षित संचार नेटवर्क जैसे क्षेत्रों में क्षमताओं को बढ़ाने की आवश्यकता है। लेकिन युद्ध के मैदान में दुश्मन को चौंकाने वाले तत्व (सरप्राइज एलीमेंट) का अपना अलग ही महत्व है। जिसके जरिए हरदम एक प्रकार की अनिश्चितता बनी रहती है और एक सुरक्षित रणनीतिक बढ़त भी मिलती है। इसके अलावा शत्रु की ओर से दिए जाने वाले चौंकाने वाले तत्व को लेकर भी तैयारी पूरी रखते हुए उनसे हमेशा दो कदम आगे रहना चाहिए। 7 से 10 मई 2025 तक चले इस सैन्य अभियान में छोटी अवधि में उच्च-स्तर की तीव्रता, प्रभाव और अत्यधिक सटीकता के साथ दुश्मन पर हमला किया गया था। जो भारत के सामूहिक संकल्प और नए सैन्य लोकाचार को प्रदर्शित करता है। ये हमारी एक ऐसी कार्रवाई थी। जिसने आखिरकार दुश्मन को घुटने टेकने के लिए विवश कर दिया।

### विवादों को आकार देंगे हाइब्रिड खतरे

उन्होंने बताया कि भावी संघर्षों को हाइब्रिड खतरे ही आकार देंगे। साइबर, स्पेस, इलेक्ट्रोमैग्नेटिक और ज्ञान जैसे क्षेत्रों में सूचना का दबदबा और निरंतर अभियान संचालन महत्वपूर्ण है। उभरती हुई तकनीक के परिवर्तनकारी प्रभाव के साथ-साथ राजनाथ ने जोर देते हुए कहा कि संघर्ष के सभी आयामों के तहत एकीकृत राष्ट्रीय तैयारी को बनाए रखना बेहद जरूरी है। रक्षा मंत्री ने तीनों सेनाओं के मध्य संयुक्तता, एकीकरण और तकनीक को आत्मसात करने की प्रक्रिया को तेजी से शामिल करने पर भी जोर दिया। वैश्विक रक्षा क्षेत्र में परिवर्तनकारी बदलाव के पीछे संयुक्तता एक अहम भूमिका निभा रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की सशस्त्र सेनाओं की स्टेट ऑफ द आर्ट हथियारों, प्लेटफार्म के जरिए क्षमता बढ़ाने को लेकर दी गई प्रतिबद्धता को दोहराया। केंद्र का ध्यान अत्याधुनिक व जटिल तकनीक के क्षेत्र में शोध को बढ़ावा देने पर केंद्रित है।

### जारी किए यह दस्तावेज

सम्मेलन में राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर पर एक दस्तावेजी फिल्म भी जारी की। जो राष्ट्र और सेनाओं की रणनीतिक तैयारियों, राष्ट्रीय तैयारियों से जुड़ी हुई निर्णायक प्रतिक्रिया के संबंध में बनी हुई प्रतिबद्धता को दोहराती है। उन्होंने विजन-2047 और एकीकृत संचार ढांचे को लेकर संयुक्त सिद्धांत भी जारी किया। जिसका उद्देश्य भावी बहुआयामी अभियानों के मद्देनजर सशस्त्र सेनाओं के बीच सिद्धांत के मामले में स्पष्टता, ▶▶ शेष पेज 7 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
आरआर जीटी
शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### इंस्टाग्राम जल्द 'एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन' हटाएगी



नई दिल्ली। डिजिटल दुनिया में निजता को लेकर चल रही बहस के बीच मेटा ने इंस्टाग्राम यूजर्स को बड़ा झटका दिया है। इंस्टाग्राम ने अपने प्लेटफॉर्म से सबसे सुरक्षित माने जाने वाले 'एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन' फीचर को पूरी तरह हटाने का फैसला किया है। इस बदलाव के बाद करोड़ों यूजर्स की व्यक्तिगत बातचीत और साझा किए गए मीडिया फाइल्स की सुरक्षा का स्वरूप पूरी तरह बदल जाएगा। अब तक 'एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन' यह सुनिश्चित करता था कि आपके मैसेज केवल भेजने वाले और प्राप्त करने वाले ही पढ़ सकें। लेकिन जरूरत पड़ने पर कंपनी या सर्विस प्रोवाइडर आपकी चैट, फोटो और वीडियो तक पहुंच बना सकते हैं। यह ठीक मैसेजिंग सेवाओं की तरह ही होगा।

### भाजपा विधायक दल की बैठक में नेता चुने गए शुभेंदु, अमित शाह ने किया नाम का ऐलान

# पश्चिम बंगाल: शुभेंदु अधिकारी आज लेंगे सीएम पद की शपथ, पीएम मोदी भी रहेंगे मौजूद

राज्यपाल से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा किया पेश



काली मंदिर में पूजा करते शाह


हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

शुभेंदु अधिकारी पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री होंगे। वे आज शनिवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। भाजपा विधायक दल की बैठक में शुक्रवार को अधिकारी को नेता चुना गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद रहे। भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद शुभेंदु अधिकारी ने राज्यपाल से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया। इससे पहले भाजपा विधायक दल की बैठक के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने शुभेंदु अधिकारी के नाम का प्रस्ताव रखा। इसके बाद उपस्थित सभी भाजपा विधायकों से सहमति ली गई, जिसके बाद उनके नाम पर अमित शाह ने औपचारिक मुहर लगाई। गौरतलब है कि हाल ही हुए ▶▶ शेष पेज 7 पर



शुभेंदु अधिकारी

▶▶ हम घुसपैठ, हिंसा, कट मनी खत्म करेंगे, महिला सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होगी: शाह



### सभी 8 प्रस्ताव और समर्थन में शुभेंदु का ही नाम

अमित शाह ने बैठक के बाद कहा हाल ही में चुनाव प्रक्रिया पूरी हुई है और लगभग आठ प्रस्ताव और समर्थन प्राप्त हुए। ये सभी एक ही नाम के लिए थे। दूसरे नाम के लिए भी सभी को समय दिया गया, लेकिन दूसरा नाम सामने नहीं आया। इसलिए केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में मैं शुभेंदु अधिकारी को पश्चिम बंगाल विधान मंडल दल के नेता के रूप में निर्वाचित घोषित करता हूं।

#### बंगाल में भाजपा का झंडा फहराने का सपना पूरा

बंगाल में भाजपा का झंडा फहराने का सपना पूरा हुआ। 370 हटी तो देश भर में कार्यकर्ताओं में खुशी थी। लेकिन कई कार्यकर्ताओं ने कहा था कि अभी भी एक कसक बची है। उन्होंने कहा कि बंगाल में भाजपा का झंडा फहराना है। वो भी आज पूरा हो गया। उन्होंने कहा कि हमारे विधायकों के जीत का औसत मार्जिन 28 हजार है। 3 से 77 और 77 से 207 की यात्रा अभूतपूर्व है। 9 जिलों में टीएमसी का खाता तक नहीं खुला। दीदी का सूपड़ा साफ हो गया।

#### घुसपैठियों को बाहर करेंगे

शाह ने कहा कि भाजपा का वादा है कि बंगाल की जनता को कि न सिर्फ बंगाल, पूरे देश से हम एक-एक घुसपैठियों को चुन-चुनकर निकालेंगे। ये ध्रुवीकरण का मुद्दा नहीं है। ये देश की सुरक्षा का मुद्दा है। भाजपा पर भरोसा करके बंगाल की जनता ने जो अपेक्षाएं रखी हैं, हम पूरी कोशिश करेंगे कि आपके भरोसे को थोड़ा भी ठेस न पहुंचे।

#### कोलकाता का ब्रिगेड ग्राउंड तैयार: शपथ ग्रहण समारोह आज

कोलकाता के ऐतिहासिक ब्रिगेड परेड ग्राउंड में शनिवार को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। पश्चिम बंगाल में पहली बार भाजपा सरकार के गठन को लेकर पार्टी इसे बड़े सांस्कृतिक और राजनीतिक आयोजन के रूप में पेश करने की तैयारी में है। समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। समारोह में 50 हजार से अधिक लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। मुख्य मंच को तीन हिस्सों में बांटा जाएगा। पहले हिस्से में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, अन्य केंद्रीय मंत्री और विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री बैठेंगे। दूसरे हिस्से में राज्यपाल आरएन रवि मौजूद रहेंगे, जो नए मुख्यमंत्री और मंत्रियों को शपथ दिलाएंगे। तीसरे हिस्से में शपथ ग्रहण करने वाले नेता और नए मंत्रिमंडल के सदस्य बैठेंगे।

### पीएम मोदी और गृह मंत्री शाह होंगे शामिल

# असम में 12 मई को नई सरकार का शपथ ग्रहण

कार्यक्रम में एक लाख से अधिक लोग शामिल होंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



हिमंता सरमा

असम नई सरकार शपथ ग्रहण समारोह 12 मई को आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम गुवाहाटी के खानापारा में वेटनरी फील्ड में होगा। इस समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कई केंद्रीय मंत्री, भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री तथा उद्योग जगत के प्रतिनिधि शामिल हो सकते हैं। राज्य के मुख्य सचिव रवि कोटा ने यह जानकारी दी। असम भाजपा अध्यक्ष दिलीप सैकिया ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह सुबह 11 बजे से होगा। कार्यक्रम में एक लाख से अधिक लोगों के शामिल होने की संभावना है।

### विजय आज लेंगे सीएम पद की शपथ



चेन्नई। तमिलनाडु के लिए शनिवार का दिन ऐतिहासिक रहने वाला है। टीवीके प्रमुख विजय शनिवार सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे और इसके साथ ही राज्य को नया मुख्यमंत्री मिल जाएगा। शुक्रवार देर शाम प्रदेश के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने उन्हें सरकार बनाने का न्योता दिया। राज्यपाल भवन में हुई मुलाकात के बाद विजय ने इस ऐतिहासिक जिम्मेदारी को स्वीकार किया। सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण कार्यक्रम में कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी शामिल हो सकते हैं।

### अगले सप्ताह होनी थी भारत के पड़ोसी देश की यह यात्रा, जिसे अंतिम क्षण में लिया गया टालने का निर्णय

# विदेश सचिव ने की यूएई की यात्रा, नेपाल का दौरा फिलहाल स्थगित

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया संकट के बीच विदेश सचिव विक्रम मिस्री अगले सप्ताह 11 मई से नेपाल की दो दिवसीय यात्रा पर जाने वाले थे। लेकिन उनकी इस यात्रा को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। यहां ध्यान देने वाली एक बात यह भी है कि मिस्री की इस यात्रा को लेकर जरूरी तैयारियों का सिलसिला चल रहा था। लेकिन अचानक भारत ने इसे टालने का निर्णय लिया है। सूत्रों ने बताया कि यात्रा में किए गए बदलाव को लेकर नेपाली पक्ष को भारत की तरफ से सूचित कर दिया गया है।

जिसमें इस फैसले के पीछे किसी आधिकारिक कारण को वजह नहीं बताया गया है। काठमांडू में नेपाल के दूतावास के अधिकारियों के हवाले से सिर्फ यह जानकारी दी गई है कि अपनी यात्रा के दौरान भारत के विदेश सचिव नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उन्हें भारत यात्रा के लिए औपचारिक रूप से निमंत्रण पत्र सौंपना चाहते थे। जबकि इस मामले में दोनों पक्षों के बीच किसी तरह की बैठक को लेकर नेपाल के प्रधानमंत्री कार्यालय ने कोई जानकारी नहीं दी है।

#### लिपुलेख विवाद से संबंधों में तल्खी



उधर, कूटनीतिक हलकों में यह कयास लगाए जा रहे हैं कि नेपाल के पीएम भारतीय विदेश सचिव से होने वाली इस मुलाकात के लिए राजी नहीं हुए। जिसकी वजह से भारत ने यह निर्णय लिया है। जबकि कुछ सरकारी अधिकारियों ने नाम न उजागर करने की शर्त पर बताया कि मिस्री की व्यस्तताओं के चलते उनका यह दौरा स्थगित किया गया है। काठमांडू पोस्ट के मुताबिक, प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह का बार-बार विक्रम मिस्री से मुलाकात के लिए इंकार करना और भारत-नेपाल के बीच चल रहा लिपुलेख विवाद भी इसके पीछे छिपी वजहों में शामिल हो सकते हैं। ज्ञात हो कि पूर्व में नेपाल के प्रधानमंत्री ने अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर से भी मुलाकात करने से मना कर दिया था।

#### मिस्री की यूएई यात्रा का निचोड़

विदेश मंत्रालय ने बताया कि विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बीते गुरुवार (7 मई) को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का दौरा किया था। जिसमें खाड़ी देश में भारत के विशेष दूत और राज्य मंत्री रीम अल हाशमी और मुबाडला इंवेस्टमेंट कंपनी के सीईओ-एमडी खालदून अल मुबारक से उनकी मुलाकात हुई। इस दौरान चर्चाओं में मुख्य रूप से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग से जुड़े हुए विभिन्न पहलुओं (व्यापार, निवेश, आर्थिक सहयोग, ऊर्जा, रक्षा-सुरक्षा व अन्य क्षेत्र शामिल), पश्चिम-एशिया के उभरते हुए हालात सहित साझा हितों से जुड़े हुए क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मामलों को शामिल किया गया। मिस्री ने भारत-फ्रांस-यूएई तंत्र की एक त्रिपक्षीय बैठक में भी भाग लिया। जिसमें तीनों पक्षों ने अपनी त्रिपक्षीय साझेदारी और निर्धारित समय सीमाओं के तहत एक ढांचागत रोडमैप को लेकर भी अपनी सहमति प्रदान की है।

#### भविष्य में और मजबूत होगी साझेदारी

मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों की इस वार्ता में इस साल की शुरुआत में राष्ट्रपति अल नाहयान और उसके बाद फरवरी महीने में अबू धाबी के क्राउन प्रिंस द्वारा की गई भारत की यात्रा व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हुई उच्च स्तरीय बैठकों में लिए गए निर्णयों में हुई प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही संयुक्त आयोग की 16वीं बैठक और पांचवे सामरिक संवाद को भी उक्त मंत्रणा का हिस्सा बनाया गया। साथ ही दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय व्यापक सामरिक साझेदारी को भविष्य में और अधिक गहराई प्रदान करने के लिए जरूरी नए कदमों की भी पहचान की है।

### कनिमोझी ने कहा कि कांग्रेस से गठबंधन खत्म होने के बाद साथ बैठना उचित नहीं

## डीएमके ने लोकसभा अध्यक्ष बिरला को लिखा पत्र, सांसदों की सीट बदलने की मांग की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) ने लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर सदन में अपने सांसदों की सीट व्यवस्था बदलने की मांग की है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को भेजे पत्र में डीएमके सांसद कनिमोझी ने कहा है कि कांग्रेस के साथ पार्टी का राजनीतिक गठबंधन समाप्त हो चुका है। ऐसे में संसद के भीतर डीएमके सांसदों का कांग्रेस सांसदों के साथ बैठना अब मौजूदा परिस्थितियों में उचित नहीं माना जा सकता। तमिलनाडु में डीएमके और कांग्रेस के रिश्तों में आई दरार अब संसद तक पहुंचती दिखाई दे रही है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि सीटिंग व्यवस्था बदलने की मांग केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि गठबंधन टूटने का सार्वजनिक संकेत भी है। सूत्रों के अनुसार, डीएमके चाहती है कि उसके सांसदों ▶▶ शेष पेज 7 पर

# राहुल गांधी बोले- कोई और पार्टी भाजपा को नहीं हरा सकती, सिर्फ कांग्रेस ही उसे हराएगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली




लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि देश में कोई और पार्टी भाजपा को नहीं हरा सकती, सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही भाजपा एवं नरेंद्र मोदी को हरा सकती है और हराएगी। हरियाणा के गुरुग्राम में आयोजित सद्भाव यात्रा में शामिल होने के बाद विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भाजपा द्वारा चुनाव आयोग की मदद से चुनावों में की जा रही धांधली पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा चुनावों में चोरी कर जीत हासिल कर रही है; उसने हरियाणा के साथ ही महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल और असम के चुनाव में भी चोरी की है। भाजपा ने चुनाव आयोग के साथ मिलीभगत कर चुनाव चोरी करने की व्यवस्था बना ली है; मतदाता सूची से लाखों लोगों के नाम काटे जा रहे हैं और जोड़े जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग और पूरी नौकरशाही भाजपा के नियंत्रण में काम कर रही है। भाजपा सोचती है कि उसका शासन नहीं जाएगा, लेकिन उसके जाने का समय आने वाला है। जनता समझ गई है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह चुनाव चोरी कर रहे हैं; वह यह भी समझ गई है कि देश की संपत्ति अडानी और अंबानी जैसे उद्योगपतियों के हवाले की जा रही है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र ▶▶ शेष पेज 7 पर

### आपदा प्रबंधन को लेकर "प्रोएक्टिव गवर्नेंस" की दिशा में बड़ा कदम

# बाढ़ और हीटवेव को लेकर केंद्र सरकार अलर्ट, रविवार को उच्चस्तरीय बैठक करेंगे अमित शाह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



देश में संभावित बाढ़ और भीषण गर्मी (हीटवेव) की आशंकाओं के बीच अमित शाह रविवार को एक महत्वपूर्ण उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे। केंद्र सरकार की ओर से इसे आपदा प्रबंधन को लेकर "प्रोएक्टिव गवर्नेंस" और नागरिक-केंद्रित तैयारी की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। बैठक में देशभर में बाढ़ और गर्मी से निपटने की तैयारियों, राहत तंत्र, संसाधनों की उपलब्धता और विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय की विस्तृत समीक्षा की जाएगी। गृह मंत्री का मुख्य जोर इस बात पर रहेगा कि प्राकृतिक आपदाओं के दौरान "जीरो लॉस ऑफ लाइफ" यानी जनहानि को न्यूनतम स्तर पर रखा जाए तथा संपत्ति को होने वाले नुकसान को कम किया जा सके। ▶▶ शेष पेज 7 पर

#### सामुदायिक जागरूकता और राहत सामग्री पर जोर

बैठक में आम नागरिकों को जागरूक बनाने, आपदा के दौरान सुरक्षित व्यवहार अपनाने तथा स्थानीय स्तर पर रेजिलिएंस (संकट से निपटने की क्षमता) विकसित करने के कार्यक्रमों पर भी चर्चा होगी। इसके अलावा आवश्यक राहत सामग्री का पर्याप्त भंडारण, दवाइयों और मेडिकल टीमों की उपलब्धता, सुरक्षित शेल्टर होम, पेयजल और बिजली व्यवस्था को लेकर भी विस्तृत समीक्षा की जाएगी।

#### आपदा-रोधी भारत बनाने की दिशा में कदम

केंद्र सरकार का कहना है कि यह उच्चस्तरीय समीक्षा "डिजास्टर रेजिलिएंट इंडिया" यानी आपदा-रोधी भारत के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। सरकार का उद्देश्य केवल आपदा आने के बाद राहत कार्य करना नहीं, बल्कि पहले से तैयारी कर संभावित नुकसान को कम करना है। विशेषज्ञों के अनुसार, जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभावों को देखते हुए आने वाले वर्षों में ऐसी व्यापक और बहुस्तरीय तैयारियां देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होंगी।

# दिल्ली दिल से बोले "धन्यवाद मोदी जी"

# अनधिकृत से अधिकार तक : राजधानी में शुरू हुआ शहरी बदलाव का नया अध्याय

नई दिल्ली

दिल्ली में अनधिकृत कॉलोनियों में रहने वाले लाखों परिवार वर्षों से एक ऐसी स्थिति में जीवन बिता रहे थे, जहाँ उनके पास अपना घर तो था, लेकिन उस पर कानूनी अधिकार नहीं था। न संपत्ति का स्पष्ट स्वामित्व, न ही पूर्ण रूप से सरकारी सुविधाओं तक पहुंच।


ऐसे में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में दिल्ली एक ऐतिहासिक परिवर्तन का साक्षी बना है—जहां सपनों को कानूनी पहचान मिल रही है और घर को अधिकार का सम्मान।

यह निर्णय केवल एक नीति नहीं, बल्कि उन लाखों नागरिकों को पहचान, सुरक्षा और सम्मान देने का प्रयास है, जो वर्षों से इसकी प्रतीक्षा कर रहे थे।

क्योंकि अब उनका घर केवल रहने की जगह नहीं, बल्कि कानूनी रूप से उनका अपना अधिकार बन चुका है। दिल्ली की गलियों में आज एक नई आवाज गूंज रही है—

"धन्यवाद मोदी जी"




## 9 लाख परिवारों में नया सवेरा

दिल्ली की अनधिकृत कॉलोनियों में रहने वाले लगभग 45 लाख से अधिक लोगों के लिए आज एक नए युग की शुरुआत है।

दिल्ली की अनधिकृत कॉलोनियों में रहने वाले यह लोग लंबे समय से असुरक्षा और अनिश्चितता के बीच जीवन यापन कर रहे थे। अब उन्हें कानूनी मान्यता मिलने से न केवल उनके संपत्ति अधिकार मजबूत होंगे, बल्कि सामाजिक और आर्थिक रूप से भी उन्हें नई स्थिरता प्राप्त होगी।

वर्षों से जो सपना अधूरा था, अब वह हकीकत बन रहा है।

यह केवल नियमितीकरण नहीं, बल्कि सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों का पुनर्स्थापन है।

-सीएम रेखा गुप्ता

## "As-is Where-is" — सबसे बड़े बदलाव की गारंटी

*अब दिल्ली की 1731 में से 1511 अनधिकृत कॉलोनियों को "जैसा है, जहां है" आधार पर नियमित किया जाएगा।*

### *इसका मतलब क्या है?*

1. *अब लेआउट प्लान की जरूरत नहीं*
2. *मौजूदा घरों को वैध मान्यता*
3. *सभी प्लॉट्स को आवासीय उपयोग की स्वीकृति*
4. *छोटे दुकानों को भी मिलेगी राहत*

***यह फैसला केवल एक नीति नहीं बल्कि जनता के जीवन में बदलाव की गारंटी है।***

## अब प्रक्रिया भी होंगी आसान, पारदर्शी और तेज

### पहले जहां फाइलें महीनों चलती थीं, अब काम होगा दिनों में पूरा

1. 7 दिन में GIS सर्वे रिपोर्ट
2. 15 दिन में Deficiency Resolution Memo
3. 45 दिन में Conveyance Deed जारी
4. पीएम-उदय रजिस्टर का अनिवार्य रखरखाव

### इसके साथ ही,

1. राजस्व विभाग के ADM होंगे सिंगल नोडल अधिकारी
2. सर्वे अब स्थानीय स्तर पर
3. SWAGAM पोर्टल से ऑनलाइन आवेदन

ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन और ट्रैकिंग की सुविधा से पारदर्शिता बढ़ी है और नागरिकों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

**यह है डबल इंजन सरकार का नया सिस्टम — सरल, तेज और भरोसेमंद**

### SWAGAM पोर्टल में 24 अप्रैल 2026 से आवेदन शुरू—आपका अधिकार, आपके हाथ में

- अब कोई लंबी लाइन नहीं...
- कोई बिचौलिया नहीं...
- बस एक क्लिक और आपका घर कानूनी रूप से आपका।

## Affordable Housing का नया युग

### नई नीति के तहत—

1. Metro/RRTS कॉरिडोर के दोनों ओर 500 मीटर क्षेत्र में विकास
2. लगभग 207 वर्ग किमी क्षेत्र विकास हेतु उपलब्ध
3. छोटे प्लॉट्स पर भी विकास की अनुमति (न्यूनतम 2000 वर्गमीटर)
4. अधिकतम FAR 500 तक
5. 65% FAR आवासीय उपयोग हेतु अनिवार्य
6. किफायती आवास इकाइयों ( 99 वर्गमीटर) को बढ़ावा
7. शेष FAR में commercial एवं flexible उपयोग की अनुमति

अनधिकृत कॉलोनियों का नियमितीकरण और टीओडी नीति—दिल्ली में आवास, शहरी विकास एवं ईज़ ऑफ़ लिविंग को नई दिशा देंगे। यह केवल नियमितीकरण तक सीमित नहीं, बल्कि एक समावेशी, नियोजित एवं आधुनिक शहरी विकास मॉडल की दिशा में बड़ा कदम है, जिससे नागरिकों को बेहतर जीवन गुणवत्ता एवं आधारभूत सुविधाएं सुनिश्चित होंगी।

**अब हर परिवार के लिए—"अपने घर का सपना"**

## नई दिल्ली की नई सोच : TOD Policy

जहां एक ओर अधिकार मिले,वहीं दूसरी ओर भविष्य भी मजबूत हो।

इसी सोच के साथ लागू की गई है —Transit Oriented Development (TOD) Policy

ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट नीति का उद्देश्य परिवहन और आवास को एकीकृत करना है। इसके तहत मेट्रो और अन्य परिवहन कॉरिडोर के आसपास उच्च घनत्व और योजनाबद्ध विकास को बढ़ावा दिया जाएगा।

इससे नागरिकों को ट्रांजिट के आसपास बसने में सुविधा होती है, जिससे जीवन सुगम बनता है और पैदल चलने की संस्कृति को बढ़ावा मिलता है।

### क्या बदलेगा?

1. सस्ती आवास व्यवस्था
2. बेहतर कनेक्टिविटी
3. स्मार्ट और प्लान्ड शहरी विकास

### दिल्ली का नया शहरी विज़नः बदलाव की ओर बढ़ता कदम

अनधिकृत कॉलोनियों का नियमितीकरण और ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट (TOD) नीति- यह पहल केवल कानूनी मान्यता देने तक सीमित नहीं है, बल्कि एक ऐसे आधुनिक शहरी मॉडल की नींव रखती है, जहां हर नागरिक को बेहतर बुनियादी सुविधाएं, कनेक्टिविटी और जीवन स्तर मिल सके।



## PM-UDAY: सपना जो हकीकत बना

*वर्ष 2019 में शुरू हुई प्रधानमंत्री – अनधिकृत कॉलोनियों में आवास अधिकार योजना (PM-UDAY) ने दिल्ली के लाखों परिवारों को पहली बार स्वामित्व का अधिकार दिया है। अब तक लगभग 40,000 कन्वेयंस डीड जारी हो चुकी हैं, लेकिन तकनीकी और प्रक्रियागत जटिलताओं के कारण इसकी गति अपेक्षाकृत धीमी थी।*

*आज, उन्हीं बाधाओं को दूर करते हुए,सरकार ने इस योजना को एक नई रफ्तार दी है।*



### वास्तविकता से समाधान की ओर

पिछले दो दशकों में दिल्ली की जनसंख्या तेजी से बढ़कर लगभग दोगुनी हो चुकी है। इस तेज़ शहरी विस्तार के चलते कई क्षेत्रों में विकास बिना योजना के हुआ, जिसके परिणामस्वरूप आज हजारों अनधिकृत कॉलोनियाँ, सैकड़ों झुग्गी बस्तियाँ और अनेक गाँव ऐसे हैं, जहां बुनियादी ढांचे का विकास असंगठित रहा।

लंबे समय तक इस सच्चाई को नज़रअंदाज़ किया गया, लेकिन अब नीति का फोकस बदल चुका है। वर्तमान दृष्टिकोण समस्याओं से बचने का नहीं, बल्कि उन्हें स्वीकार कर व्यावहारिक समाधान देने का है।

## *अब दिल्ली बोले—धन्यवाद मोदी जी*

*आज जब एक परिवार अपने घर का कागज हाथ में लेकर मुस्कुराता है*
*जब एक युवा अपने भविष्य की योजना बनाता है...*
*जब एक कॉलोनी में विकास की पहली किरण पहुंचती है...*

*तो हर दिल से एक ही आवाज आती है—*
*"धन्यवाद मोदी जी!"*

## *"आपका शहर, आपकी जिम्मेदारी है"*

*सरकार अपना काम कर रही है,अब बारी है हमारी भी।*

1. *अपने शहर को साफ रखें*
2. *नियमों का पालन करें*
3. *विकास में भागीदार बनें*

**क्योंकि**— *अब दिल्ली में मिलेगा अधिकार भी, विकास भी मोदी जी के साथ — सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास*

## "यह सिर्फ योजना नहीं, विश्वास है"

### यह विश्वास है—

1. कि हर नागरिक को उसका हक मिलेगा
2. कि विकास सबके लिए होगा
3. कि दिल्ली बदलेगी—और बेहतर बनेगी



### घर ही नहीं, अब विकास भी होगा सुनिश्चित

नियमतीकरण के बाद इन कॉलोनियों में सरकारी एजेंसियों द्वारा योजनाबद्ध तरीके से विकास कार्य किए जा सकेंगे। पहले जहां कानूनी स्थिति स्पष्ट न होने के कारण विकास कार्य सीमित थे, अब वहां बुनियादी ढांचे में निवेश बढ़ेगा।

### क्या बदला?

1. MCD देगा Regularisation Certificate
2. राजस्व विभाग देगा Conveyance Deed एवं
3. Authorization Slip आधारभूत सुविधाओं का विकास होगा सुनिश्चित

### अब कॉलोनियों में—

1. बेहतर सड़कें
2. सुरक्षित गलियां
3. आधुनिक सुविधाएं

## प्रमुख बदलाव: पहले और अब की व्यवस्था में अंतर

| पहलू | पहले की व्यवस्था | अब की नई व्यवस्था |
|---|---|---|
| लाभार्थियों की संख्या | सीमित प्रगति, धीमी प्रक्रिया | लगभग 45 लाख नागरिकों को लाभ |
| कन्वेयंस डीड जारी | लगभग 40,000 डीड जारी | प्रक्रिया तेज कर संख्या में निरंतर वृद्धि |
| अनुमोदन प्रक्रिया | 250 वर्गमीटर तक डीडीए डिप्टी डायरेक्टर, बड़े प्लॉट्स के लिए डायरेक्टर स्तर | सभी मामलों में एडीएम को सिंगल नोडल अधिकारी बनाया गया |
| नोडल एजेंसी | बहु-स्तरीय, जटिल व्यवस्था | दिल्ली सरकार का राजस्व विभाग मुख्य जिम्मेदार |
| सर्वे प्रक्रिया | डीडीए अधिकारी सर्वे करते थे | पटवारी और नायब तहसीलदार द्वारा संयुक्त सर्वे |
| समयसीमा | कोई स्पष्ट समय सीमा नहीं | 45 दिन में डीड जारी |
| रिकॉर्ड प्रबंधन | सीमित और बिखरा हुआ | पीएम-उदय रजिस्टर का नियमित रखरखाव |
| नियमितीकरण का आधार | लेआउट प्लान अनिवार्य | As Is Where Is आधार पर मान्यता |
| कॉलोनियों का दायरा | प्रक्रिया जटिल और सीमित | 1731 में से 1511 कॉलोनियों को शामिल |
| प्रतिबंधित क्षेत्र | स्पष्टता कम | रिज, यमुना बाढ़ क्षेत्र और संरक्षित क्षेत्रों को बाहर |
| प्रमाण पत्र | बहु-एजेंसी प्रक्रिया | MCD द्वारा Regularisation Certificate |
| डीड जारी | जटिल और समय लेने वाला | राजस्व विभाग द्वारा सीधे जारी |
| आवेदन प्रक्रिया | ऑफलाइन | SWAGAM पोर्टल पर ऑनलाइन |

## समावेशी विकास की दिशा में बड़ा कदम

पहले TOD नीति में कई क्षेत्र बाहर थे, लेकिन अब 80 वर्ग किमी अतिरिक्त क्षेत्र को भी शामिल किया गया है।

### यानी अब—

1. अनधिकृत कॉलोनियां भी विकास की मुख्यधारा में
2. लैंड पूलिंग एरिया भी शामिल

अब दिल्ली की तस्वीर बदलेगी, सोच भी बदलेगी, क्युकी अब सवाल सिर्फ घर का नहीं, पूरे शहर के भविष्य का है।

### यह पहल—

1. अव्यवस्थित विकास को व्यवस्थित करेगी
2. नागरिकों को सशक्त बनाएगी
3. दिल्ली को विश्वस्तरीय शहर बनाएगी

DIP/Shabdarth/Advertorial/019/26-27

## खबर संक्षेप

### बेगमपुर वार्ड में चला विशेष स्वच्छता अभियान

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के बेगमपुर वार्ड-27 अंतर्गत नवीन विहार तीन फैक्ट्री वाला रोड एवं आसपास की गलियों में व्यापक स्वच्छता एवं निरीक्षण अभियान चलाया गया ताकि बारिश में जलभराव ना हो सके। नेता सदन एवं स्थायी समिति सदस्य जय भगवान यादव ने शुक्रवार को बताया कि आने वाले मानसून सीजन को देखते हुए पहले ही नालियों की सुपर शकर मशीन से सफाई की जा रही है। नेता सदन यादव ने कहा कि उनका एकमात्र संकल्प जनता की जलभराव संबंधी शिकायतों को दूर करना है। साथ ही जो कार्य निगम प्रशासन को असंभव लगते हैं उन्हें भी संभव बनाना है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी समस्या अथवा आवश्यक कार्य की जानकारी तुरंत दें, ताकि उसका समाधान 24 घंटे के भीतर सुनिश्चित करने का हर संभव प्रयास किया जा सके।

### थैलेसीमिया एक गंभीर आनुवंशिक बीमारी, जागरूकता आवश्यक

**नई दिल्ली।** थैलेसीमिया एक गंभीर आनुवंशिक बीमारी है, जिससे बचाव के लिए लोगों में जागरूकता बेहद आवश्यक है। दिल्ली नगर निगम के हिंदू राव अस्पताल की मेडिकल सुपरिटेंडेंट (एमएस) डॉ. सुमनलता मेंहदीरत्ता ने शुक्रवार को विश्व थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर अस्पताल में आयोजित जागरूकता एवं रक्तदान शिविर के दौरान यह बात कही। उन्होंने सलाह देते हुए कहा कि विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं को समय पर जांच करानी चाहिए ताकि सही जानकारी और सावधानी से इस बीमारी के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सके। एमएस डॉ. सुमनलता ने कहा कि समाज में थैलेसीमिया को लेकर जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को इस गंभीर बीमारी से बचाया जा सके। बताया गया कि कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को थैलेसीमिया जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक करना तथा मरीजों के लिए रक्त उपलब्धता सुनिश्चित करना था। अस्पताल प्रशासन के अनुसार शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और रक्तदान कर मानवता की सेवा का संदेश दिया।

### टैक्सी चालकों ने की परिवहन आयुक्त से भेंट

**नई दिल्ली।** दिल्ली टैक्सी टूरिस्ट ट्रांसपोर्टर्स एवं टूर ऑपरेटर्स एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को दिल्ली ईवी पॉलिसी 2026 को लेकर परिवहन आयुक्त निहारिका राय से भेंट की। संगठन अध्यक्ष संजय सम्राट ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली ईवी पॉलिसी 2026 ड्राफ्ट के अंतर्गत स्कूल बसों के अनिवार्य विद्युतीकरण से जुड़ी समस्याओं से अवगत कराया। जिसमें वर्ष 2028 से हर साल 10 प्रतिशत सीएनजी बसों को इलेक्ट्रिक बसों में बदलने के प्रस्ताव से हजारों ट्रांसपोर्टर्स आर्थिक संकट में आ जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्राइवेट स्कूल अभी से सीएनजी बसों को हटाना शुरू कर चुके हैं, जिससे ट्रांसपोर्टर्स, ड्राइवरों और कर्मचारियों के सामने रोजगार का बड़ा संकट खड़ा हो गया है।

## सीएम ने स्कूल में मिलीं खामियों पर अधिकारियों को लगाई फटकार

# दिल्ली के सभी सरकारी स्कूलों का होगा व्यापक 'स्ट्रक्चरल ऑडिट': रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार राजधानी के सभी सरकारी स्कूलों का व्यापक स्ट्रक्चरल ऑडिट कराएगी। इस बात की घोषणा शुक्रवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एक सरकारी स्कूल के निरीक्षण के दौरान की है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य स्कूलों में मौजूद कमियों और जरूरी सुविधाओं की वास्तविक स्थिति का पता लगाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऑडिट के दौरान स्कूल भवनों की मजबूती और सुरक्षा की जांच की जाएगी।

साथ ही पीने के पानी, शौचालय, साफ-सफाई और फायर सेफ्टी जैसी बुनियादी सुविधाओं का भी विस्तार से निरीक्षण होगा। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को एक सरकारी स्कूल का औचक निरीक्षण किया। यहां बुनियादी सुविधाओं को लेकर शिकायतें मिलने के बाद सरकार ने यह निर्णय लिया। निरीक्षण के दौरान मिली अव्यवस्थाओं को लेकर मुख्यमंत्री ने पिछली सरकार को भी घेरा। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने अपने शिक्षा मॉडल का खूब प्रचार किया, लेकिन जमीनी स्तर पर जरूरी काम नहीं किए। मुख्यमंत्री ने सुबह रूपनगर नंबर चार स्थित राजकीय सर्वोदय विद्यालय का औचक निरीक्षण कर स्कूल परिसर की व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया और उनसे पानी की व्यवस्था, फायर सेफ्टी, शौचालयों की स्थिति, साफ-सफाई, गर्मी से राहत के इंतजाम, शिक्षकों की उपलब्धता और शैक्षणिक व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि स्कूल में साफ पीने के पानी की उचित व्यवस्था नहीं है। वाटर कूलर और आरओ सिस्टम लंबे समय से खराब पड़े हैं, इसकी वजह से अधिकतर छात्र सीधे नल का पानी पीने को मजबूर हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री को यह भी बताया कि शौचालयों की स्थिति अत्यंत खराब है। कई टॉयलेट्स के दरवाजे टूटे हुए हैं। उनमें नियमित सफाई नहीं होती। शौचालयों में नियमित पानी की आपूर्ति भी नहीं होती।



**बच्चों की सुरक्षा से जुड़ी किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दाश्त : रेखा**

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने निरीक्षण के दौरान पाया कि स्कूल का फायर सेफ्टी सिस्टम भी काम नहीं कर रहा था। इन अनियमितताओं को देखते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा से जुड़ी किसी भी प्रकार की लापरवाही को बिल्कुल भी स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्कूल की सभी सुरक्षा व्यवस्थाओं में तत्काल प्रभाव से सुधार किया जाए। विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री के सामने शिक्षकों की कमी का मुद्दा भी उठाया।

# सरकारी स्कूलों में 11 मई से 30 जून तक अवकाश घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार शिक्षा निदेशालय ने राजधानी में बढ़ती गर्मी के प्रकोप को देखते हुए सभी सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश की घोषणा कर दी है। आधिकारिक आदेश के अनुसार इस वर्ष 11 मई से 30 जून 2026 तक स्कूल बंद रहेंगे। 9 और 10 मई को क्रमशः शनिवार और रविवार होने के कारण, अधिकांश स्कूलों में कल से ही अवकाश का माहौल रहेगा। छात्र 1 जुलाई को दोबारा स्कूल लौटेंगे।हालांकि प्राथमिक कक्षाओं के लिए पूरी तरह अवकाश रहेगा, लेकिन माध्यमिक स्तर के छात्रों के लिए विशेष शैक्षणिक व्यवस्था की गई है।

कक्षा 9वीं, 10वीं और 12वीं के छात्रों के लिए 11 मई से 23 मई तक रिमेडियल क्लासेज आयोजित की जाएंगी। ये कक्षाएं सुबह 7:30 बजे से 10:30 बजे तक चलेंगी, ताकि छात्र चिलचिलाती धूप से पहले घर लौट सकें। इसमें गणित और विज्ञान जैसे मुख्य विषयों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।निदेशालय ने स्पष्ट किया है कि रिमेडियल कक्षाओं में शामिल होने वाले छात्रों के लिए स्कूल यूनिफॉर्म पहनना अनिवार्य होगा। स्कूलों को निर्देश दिया गया है कि वे परिसर में ठंडे पेयजल की पुख्ता व्यवस्था रखें। इसके अतिरिक्त, जो छात्र छुट्टियों के दौरान पढ़ाई जारी रखना चाहते हैं, उनके लिए स्कूल की लाइब्रेरी खुली रहेगी। निजी स्कूलों ने भी इसी तर्ज पर अपनी छुट्टियां निर्धारित की हैं, जिससे करीब 50 दिनों का लंबा ब्रेक सुनिश्चित हुआ है।



- कक्षा 9वीं, 10वीं और 12वीं के छात्रों के लिए 11 मई से 23 मई तक रिमेडियल क्लासेज आयोजित की जाएंगी

## रविंद्र इंद्राज सिंह ने बवाना क्षेत्र का किया निरीक्षण

# व्यवस्थित कूड़ा प्रबंधन प्रणाली विकसित करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

कैबिनेट मंत्री और बवाना के विधायक रविंद्र इंद्राज सिंह ने क्षेत्र में कूड़े को लेकर मिली शिकायतों पर शुक्रवार को अधिकारियों को निर्देश दिए कि वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित कूड़ा प्रबंधन प्रणाली विकसित की जाए तथा आवश्यकता अनुसार उपयुक्त स्थानों की पहचान कर कॉम्पैक्टर लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा डालने की समस्या का स्थायी समाधान आवश्यक है ताकि नागरिकों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

गौरतलब है कि कैबिनेट मंत्री इंद्राज ने शुक्रवार को बवाना विधानसभा क्षेत्र के दीप विहार, प्रहलादपुर सहित विभिन्न गांवों एवं क्षेत्रों का संबंधित विभागों एवं एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ व्यापक संयुक्त निरीक्षण किया। इस संयुक्त निरीक्षण में रेवेन्यू विभाग के जिला अधिकारी, एसडीएम, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग, दिल्ली जल बोर्ड नगर निगम, दिल्ली विकास प्राधिकरण सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। इस संयुक्त निरीक्षण के दौरान मंत्री इंद्राज ने क्षेत्रवासियों से संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली देहात में विकास की जो लहर शुरू हुई है, वह रुकने वाली नहीं है और क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं का स्थायी समाधान सुनिश्चित करना दिल्ली सरकार की प्राथमिकता है।



### मच्छर जनित बीमारियों से निपटने के लिए निगम रहे तैयार: महापौर

**नई दिल्ली।** दिल्ली में मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए दिल्ली नगर निगम तैयार रहें। दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही ने शुक्रवार को मच्छर जनित बीमारियों से निपटने के लिए आयोजित समीक्षा बैठक के बाद मीडिया को यह जानकारी दी। बैठक में डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी मच्छर जनित बीमारियों से बचाव एवं रोकथाम के उपायों के बारे में चर्चा की गई। इस दौरान महापौर प्रवेश वाही ने मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए युद्धस्तर पर प्रयास करने के निर्देश दिए। इस उच्च स्तरीय बैठक के दौरान अतिरिक्त आयुक्त डॉ. सत्येंद्र सिंह दुरसावत, निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अशोक रावत, डॉ. लल्लन वर्मा और सभी 12 क्षेत्रों के उप स्वास्थ्य अधिकारी मौजूद रहे। महापौर ने कहा कि मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के कार्य में लगे सभी एमटीएस कर्मियों एवं मलेरिया निरीक्षकों की अच्छी तरह ट्रेनिंग की जाए ताकि उनका व्यवहार जनता के प्रति सौहाद्रपूर्ण एवं सहयोगी हो। महापौर प्रवेश वाही ने कहा कि प्रत्येक वार्ड में व्हाट्सऐप ग्रुपों के माध्यम से प्रतिदिन किए गए कार्यों की रिपोर्टिंग की जाए ताकि उनकी सही ढंग से निगरानी हो सके। महापौर प्रवेश वाही ने कहा कि प्रत्येक घर की जांच सही ढंग से की जाए। दिल्ली नगर निगम के पास कीटनाशक दवा का स्टॉक प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है और कीटनाशक दवा का छिड़काव सही तरीके से किया जाए। महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समय रहते सभी कार्रवाई पूरी कर लें जिससे आने वाला समय में दिक्कत न हो।

- दिल्ली नगर निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों की महापौर ने की समीक्षा

# 'आयुर्वेद चरक संस्थान में होम्योपैथी एवं यूनानी ओपीडी क्लीनिक शुरू करेगी दिल्ली सरकार'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में एकीकृत स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए दिल्ली सरकार चौधरी ब्रह्म प्रकाश आयुर्वेद चरक संस्थान (सीबीपीएसीएस) में होम्योपैथी एवं यूनानी ओपीडी क्लीनिक शुरू करेगी, जिससे एकीकृत आयुष आधारित वेलनेस एवं तनाव प्रबंधन सेवाओं को और अधिक मजबूती मिलेगी।

इस बात की जानकारी शुक्रवार को दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने दी है। उन्होंने बताया कि यह पहल दिल्ली सरकार के आयुष निदेशालय के माध्यम से शुरू की जा रही है, जिसका उद्देश्य आयुर्वेद, योग, होम्योपैथी और यूनानी सहित विभिन्न आयुष पद्धतियों के जरिए नागरिकों को समग्र एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। इस व्यवस्था के अनुसार ओपीडी सेवाओं के लिए डॉक्टरों और सहयोगी स्टाफ की तैनाती आयुष निदेशालय द्वारा की जाएगी। इन सेवाओं के संचालन से संबंधित खर्च भी निदेशालय ही वहन करेगा, जबकि सीबीपीएसीएस सेवाओं के सुचारू रूप से संचालन के लिए जरूरी स्थान और संस्थागत सहयोग उपलब्ध कराएगा। प्रस्तावित ओपीडी सेवाओं से आयुष आधारित वैज्ञानिक एवं समग्र उपचार पद्धतियों के माध्यम से तनाव प्रबंधन और वेलनेस सेवाओं को मजबूती मिलेगी। इस उद्देश्य से केंद्रीय आयुर्वेदिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, केंद्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद और केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद जैसे प्रमुख शोध संस्थानों को भी इस पहल से जोड़ा गया है। ये संस्थान तनाव प्रबंधन एवं समग्र स्वास्थ्य के प्रति इन पद्धतियों की प्रभावशीलता के संबंध में शोध और साक्ष्य जुटाने में भी सहयोग करेंगे। मंत्री डॉ. पंकज ने कहा कि इस पहल से तनाव प्रबंधन और पारंपरिक स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक मजबूती मिलने की उम्मीद है, क्योंकि इसके तहत मरीजों को एक ही मंच पर एकीकृत आयुष उपचार प्रणालियों तक पहुंच उपलब्ध हो सकेगी। नई ओपीडी सेवाओं की परिकल्पना दिल्ली सरकार की उस पारंपरिक एवं वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित स्वास्थ्य पद्धतियों को बढ़ावा देने की व्यापक प्रतिबद्धता के तहत की गई है।



# निगम विद्यालयों में स्वच्छता, पेयजल, शौचालय हो बेहतर

## उपमहापौर ने रामनगर वार्ड में किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम के विद्यालयों में स्वच्छता, पेयजल, शौचालय एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का समुचित रखरखाव सुनिश्चित किया जाए, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर एवं अनुकूल शैक्षणिक वातावरण प्राप्त हो सके। दिल्ली की उपमहापौर डॉ. मोनिका पंत ने शाहदरा उत्तरी क्षेत्र में रामनगर वार्ड स्थित निगम विद्यालय के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को यह निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, स्वच्छता व्यवस्था एवं विद्यार्थियों हेतु उपलब्ध व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय निगम पार्षद चंद्र प्रकाश शर्मा तथा शाहदरा उत्तरी क्षेत्र की उपायुक्त, ममता यादव सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान उप-महापौर ने क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी, नियमित एवं सुदृढ़ बनाया जाए, जिससे क्षेत्रवासियों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध हो सके।



# यमुना बाजार घाट क्षेत्र से लोगों को हटाने का मुद्दा, यमुनाघाट झुग्गियों में पहुंचे कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

यमुना बाजार घाट क्षेत्र से लगभग 310 परिवारों की बेदखली का मामला अब तूल पकड़ने लगा है। इस मामले पर शुक्रवार को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने सरकार को घेरते हुए कई सवाल खड़े किए। यादव की अगुवाई में दिल्ली कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल यमुना बाजार घाट क्षेत्र में बसे पीड़ित परिवारों से मिलने पहुंचा। इस मौके पर यादव ने कहा कि कांग्रेस लगभग 310 परिवारों की बेदखली को रोकने के लिए हर संभव मदद करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा की दिल्ली सरकार एनजीटी के आदेश का सहारा लेकर गरीबो को उजाड़ना चाहती है। एमसीडी द्वारा घर खाली करने का नोटिस भेजना भाजपा की गरीब विरोधी चेहरे को उजागर करता है। यादव ने कहा कि यहां से उजाड़न वाले परिवारों में कई घर तो आजादी से पहले से रहते हैं। लेकिन भाजपा की दिल्ली सरकार द्वारा एनजीटी के आदेश का सहारा लेकर पीड़ियों से 32 घाटों पर रहने वाले इन लोगों को हटाने के लिए 15 दिन का नोटिस भेजा है। यादव के साथ संगठन महासचिव अनिल भारद्वाज, उपाध्यक्ष मुदित अग्रवाल, सोशल मीडिया चेयरमैन राहुल शर्मा सहित अन्य मौजूद थे। यादव ने कहा कि दिल्ली में रेखा गुप्ता सरकार ने सत्ता संभालते ही झुग्गी झौंपडी कालोनियों में रहने वाले गरीबों को उजाड़ने का काम किया है। उन्होंने कहा कि अगर इन लोगों को यहां से उजाड़ दिया तो इन गरीब लोगों के सामने अजीविका का संकट खड़ा हो जाएगा और यह लोग बेरोजगार हो जाएंगे। इनके बच्चों की पढ़ाई लिखाई पूरी तरह प्रभावित होगी और खाने पीने का संकट खड़ा हो जाएगा।



## रोजाना आवागमन करने वाले यात्रियों को मिलेगी राहत : रेखा

# दिल्ली-फरीदाबाद के बीच एमईएमयू रेल सेवा को मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के अनुरोध पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दिल्ली और फरीदाबाद के बीच नई मेनलाइन इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट (एमईएमयू) रेल सेवा संचालित करने को स्वीकृति प्रदान कर दी है।

मुख्यमंत्री ने इस निर्णय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय रेल मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे दिल्ली और फरीदाबाद के बीच प्रतिदिन आवागमन करने वाले हजारों यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी।मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि फरीदाबाद और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग प्रतिदिन रोजगार, शिक्षा, व्यापार और अन्य कार्यों के लिए दिल्ली आते हैं। लंबे समय से स्थानीय नागरिकों और दैनिक यात्रियों द्वारा अतिरिक्त और सुविधाजनक रेल सेवा की मांग की जा रही थी। मौजूदा परिवहन व्यवस्था पर अत्यधिक दबाव होने के कारण यात्रियों को भीड़, देरी और असुविधा का सामना करना पड़ता था। एमईएमयू सेवा शुरू होने से यात्रियों को तेज, सुलभ और किफायती सार्वजनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार आम नागरिकों की दैनिक आवश्यकताओं और यातायात संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए केंद्र सरकार के साथ समन्वय बनाकर लगातार कार्य कर रही है। डबल इंजन सरकार के प्रयासों से दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में परिवहन एवं कनेक्टिविटी से जुड़ी परियोजनाओं को नई गति मिल रही है। यह नई रेल सेवा न केवल यात्रियों का समय बचाएगी, बल्कि सड़क यातायात के दबाव को कम करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उल्लेखनीय है कि मेनलाइन इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट (एमईएमयू) भारतीय रेलवे की आधुनिक इलेक्ट्रिक यात्री रेल सेवा है, जिसे मुख्य रेल मार्गों पर कम और मध्यम दूरी के दैनिक आवागमन के लिए विकसित किया गया है। यह ईएमयू रेल सेवा का विस्तारित रूप है, जिसका उपयोग शहरों के भीतर नहीं बल्कि शहरों और आसपास के कस्बों के बीच बेहतर कनेक्टिविटी के लिए किया जाता है। इन रेलगाड़ियों में पारंपरिक ट्रेनों की तरह अलग इंजन नहीं होता, बल्कि मोटर कोच ही पूरी ट्रेन को शक्ति प्रदान करते हैं, जिससे ये बार-बार रुकने वाले मार्गों पर अधिक कुशलता से संचालित होती हैं। एमईएमयू रेलगाड़ियां सामान्यतः 100 से 110 किलोमीटर प्रति घंटा तक की गति से चलती हैं और दैनिक यात्रियों, कर्मचारियों, छात्रों तथा कामकाजी लोगों के लिए किफायती, तेज और सुविधाजनक परिवहन विकल्प मानी जाती हैं, क्योंकि इनमें यात्रियों के चढ़ने-उतरने की सुविधा अधिक सहज होती है और कम दूरी की यात्रा अपेक्षाकृत तेज, किफायती तथा सुविधाजनक बनती है।




### रोड पॉल्यूशन कंट्रोल प्रोग्राम से सड़कों की होगी रियल-टाइम निगरानी : सिरसा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) ने रोड पॉल्यूशन कंट्रोल प्रोग्राम की शुरुआत की है। इस बात की जानकारी पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने शुक्रवार को दी है। उन्होंने बताया कि इस मिशन के तहत दिल्ली की लगभग 18 हजार किलोमीटर सड़कों पर प्रदूषण हॉटस्पॉट, धूल और कचरा जलाने जैसी घटनाओं की रियल-टाइम ट्रैकिंग की जाएगी। हर जिले में 13 समर्पित फील्ड सर्वेयर तैनात किए गए हैं, जो रोजाना सड़कों का व्यवस्थित सर्वे करेंगे। यह वैज्ञानिक प्रोग्राम वायु प्रदूषण के 11 प्रमुख कारणों की निगरानी करेगा। इनमें टूटी सड़कें, फुटपाथ की धूल, खुले में कचरा या प्लास्टिक जलाना, निर्माण सामग्री का अवैध भंडारण, और बिना पक्के पार्किंग स्थल शामिल हैं। सर्वेयर एमसीडी-311 मोबाइल ऐप का उपयोग कर प्रतिदिन कम से कम 70 जियो-टैग्ड और फोटो आधारित शिकायतें दर्ज करेंगे। लक्ष्य यह है कि पूरे शहर में प्रतिदिन लगभग 1 हजार प्रदूषण संबंधी मुद्दों की पहचान कर उन्हें तुरंत हल किया जा सके।इस सिस्टम की सबसे बड़ी विशेषता इसकी ऑटोमेटेड शिकायत रूटिंग है। जैसे ही सर्वेयर ऐप पर फोटो अपलोड करेगा, वह बिना किसी देरी के सीधे संबंधित विभाग के पास पहुंच जाएगी।



## खबर संक्षेप

### चोरीशुदा बाइक सहित आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा एनआईटी की टीम ने एक वाहन चोर को गिरफ्तार कर उस से चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद की है। आरोपी की पहचान रवि निवासी संत नगर ओल्ड फरीदाबाद के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता अनुसार अनिल कुमार निवासी संजय कॉलोनी फरीदाबाद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 21 जनवरी को उसकी मोटरसाइकिल को कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया।

### 360 ग्राम गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखाओं की टीम द्वारा अवैध नशा पर लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। 7 मई को क्राईम ब्रांच ऊंचा गांव की टीम ने 360 ग्राम गांजा सहित एक आरोपी को काबू किया है। पहचान अमन कुमार निवासी दिलशाद कॉलोनी दिल्ली हाल राजीव कॉलोनी फरीदाबाद के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि 7 मई को क्राईम ब्रांच ऊचा गांव की टीम ने अपने गुप्त अमन कुमार को गुडगांव नहर, सेक्टर-3 के पास से काबू किया है।

### अवैध हथियार रखने वाले 2 गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** अपराध बॉर्डर की टीम ने अलग.अलग स्थानों पर कार्रवाई कर ते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 2 देसी कट्टे व 2 कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि 7 मई को क्राइम ब्रांच बॉर्डर की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए मोहित कुमार निवासी संजय कॉलोनी फरीदाबाद को अवैध देसी कट्टा व एक जिंदा कारतूस सहित दुर्गा बिल्डर रोड नजदीक प्रिंस वाटिका से गिरफ्तार किया है। वहीं एक अन्य मामले में आशीष वासी सुर्या विहार फरीदाबाद को देसी कट्टा व एक जिंदा कारतूस सहित सुर्या विहार पार्ट-2 क्षेत्र से गिरफ्तार किया है।

# तंबाकू छोड़ो, जिंदगी से नाता जोड़ो, सखी संघ स्कूल में गूंजा जागरूकता का संदेश, बच्चों-शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर लिया भाग

**आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं और किशोरों को जागरूक करना**

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

युवाओं और किशोरों को तंबाकू एवं नशे की लत से दूर रखने के उद्देश्य से एबीएसएस फीमेल विंग फरीदाबाद और इनर व्हील क्लब ऑफ फरीदाबाद सेंट्रल की ओर से सेक्टर-14 स्थित सखी संघ एनजीओ स्कूल में एक प्रभावशाली तंबाकू विरोधी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों, शिक्षकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा तंबाकू छोड़ो, जिंदगी से नाता जोड़ो का संदेश




पूरे उत्साह के साथ दिया। कार्यक्रम की शुरुआत एबीएसएस फीमेल विंग फरीदाबाद की प्रेसिडेंट एवं क्विट क्यूक संस्था की संस्थापक डॉ. प्रियंका के प्रेरणादायक संबोधन से हुई। बच्चों को सरल और प्रभावशाली शब्दों में तंबाकू, गुटखा, सिगरेट और अन्य नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज देश में तेजी से बढ़ रहे मुंह के कैंसर के मामलों का मुख्य कारण तंबाकू का सेवन है और यदि समय रहते युवा पीढ़ी को जागरूक नहीं किया गया तो यह एक गंभीर सामाजिक समस्या बन सकती है।

### स्कूल परिसर में जागरूकता रैली निकाली

इसके बाद स्कूल परिसर और आसपास के क्षेत्र में एक जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में बच्चों ने पूरे उत्साह और जोश के साथ से नो टू टेबको, यस टू लाइफ तथा तंबाकू छोड़ो, जिंदगी से नाता जोड़ो जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। बच्चों के हाथों में जागरूकता संदेश लिखी तख्तियां और पोस्टर भी थे, जिन्होंने कार्यक्रम को और अधिक प्रभावशाली बना दिया। अभियान समाज में सकारात्मक बदलाव लाने महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है इस अवसर पर रेनू ठक्कर एवं मिस बरार विशेष रूप से उपस्थित रहीं। वहीं कुसुम मेहता, अनामिका बंसल, डा. वंदना सेठ और मनप्रीत कौर ने भी कार्यक्रम में भाग लेकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने कहा कि इस तरह के जागरूकता अभियान समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**परियोजना में मानकों का पालन नहीं किया जाता है तो एजेंसी को ब्लैकलिस्ट करने तक की होगी कार्रवाई**

# निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की पूरी तरह जांच नहीं हो जाती, तब तक भुगतान जारी नहीं होगा: आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

नगर निगम फरीदाबाद के आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा के निर्देशों पर एनएचपीसी चौक से लिंक रोड तक बनाई जा रही सड़क में घटिया सामग्री के उपयोग की शिकायत मिलने के बाद निगम प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए सड़क के खराब हिस्से को ठेकदार से उखड़वाकर दोबारा निर्माण कराने की प्रक्रिया शुरू करा दी है।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार लगभग 1.88 करोड़ रुपए की लागत से तैयार की जा रही इस सड़क के निर्माण कार्य



को लेकर स्थानीय लोगों द्वारा गुणवत्ता पर सवाल उठाए गए थे। शिकायत मिलने के बाद नगर निगम के मुख्य अभियंता एवं संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके का निरीक्षण किया गया। जांच में पाया गया कि सड़क के कुछ हिस्सों में निर्माण कार्य की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं है। निरीक्षण के बाद निगम प्रशासन ने तुरंत प्रभाव से संबंधित निर्माण कंपनी को कार्य रोकने के निर्देश दिए और जहां-जहां घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है, वहां सड़क को उखाडक़र दोबारा निर्माण करने के आदेश जारी किए गए। इसके बाद निर्माण एजेंसी द्वारा सड़क की खुदाई शुरू कर दी गई है ताकि निर्धारित मानकों के अनुसार पुनः निर्माण कार्य किया जा सके। उसके साथ ही सड़क निर्माण कार्य के दौरान एनएचपीसी चौक से बाईपास रोड तक एक महीने के लिए ट्रैफिक को रोकने के लिए पुलिस विभाग को पत्र जारी किया गया है। उन्होंने कहा की कई बार सड़क निर्माण करने के बाद देखा गया है की नई सड़क से वाहन निकलना शुरू हो जाते हैं जबकि सड़क पूरी तरह से परिपक्व नहीं होती, जिससे सड़क खराब हो जाती है।

# ट्रंप की अनुमति बिना एक शब्द भी नहीं बोल सकते मोदी: राहुल गांधी

**गुरुग्राम।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि मोदी ट्रंप की अनुमति के बिना एक शब्द भी नहीं बोल सकते। जनता में इतना आक्रोश है कि नरेंद्र मोदी का अस्तित्व ही नहीं टिकेगा। राहुल गांधी ने ये बातें शुक्रवार को गुरुग्राम में पूर्व हिसार सांसद बृजेंद्र सिंह की सद्भावना यात्रा में लगभग एक किलोमीटर पैदल चलने के बाद खांडसा रोड पर एक जनसभा को संबोधित करते हुए कही। राहुल गांधी के यात्रा में शामिल होने के बावजूद, कुछ वरिष्ठ कांग्रेस नेता कार्यक्रम से दूर रहे। पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला, पूर्व सांसद राज बब्बर और कई अन्य नेता इस कार्यक्रम में शामिल हुए। नरेंद्र मोदी ने आपका सारा डेटा अमेरिका को सौंप दिया।



भारत को कुछ नहीं मिला। हमारा टैक्स बढ़ गया, उनका टैक्स शून्य हो गया। इसके दो कारण हैं, पहला कारण एपस्टीन है। नरेंद्र मोदी का पूरा इतिहास उनकी फाइलों में है। ट्रंप ने कहा था कि वह नरेंद्र मोदी का करियर एक मिनट में खत्म कर देंगे। दूसरा कारण अडानी है, जिसके खिलाफ अमेरिका में आपराधिक मामला दर्ज किया गया है। यह मामला अडानी के खिलाफ नहीं, नरेंद्र मोदी के खिलाफ है। नरेंद्र मोदी और अडानी एक ही हैं।

**वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं**

# गुरुग्राम विवि में नई शिक्षा नीति के तहत यूजी की 670 सीटों के लिए आवेदन शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

गुरुग्राम विश्वविद्यालय में यूजी पाठयक्रमों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। विवि के कुलपति डॉ. संजय कौशिक के मुताबिक विश्वविद्यालय ने नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए नई शिक्षा नीति 2020 के अनुसार स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी




है। यूजी पाठयक्रमों में दाखिला लेने के इच्छुक छात्र गुरुग्राम विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकतें है।

**बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों ने अभिभावकों का मन मोह लिया**

# हमारे जीवन की पहली शिक्षक मां पढ़ाती हैं नैतिकता का पाठ: चौहान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

सेक्टर-99 गढ़ी-हरसरू स्थित रॉयल इंटरनेशनल स्कूल में मातृ दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने गीत, कविता एवं मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी माताओं के प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त किया। बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी अभिभावकों का मन मोह लिया और पूरे वातावरण को भावनाओं से भर दिया। विद्यालय के निदेशक विजय सिंह चौहान ने कहा कि मां का स्थान जीवन में सर्वोच्च होता है। मां ही बच्चों को संस्कार, प्रेम और जीवन जीने की सही दिशा प्रदान करती है। हर दिन मां का ही दिन है। मां सिर्फ एक शब्द नहीं,




बल्कि प्यार, त्याग और समर्पण की प्रतिमूर्ति हैं। वह हमारे जीवन की सबसे पहली शिक्षक होती हैं। मां हमें सही रास्ता दिखाती हैं और नैतिकता का पाठ पढ़ाती हैं। एक मां निस्वार्थ भाव से अपने बच्चों की खुशियों के लिए अपने सुखों का त्याग करती हैं। जब हम मुश्किल में होते हैं तो मां ही सबसे बड़ा सहारा होती हैं, जो निस्वार्थ प्यार से हमें संभालती हैं। अपनी मां का हमेशा सम्मान करें और उनकी सेवा करें। हर किसी के जीवन में मां का आशीर्वाद बहुत महत्व रखता है। विद्यालय की प्रधानाचार्या आकांक्षा यादव ने अपने संबोधन में कहा कि मां समाज का सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ है, क्योंकि वही बच्चे की पहली गुरु होती है।

**क्राईम ब्रांच सेक्टर-30 ने 12.50 लाख रुपए बरामद किए**

# पैसे छीनने की झूठी सूचना देने वाला कर्मचारी पकड़ाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

अपराध शाखा सेक्टर-30 की टीम ने 12.5 लाख रुपए लूटने की झूठी सूचना देकर गुमराह करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर 12,50,000 रुपए बरामद करने में सफलता हासिल की है। आरोपी की पहचान नवल किशोर निवासी गांव दरियापुर जिला इलाहाबाद उत्तर प्रदेश हाल पांडव नगर दिल्ली के रूप में हुई है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि शैलेश राम निवासी पड़पड़गंज, ईस्ट दिल्ली ने थाना सेंट्रल में शिकायत दी थी कि उसने अपनी कंपनी में काम करने वाले कर्मचारी नवल किशोर को 6 मई 2026 को 13 लाख रुपए दिल्ली से फरीदाबाद किसी व्यक्ति को देने के लिए भेजा था। नवल किशोर शाम के समय स्कूटी पर पैसे लेकर निकला था। शाम करीब 7.15 बजे नवल किशोर ने फोन कर बताया कि दिल्ली-मथुरा हाईवे स्थित बाटा चौक फ्लाईओवर, फरीदाबाद के पास दो बाइक सवार पैसों से भरा बैग छीनकर फरार हो गए। नवल की इस कहानी पर शिकायतकर्ता को शक हुआ और छानबीन करने पर पता चला कि नवल ने ही 13 लाख रुपए का गबन करने के उद्देश्य से झूठी सूचना दी थी। शिकायत के आधार पर थाना सेंट्रल में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि वह काफी समय से शिकायतकर्ता की कम्पनी में काम कर रहा था। 6 मई को 13 लाख रुपए लेकर निकलने के बाद उसने दिल्ली स्थित अपने घर पर ही पैसे छिपा दिए थे और फिर फरीदाबाद पहुंचकर उसने कहानी रचकर पैसे छीनने बारे सूचना शिकायतकर्ता को दी।

**निगम कर्मचारियों की हड़ताल आठवें दिन भी रही जारी**

# शहर में लगे कूड़े और गंदगी के ढेर, जनता परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

नगर निगम मुख्यालय पर 1 मई से चल रही हड़ताल के कर्मचारियों को संबोधित करते हुए संघ के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि 10 मई तक कर्मचारियों की मांगों का समाधान करवाए अन्यथा 11 मई से संघ इस हड़ताल को आगे बढ़ाएगा। नगर निगम के कर्मचारियों की हड़ताल आज आठवें दिन भी जारी रही। हड़ताल के चलते शहर में सफाई सीवर का काम पूरी तरह से बंद शहर के मुख्य बाजारों में कूड़े के ढेर लगे हुए हैं एवं कॉलोनी की गलियों में नालियों का पानी सडक़ों पर आया बदबू और गंदगी से जनता का हुआ बुरा हाल। निगम कर्मचारियों ने नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर आज नगर निगम मुख्यालय पर विशाल आक्रोश सभा कर सरकार की वायदा खिलाफी एवं हठधर्मिता के खिलाफ लगाए नारेबाजी की। इस प्रदर्शन में



नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने नगर निगम मुख्यालय पर कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सरकार को दी चेतावनी और कहा कि सरकार पालिका, परिषद, निगमों एवं फायर कर्मचारियों का शोषण कर रही है, फायर के कर्मचारी जो पिछले एक महीने से हड़ताल पर है, उन कर्मचारियों की मांगों का समाधान करने एवं शहीद भवी चंद व रणबीर को न्याय देने की सरकार की मंशा नहीं है।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr. Pc/84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **भूपिंदर** पत्नी कमल शर्मा, निवासी ई–73, पीरागढ़ी कैंप, रोहतक रोड़, पश्चिम विहार, दिल्ली ने **CC No. 2612/2021 U/s 138 NI Act** के अंतर्गत **थाना : तिलक नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है या संदेह है कि उसने किया है और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **भूपिंदर,** मिल नही रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **भूपिंदर,** फरार हो गयी है या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रही है

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC No. 2612/2021 U/s 138 NI Act थाना : तिलक नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **भूपिंदर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **11.06.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**अंशुल सिंघल,**
**जेएमएफसी–04, (पश्चिम), कमरा नंबर 268,**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/6094/WD/2026**
**(Court notice)**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुमित उर्फ कल्लू** पुत्र वीरेंद्र, निवासी ओ.बी.सी. बैंक वाली गली, ग्राम खेड़ा कलां, दिल्ली ने प्रथम रिपोर्ट सूचना सं. 167/18 धारा 392/411/34 भा.द.स., थाना स्वरूप नगर, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सुमित उर्फ कल्लू** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सुमित उर्फ कल्लू** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम रिपोर्ट सूचना सं. 167/18 धारा 392/411/34 भा.द.स., थाना स्वरूप नगर, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **सुमित उर्फ कल्लू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **29.07.2026** को हाजिर हो।

**आदेशानुसार: सुश्री ज्योति नैन,**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–07,**
**कमरा नं. 6, प्रथम तल,**
**रोहिणी न्यायालय, दिल्ली**

**DP/6100/ON/2026**

## सार्वजनिक सूचना

**ICICI Bank** पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पाडरा रोड, वडोदरा-390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआइ बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, मुम्बई 400051

### स्वर्ण नीलामी एवं आमंत्रण सूचना

नीचे वर्णित कर्जदार(ों) को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड से स्वर्ण आभूषणों के तहत प्राप्त किए गए ऋण के तहत बकाया देय राशि का भुगतान करने के लिये एक सूचना जारी की गई थी।

देय राशि के पुनर्भुगतान में विफल रहने की वजह से, गिरवीकृत स्वर्ण आभूषणों की नीलामी 08 जून 2026 को आयोजित की जाएगी। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी नियम व शर्तें सम्बन्धित कानूनी वारिस(ों) के लिये लागू होंगी।

| ऋण अकाउंट नम्बर | कर्जदार का नाम | नीलामी शाखा पता |
|---|---|---|
| शाखा का नाम : अग्रोहा | | आईसीआईसीआई बैंक लि., खसरा नंबर 191//11/1/2, एनएच-10 सिरसा रोड, अग्रोहा, ज़िला-हिसार, हरियाणा - 125047 |
| 093357000370 | पारस ना | |
| शाखा का नाम : अम्बाला कैंट - गुलाटी मार्केट | | आईसीआईसीआई बैंक लि., दुकान नंबर 14/15/86, ग्रीन पार्क, गुलाटी मार्केट, महेश नगर, अंबाला कैंट, अंबाला ज़िला, हरियाणा-133001 |
| 139857000083 | प्रदीप सिंह | |
| शाखा का नाम : बराड़ा, हरियाणा | | आईसीआईसीआई बैंक लि., पुलिस स्टेशन के सामने, मेन रोड, बराड़ा-133202 |
| 359562001614 | राम प्रसाद | |
| शाखा का नाम : भट्टू मण्डी, हरियाणा | | आईसीआईसीआई बैंक लि., डी.एस.एस.-69, हुडा कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, भट्टू मंडी, ज़िला फतेहाबाद, हरियाणा-125053 |
| 359362003534 | प्रीतम प्रीतम | |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद-एनआईटी | | |
| 102557000400 | मोहित कुमार भारद्वाज | आईसीआईसीआई बैंक लि., दुकान नंबर 5-ए, नेहरू ग्राउंड (नेहरू पार्क), एन.आई.टी. फरीदाबाद, हरियाणा-121001 |
| 102557000287 | निखिल सचदेवा | आईसीआईसीआई बैंक लि., दुकान नंबर 5-ए, नेहरू ग्राउंड (नेहरू पार्क), एन.आई.टी. फरीदाबाद, हरियाणा-121001 |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद-सेक्टर-7 | | आईसीआईसीआई बैंक लि., एससीओ प्लॉट नंबर 43, निर्मल दीप बिल्डिंग, सेक्टर-7, बल्लभगढ़, फरीदाबाद, फरीदाबाद जिला, हरियाणा-121006 |
| 107957000100 | दुरईमुरुगन मुथु | |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद-सेक्टर-15 - हुडा मार्केट | | आईसीआईसीआई बैंक लि., एससीएफ नंबर 62, एससीएफ नंबर 63, सेक्टर 15, मेन हुडा मार्केट, फरीदाबाद, हरियाणा-121008 |
| 166057000047 | अरविन्द सिंह | |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद-सेक्टर-16 | | आईसीआईसीआई बैंक लि., बूथ नंबर 104-105, डिस्ट्रिक्ट सेंटर, सेक्टर 16, फरीदाबाद, हरियाणा 121007 |
| 008357001171 | मोनिका द्वारकाप्रसाद शर्मा | |
| शाखा का नाम : गुड़गांव - न्यू रेलवे रोड | | आईसीआईसीआई बैंक लि., 559/1-ए, ग्राउंड फ्लोर, दयानंद कॉलोनी, न्यू रेलवे रोड, गुड़गांव, हरियाणा-122001 |
| 424457000035 | रामअवतार शर्मा | |
| शाखा का नाम : गुड़गांव - बादशाहपुर | | आईसीआईसीआई बैंक लि., खेवट नंबर 402/451 का भाग, मुस-95, किला नंबर 105 (2-10), बादशाहपुर, गुरुग्राम, हरियाणा 122001 |
| 085857000070 | विश्वजीत कुमार | |
| शाखा का नाम : गुड़गांव - सेक्टर-93 | | आईसीआईसीआई बैंक लि., दुकान नंबर 75 और 76, जेएमएस क्रॉसवॉक, सेक्टर 93, गुरुग्राम, हरियाणा-122005 |
| 589157000004 | मधुमिता चटर्जी | |
| 589157000005 | मधुमिता चटर्जी | |
| शाखा का नाम : गुड़गांव - सेक्टर-14 | | आईसीआईसीआई बैंक लि., एससीओ 18 19, हुडा शॉपिंग सेंटर, सेक्टर 14 मार्केट कॉम्प्लेक्स, गुड़गांव, हरियाणा-122001 |
| 002157001487 | दीपक त्रिवेदी | |
| शाखा का नाम : गुरूग्राम - एमजी रोड | | आईसीआईसीआई बैंक लि., ग्राउंड फ्लोर-1, ब्लॉक-इ, वाटिका फर्स्ट इंडिया पैलेस, एमजी रोड, गुरुग्राम, हरियाणा 122001 |
| 433357000006 | अमित कुमार द्विवेदी | |
| शाखा का नाम : हिसार-सेक्टर-14 | | आईसीआईसीआई बैंक लि., एससीओ-10, सेक्टर-14, हिसार, हरियाणा-125001 |
| 337757000251 | विरेन्द्र सिंह | |
| शाखा का नाम : हिसार | | आईसीआईसीआई बैंक लि., प्लॉट नंबर 5760, कमला पैलेस रोड, रेड स्क्वायर मार्केट, हिसार, हरियाणा-125001 |
| 017257000120 | रितेश कुमार | |
| 017257000123 | रितेश कुमार | |
| शाखा का नाम : कालांवाली, हरियाणा | | आईसीआईसीआई बैंक लि., खेवट नंबर 1193, खतौनी नंबर 2623, तहसील कॉम्प्लेक्स के सामने, डबवाली रोड, कालांवाली, ज़िला सिरसा, हरियाणा-125201 |
| 359862001590 | बालकरण सिंह | |
| शाखा का नाम : कुरुक्षेत्र | | आईसीआईसीआई बैंक लि., एससीओ 78, सेक्टर 17, कुरुक्षेत्र, कुरुक्षेत्र ज़िला, हरियाणा-136118 |
| 059457000056 | मुनीष कुमार | |
| 059457000089 | नवदीप सिंह | |
| 059457000129 | नवदीप सिंह | |
| शाखा का नाम : मानेसर | | आईसीआईसीआई बैंक लि., सेक्टर-1, हुडा शॉपिंग सेंटर, मानेसर, ज़िला गुड़गांव, हरियाणा-122050 |
| 661862601310 | मीनू देवी | |
| शाखा का नाम : नरलापुर | | आईसीआईसीआई बैंक लि., डोर नं. 1-100/16, नरलापुर गाँव, निजामपेट मंडल, ज़िला मेडक, तेलंगाना- |
| 223362000239 | गोधुरी दुर्गेश | |
| शाखा का नाम : नारनौल | | आईसीआईसीआई बैंक लि., #843, वार्ड नंबर 1, डी.सी. आवास के सामने, महेंद्रगढ़ रोड, नारनौल, महेंद्रगढ़ जिला, हरियाणा-123001 |
| 159057000136 | सत्येन्द्र सिरोहा | |
| शाखा का नाम : निसिंग, हरियाणा | | आईसीआईसीआई बैंक लि., 197/201-3, सिविल अस्पताल के सामने, मेन रोड, निसिंग, जिला-करनाल, हरियाणा-132024 |
| 358662001672 | रोबिन कुमार | |
| शाखा का नाम : पलवल | | आईसीआईसीआई बैंक लि., 1750, न्यू कॉलोनी रोड, आगरा चौक, पलवल, हरियाणा-121102 |
| 073457000108 | शरद कुमार देम्बला | |
| 073457000201 | उमेश गोयल | |
| शाखा का नाम : पेहोवा | | आईसीआईसीआई बैंक लि., दुकान नंबर 403 405, वार्ड नंबर 5. न्यू कैथल रोड, पेहोवा-136128 |
| 073057000354 | सुखवीर सिंह | |
| शाखा का नाम : रेवाड़ी | | आईसीआईसीआई बैंक लि., 2497, नई बस्ती, जीवली बाजार, कानोड गेट, रेवाड़ी 123401 |
| 662062600885 | कैलाश चंद | |
| शाखा का नाम : रोहतक - सनसिटी | | आईसीआईसीआई बैंक लि., ए/12, सनसिटी सुपरमार्ट, सनसिटी, सेक्टर 36, रोहतक, हरियाणा-124001 |
| 724457000013 | सोमिया मलिक | |
| शाखा का नाम : सोनीपत-सेक्टर-15 | | आईसीआईसीआई बैंक लि., एससीओ-156, सेक्टर-15, सोनीपत, सोनीपत जिला, हरियाणा 131001 |
| 252657000050 | देवेन्द्र | |
| शाखा का नाम : टोहाना | | आईसीआईसीआई बैंक लि., 56सी/3, चंडीगढ़ रोड, टोहाना जिला फतेहाबाद हरियाणा-125120 |
| 282857000103 | जोनी जोनी | |
| शाखा का नाम : यमुनानगर-बाईपास चौक | | आईसीआईसीआई बैंक लि., 1116-4, बाईपास चौक, जगाधरी रोड, यमुना नगर, हरियाणा- 135001 |
| 254357000042 | अमरजीत कौर | |
| शाखा का नाम : खनौरी, पंजाब | | आईसीआईसीआई बैंक लि., सतनाम फिलिंग स्टेशन के पास, नरवाना रोड, खनौरी, जिला संगरूर, पंजाब-148027 |
| 356162002158 | अमित अमित | |
| शाखा का नाम : पटना - भूतनाथ रोड | | आईसीआईसीआई बैंक लि., न्यू बहादुरपुर हाउसिंग कॉलोनी, भूतनाथ रोड, रोड, जिला पटना, बिहार-800026 |
| 238257000078 | अन्नपूर्णा रानी | |

नीलामी ऊपर तालिका में वर्णित पते/पतों पर और तिथि/तिथियों को आयोजित की जाएगी। समय : अप. 3.00 बजे - अप. 6.00 बजे।

कृपया ध्यान दें कि आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी की तिथि/स्थान/नीलामी का मोड परिवर्तित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

इच्छुक पार्टियां नीलामी के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु उपरोक्त शाखा/शाखाओं में पधार सकते हैं।

दिनांक : 09.05.2026
स्थान : फरीदाबाद, अम्बाला, गुरूग्राम, हिसार, करनाल, सिरसा, सोनीपत, महेन्द्रगढ़, रेवाड़ी, फतेहाबाद, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, पलवल, रोहतक

भवदीय, हस्ता/- प्राधिकृत हस्ताक्षरी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

## आठ करोड़ से अधिक की धोखाधड़ी के तार उजागर

# अंतर्राष्ट्रीय साइबर धोखाधड़ी गिरोह का किया भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



शाहदरा साइबर पुलिस ने अंतर्राष्ट्रीय साइबर धोखाधड़ी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। आठ करोड़ से अधिक की धोखाधड़ी की बात सामने आई है। इस धोखाधड़ी में शामिल 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी पाकिस्तान और चीन में बैठकर टेलीग्राम ग्रुप के जरिए ठगों की तलाश करते थे। इनसे 18 मोबाइल फोन, 19 सिम कार्ड, एक लैपटॉप, तीन एटीएम कार्ड, चार चेक बुक और दो मोहरें बरामद हुई है।

डीसीपी राजेंद्र प्रसाद मीणा के अनुसार कुछ समय पहले गीता कॉलोनी के एक होटल में ठहरे कुछ व्यक्तियों द्वारा संदिग्ध साइबर धोखाधड़ी गतिविधियों के संबंध में एक गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी। कार्रवाई स्वरूप छापा मारा गया। इस अभियान के दौरान विभिन्न राज्यों से ताल्लुक रखने वाले कई व्यक्ति अलग-अलग कमरों में ठहरे हुए पाए गए। पूछताछ और तलाशी के बाद 12 व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया था, जिन्होंने एक संगठित साइबर धोखाधड़ी गिरोह में अपनी संलिप्तता स्वीकार की थी। ये आरोपी नौकरी के प्रस्ताव और अन्य आर्थिक प्रलोभन देने के बहाने भोले भाले लोगों के साथ धोखाधड़ी करने में लिप्त थे। केस दर्ज कर सरगनाओं की तलाश शुरू की गई। जांच से पता चला कि आरोपी व्यक्ति तेलंगाना, पंजाब, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, बिहार, असम और मध्य प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से संबंध रखते थे और सोशल मीडिया ग्रुप के जरिए मुख्य हैंडलर प्रदीप उर्फ अल्फा और किंग उर्फ तेजपाल सिंह उर्फ तेजी के निर्देशों के तहत बेहद सुनियोजित तरीके से काम कर रहे थे। इस सिंडिकेट ने धोखाधड़ी से हासिल किये पैसे को इधर-उधर करने के लिए 'म्यूल बैंक खातों' का इस्तेमाल किया था। एक बैंक खाता 40 एनसीआरपी शिकायतों से जुड़ा पाया गया, जिसमें 1.5 करोड़ की राशि शामिल थी, जबकि अन्य खाते कई राज्यों की अलग-अलग शिकायतों से जुड़े थे। बरामद किया गया एक बैंक एटीएम कार्ड 3 करोड़ की धोखाधड़ी से जुड़ा था। कुल मिलाकर वित्तीय लेन-देन के ब्योरे से पता चलता है कि यह धोखाधड़ी 8 करोड़ से ज्यादा की है। आखिर में दो और आरोपियों प्रदीप और गेवी को लुधियाना, पंजाब से गिरफ्तार किया गया, जिससे कुल गिरफ्तारियों की संख्या 14 हो गई।

■ धोखाधड़ी में शामिल 14 आरोपी गिरफ्तार

## निजी कंपनी के सीईओ पर पूर्व इंटर्न ने लगाया यौन उत्पीड़न का आरोप

**नई दिल्ली।** दक्षिण जिले की साकेत पुलिस ने एक निजी कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के खिलाफ महिला से यौन उत्पीड़न के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है। आरोप लगाने वाली महिला कंपनी में गत वर्ष इंटर्न के रूप में कार्य कर चुकी है। महिला ने अपनी शिकायत में यौन उत्पीड़न, धमकाने और अधिकारों के दुरुपयोग का आरोप लगाया है। पुलिस के अनुसार, महिला ने कंपनी में अपनी इंटर्नशिप अवधि के दौरान सीईओ पर अनुचित व्यवहार, मानसिक उत्पीड़न और शत्रुतापूर्ण कार्य वातावरण बनाने का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी द्वारा उसे धमकाया गया और बार-बार दुर्व्यवहार किया गया, जिसके कारण उसे पुलिस के पास आना पड़ा। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच के तहत संबंधित लोगों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। पुलिस ने कहा कि वे आरोपों से संबंधित सभी तथ्यों और परिस्थितियों की पुष्टि कर रहे हैं। मामले में आगे की जांच जारी है।

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **जावेद खान, पुत्रः अली मोहम्मद, पताः डी–1/504, सुल्तानपुरी, दिल्ली** ने **FIR No. 537/2023, U/s 33 Delhi Excise Act, पुलिस थाना पश्चिम विहार ईस्ट, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **जावेद खान** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **जावेद खान** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 537/2023, U/s 33 Delhi Excise Act, पुलिस थाना पश्चिम विहार ईस्ट, दिल्ली** के अभियुक्त **जावेद खान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.06.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार – सुश्री मोक्ष बैंस**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी**
**कमरा नं. 31, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

DP/5855/OD/2026

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अगमणि भट्टाचार्य**, अधिकृत प्रतिनिधि, वोमेन्स मोक्षा, निवासी एच–1559, चितरंजन पार्क, नई दिल्ली ने सीटी सं. 12860/2017 धारा 138 एन.आई. एक्ट, थाना सरोजनी नगर, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अगमणि भट्टाचार्य** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अगमणि भट्टाचार्य** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr. P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि सीटी सं. 12860/2017 धारा 138 एन.आई. एक्ट, थाना सरोजनी नगर, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **अगमणि भट्टाचार्य** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **30.06.2026** को हाजिर हो।

**आदेशानुसारः सुश्री विजयश्री राठौर,**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–05, (दक्षिण)**
**कमरा नं. 13,**
**पटियाला हाउस न्यायालय, नई दिल्ली**

DP/6052/SW/2026

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दीपक** पुत्र संजय, निवासी मकान नं. ई–1/1, नंद नगरी, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 394/2018 धारा 33/58 शस्त्र अधिनियम, थाना वेलकम, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **दीपक** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **दीपक** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 394/2018 धारा 33/58 शस्त्र अधिनियम, थाना वेलकम, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **दीपक** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **06.07.2026** को हाजिर हो।

**आदेशानुसारः सुश्री दीपाक्षी राणा,**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03,**
**कमरा नं. 19, प्रथम तल, शाहदरा,**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

DP/5956/NE/2026

## वायुसेना अधिकारी बनकर ठगी करने वाले मेवाती गिरोह के चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



अपराध शाखा ने मेवात आधारित एक साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस गिरोह के जालसाज कथित तौर पर भारतीय वायुसेना के अधिकारी बनकर व्यापारी वर्ग के साथ ठगी कर रहे थे। पुलिस ने शुक्रवार को सिम कार्ड उपलब्ध कराने वाले और बिचौलियों सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार एक शिकायतकर्ता ने अपराध शाखा से संपर्क कर आरोप लगाया कि औद्योगिक श्रेणी की सामग्री 'एल्यूमिनस लैटेराइट' की आपूर्ति के बहाने उससे पांच लाख रुपये से अधिक की धोखाधड़ी की गई है। आरोपियों ने कथित तौर पर सेना और भारतीय वायुसेना के वरिष्ठ अधिकरी बनकर पीड़ित का विश्वास जीतने के लिए जाली खरीद ऑर्डर भेजे थे। शिकायतकर्ता को सामग्री वायुसेना स्टेशन भेजने के लिए कहा गया और बाद में उसे बताया गया कि उसका नाम मंजूरी प्राप्त विक्रेताओं की सूची में नहीं है तथा विक्रेता पंजीकरण और खाता सत्यापन के लिए पैसे जमा करने को कहा गया। गड़बड़ी की आशंका होने पर शिकायतकर्ता ने पुलिस को सूचना दी। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि धोखाधड़ी में इस्तेमाल हुए सिम कार्ड उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर और अलीगढ़ में जारी किए गए थे, जबकि तकनीकी निगरानी से पता चला कि इनका इस्तेमाल हरियाणा के मेवात क्षेत्र के नूंह जिले में स्थित कुछ खास स्थानों पर किया जा रहा था। गिरफ्तार आरोपियों के नाम बुलंदशहर के मनीष (22), अलीगढ़ के कौशल (22) तथा नूंह के आमिर उर्फ बुरहान (24) तथा रिजवान अहमद (30) है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने खुलासा किया कि इसी तरह की धोखाधड़ी में शामिल लोगों को लगभग 30 सिम कार्ड और छह बैंक खाते उपलब्ध कराए गए थे। पुलिस ने कहा कि जांच जारी है तथा अभी और भी गिरफ्तारी होने की संभावना है।

## स्कूल कर्मचारी पर तीन वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म का आरोप

**नई दिल्ली।** पश्चिम दिल्ली के एक निजी स्कूल के अंदर एक कर्मचारी ने तीन वर्षीय बच्ची के साथ कथित रूप से बलात्कार किया। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को जानकारी दी और बताया कि यह घटना एक मई को तब सामने आई थी जब पीड़िता की मां ने जनकपुरी थाने में शिकायत दर्ज कराई। महिला ने आरोप लगाया कि उनकी बेटी का स्कूल के समय में विद्यालय के अज्ञात कर्मचारी ने यौन उत्पीड़न किया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर, भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(1) (बलात्कार के लिए सजा) और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस के अनुसार, बच्ची ने आरोपी की पहचान कर ली, जिसके चलते उसे तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया। बाद में उसे मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया और न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने कहा कि आरोपी को द्वारका की एक अदालत ने सात मई को जमानत दे दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि अभियोजन पक्ष के कड़े विरोध के बावजूद जमानत दी गई। अधिकारी ने कहा कि अदालत के आदेश की प्रति अभी नहीं मिली है और जैसे ही यह मिलेगी इसका अध्ययन किया जाएगा और आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## भलस्वा डेयरी इलाके में युवक की चाकू घोंपकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

बाहरी उत्तरी दिल्ली के भलस्वा डेयरी इलाके में 18 वर्षीय एक लड़के की गुरुवार देर शाम चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। वारदात को करीब आधा दर्जन लोगों ने अंजाम दिया। वारदात के बाद सभी फरार है। पुलिस ने घटनास्थल से कई सबूत और दो लावारिस मोटरसाइकिल बरामद की है। भलस्वा डेयरी थाने की कई टीमें मामला दर्ज कर आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए जांच कर रही हैं। भलस्वा डेयरी थाने में गुरुवार रात करीब आठ बजे एक युवक को मृत अवस्था में अस्पताल लाया गया था। डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस टीम अस्पताल पहुंची जहां पता चला कि मृतक झुग्गी कलंदर कॉलोनी, भलस्वा डेयरी का निवासी था और उसे उसका दोस्त अस्पताल लेकर पहुंचा था। शाम लगभग 7:30 बजे भलस्वा डेयरी में 'तंदूर वाली गली' के पास उसके साथ मारपीट की गई और उसे चाकू से वार कर घायल किया गया। क्राइम और फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की टीम ने भी घटनास्थल का मुआयना किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस ने घटनास्थल से कई सबूत और दो लावारिस मोटरसाइकिल बरामद कीं। भलस्वा डेयरी थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई हैं।

## नकली सीमेंट बनाने वाली दो फैक्ट्रियों पर छापा, एक अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने उत्तर-पूर्वी इलाकों में नकली सीमेंट बनाने वाली दो अवैध फैक्ट्रियों का भंडाफोड़ किया है। इस सिलिसले में 25 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। अल्ट्राटेक सीमेंट के नाम पर ग्राहकों से धोखाधड़ी की जा रही थी।

पुलिस के अनुसार सीमेंट कंपनी अल्ट्राटेक के अधिकृत प्रतिनिधि की शिकायत के बाद मंडोली औद्योगिक क्षेत्र और जवाहर नगर औद्योगिक क्षेत्र में छापेमारी की गई। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि रात के समय नकली पैकेजिंग सामग्री का उपयोग करके बड़े पैमाने पर नकली सीमेंट का उत्पादन किया जा रहा है। इसके बाद छापेमारी की कार्रवाई अमल में लाई गई। एक शख्स को पकड़ा। आरोपी की पहचान रिजवान के रूप में हुई है, जो अवैध इकाइयों की कथित तौर पर देखरेख कर रहा था। पुलिस के अनुसार खराब सीमेंट में राख मिलाकर नकली सीमेंट तैयार किया जाता था और इसके बाद ब्रांडेड कंपनियों के नाम छपे बोरियों में भरकर बाजार में आपूर्ति की जाती थी। छापेमारी के दौरान पुलिस ने 2725 खाली बोरियां और नकली सीमेंट से भरी 341 बोरियां जब्त कीं। इन 341 बोरियों पर कंपनी का नाम फर्जी तरीके से लिखा हुआ था। पुलिस ने भारी मात्रा में मिलावटी सीमेंट, खराब सीमेंट की लगभग 1,780 बोरियां और नकली उत्पाद के निर्माण में कथित रूप से इस्तेमाल होने वाली राख से भरी 420 प्लास्टिक की बोरियां भी जब्त कीं।

## एलजी अपने पुराने कॉलेज जेएनयू पहुंचे पुरानी यादें सांझा कर छात्रों को दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू शुक्रवार को अपने पुराने कॉलेज जेएनयू पहुंचे और पुरानी यादें साझा करते हुए छात्रों को संदेश दिया। इस अवसर पर एलजी के अलावा जेएनयू की वीसी शांति श्री डी. पंडित, डीन अमिताभ मट्टू, एसोसिएट डीन व एसआईएस प्रो. शरद सोनी, संयोजक प्रो. प्रीति सिंह व विशिष्ट संकाय सदस्य, अतिथिगण और छात्र मौजूद थे। इस अवसर अपने संबोधन में एलजी संधू ने कहा कि जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में वापस आना, हमेशा एक अत्यंत व्यक्तिगत अनुभव रहा है। यह केवल एक अकादमिक स्थान नहीं है, बल्कि वह स्थान है, जहाँ विचारों को आकार मिला। जहाँ दृष्टिकोणों को चुनौती दी गई और जहाँ मेरे जीवन के कुछ सबसे महत्वपूर्ण और निर्णायक वर्ष व्यतीत हुए। आज हम जिन अनेक प्रश्नों पर चर्चा कर रहे हैं, उनमें शहर, शासन-प्रशासन, पहचान और भविष्य, उनसे हमारा पहला परिचय और उन पर पहली बहस, इसी तरह के स्थानों पर हुई थी। जैसे-जैसे भारत विश्व पटल पर अपनी स्थिति को पुनर्परिभाषित कर रहा है, वैसे ही उसकी राजधानी के भविष्य के बारे में सोचना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। एलजी ने कहा कि राजधानी दिल्ली केवल एक शहर मात्र नहीं है, यह एक जीवंत सभ्यतागत गाथा है। इंद्रप्रस्थ की भव्यता से लेकर शाहजहानाबाद की सांस्कृतिक समृद्धि तक, लुटियंस की दिल्ली की परिकल्पना से लेकर एक आधुनिक वैश्विक राजधानी की आकांक्षाओं तक दिल्ली ने सदियों के इस सफर में लगातार स्वयं को नए सिरे से गढ़ा है और आज, हम उसी यात्रा के एक और निर्णायक मोड़ पर खड़े हैं। उन्होंने कहा कि जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत के शहर विकास के इंजन बन रहे हैं। दिल्ली जितनी अधिक आधुनिक, सुविधाजनक और बेहतर ढंग से जुड़ी हुई बनेगी, विश्व पटल पर भारत का आत्मविश्वास उतना ही अधिक सशक्त रूप से दिखाई देगा। यह दृष्टिकोण हमें याद दिलाता है कि दिल्ली का कायाकल्प केवल बुनियादी ढांचे तक सीमित नहीं है, बल्कि यह वैश्विक स्तर पर भारत के आत्मविश्वास और नेतृत्व को प्रदर्शित करने का भी एक माध्यम है। जैसे-जैसे भारत आत्मविश्वास के साथ एक अग्रणी वैश्विक शक्ति बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, वैसे ही दिल्ली को भी विकसित होना होगा।

## पीएम मोदी के स्मार्ट और स्वच्छ शहर विजन के तहत तकनीक आधारित व्यवस्था पर जोरः चहल



■ मानसून से पहले एनडीएमसी की बड़ी तैयारी, जलभराव रोकने के लिए व्यापक कार्ययोजना लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने आगामी मानसून सीजन को देखते हुए राजधानी के वीआईपी क्षेत्र में जलभराव की समस्या से निपटने और नागरिक सुविधाओं को सुचारु बनाए रखने के लिए व्यापक मानसून कार्ययोजना-2026 लागू कर दी है। एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने शुक्रवार को इस कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि यह योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "सुरक्षित, स्वच्छ और स्मार्ट शहरी प्रशासन" के विजन के अनुरूप तैयार की गई है। कुलजीत सिंह चहल ने बताया कि कार्ययोजना में मानसून से पहले की तैयारियां, बारिश के दौरान आपातकालीन प्रबंधन और मानसून के बाद क्षतिग्रस्त ढांचे की मरम्मत को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि एनडीएमसी क्षेत्र में नागरिकों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए पूरी टीम दिन-रात काम कर रही है। उपाध्यक्ष चहल ने जानकारी दी कि एनडीएमसी ने 31 मार्च 2026 तक पहले चरण की 100 प्रतिशत डी-सिल्टिंग पूरी कर ली है, जबकि दूसरा चरण 15 जून 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके तहत नालों, स्टॉर्म वाटर चौनलों, बेल माउथ और गली ट्रैप की व्यापक सफाई और गाद निकासी का कार्य तेजी से चल रहा है।

### ड्रेनेज नेटवर्क की जीआईएस मैपिंग भी शुरू

उपाध्यक्ष चहल ने बताया कि एनडीएमसी ने भूमिगत ड्रेनेज नेटवर्क की जीआईएस मैपिंग भी शुरू कर दी है। इसमें बेल माउथ, गली ट्रैप, कनेक्टिंग पाइप, मैनहोल और ब्रिक बैरल ड्रेन को डिजिटल रूप से मैप किया जा रहा है, जिससे जलभराव वाले क्षेत्रों की पहचान और निगरानी अधिक प्रभावी ढंग से की जा सकेगी।

## पांडव को न्याय दिलाने के लिए कांग्रेस गली गली निकालेगी उनकी अस्थियों की कलश यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने घोषणा की है कि पुलिस की गोली से मारे गए मृतक पांडव कुमार को न्याय दिलाने के लिए उनकी अस्थियों की कलश यात्रा दिल्ली की हर गली , हर कूचे में निकाली जाएगी। इस मुद्दे पर बिहार से सांसद पप्पू यादव का साथ भी प्रदेश कांग्रेस कमेटी को मिला। इस मामले पर शुक्रवार को प्रदेश कार्यालय में प्रैस वर्ता में देवेन्द्र यादव व पप्पू यादव के अलावा मृतक पांडव कुमार के बड़े भाई राहुल मौजूद थे। इस अवसर पर यादव ने मांग रखते हुए कहा कि केंद्र सरकार पुलिस हेड कांस्टेबल की गोली से मरने वाले मृतक पांडव कुमार के परिवार को एक करोड़ का मुआवजा तथा एक सदस्य को सरकारी नौकरी दे। उन्होंने कहा कि इसके अलावा दोषी पुलिस कर्मचारी को जल्द से जल्द सजा दिलाई जाए। यादव ने कहा कि दिल्ली कांग्रेस, पांडव कुमार की अस्थियों को लेकर उनके परिवार सहित दिल्ली के हर गली कूचे में अस्थी कलश यात्रा निकालेंगी। इस अवसर पर सांसद पप्पू यादव ने कहा कि दिल्ली पुलिस अधिकारी द्वारा पांडव कुमार की हत्या की जिम्मेदारी सरकार को लेनी चाहिए। क्योंकि दिल्ली पुलिस केन्द्रीय गृहमंत्रालय के अंतर्गत आती है। पप्पू यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पूरी क्षमता के साथ पीड़ित परिवार की परेशानियों में उनको आर्थिक, कानूनी और मानवीय मदद करेगी, हम इनके साथ है। लेकिन अभी 13 दिन बीतने के बाद भी दिल्ली सरकार की तरफ से पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने या मुआवजे की कोई घोषणा नही होना अत्यंत दुखद और पूर्वांचल के लोगों के प्रति भाजपा की सोच को उजागर करता है।

### सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank

पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पादरा रोड, वडोदरा-390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआइ बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, मुम्बई 400051

### स्वर्ण नीलामी एवं आमंत्रण सूचना

नीचे वर्णित कर्जदार(ों) को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड से स्वर्ण आभूषणों के तहत प्राप्त किए गए ऋण के तहत बकाया देय राशि का भुगतान करने के लिये एक सूचना जारी की गई थी।

देय राशि के पुनर्भुगतान में विफल रहने की वजह से, गिरवीकृत स्वर्ण आभूषणों की नीलामी 08 जून 2026 को आयोजित की जाएगी। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी नियम व शर्तें सम्बन्धित कानूनी वारिस(ों) के लिये लागू होंगी।

| ऋण अकाउंट नम्बर | कर्जदार का नाम | नीलामी शाखा पता |
|---|---|---|
| शाखा का नाम : दिल्ली-19, नेहरू प्लेस | | आईसीआईसीआई बैंक लि., 19, चावला हाउस, नेहरू प्लेस, दिल्ली- 110019 |
| 418057000075 | रजत पांडे | |
| शाखा का नाम : दिल्ली-कुतब इंस्टीट्यूशन एरिया | | आईसीआईसीआई बैंक लि., 125, मेन रोड, कटवारिया सराय, दिल्ली- 110016 |
| 410957000038 | अंकित अंकित | |
| शाखा का नाम : दिल्ली-शास्त्री नगर | | आईसीआईसीआई बैंक लि., ईई-2/252, 253, मेन रोड, शास्त्री नगर, नई दिल्ली-110052 |
| 388857000051 | आदेश कुमार | |
| शाखा का नाम : दिल्ली-द्वारका सेक्टर-12 | | आईसीआईसीआई बैंक लि., प्लॉट नंबर 19, सेक्टर-12 ए, बाल भारती स्कूल के सामने, द्वारका, नई दिल्ली-110075 |
| 342857000062 | श्रुति त्यागी | |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली - बी के दत्त मार्केट | | आईसीआईसीआई बैंक लि., जे2/6, बी के दत्त मार्केट, राजौरी गार्डन, नई दिल्ली-110027 |
| 458105000194 | सिमरनदीप कौर | |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली - द्वारका | | आईसीआईसीआई बैंक लि., एचआई स्क्वायर, प्लॉट नंबर 6, सेक्टर 5 एमएलयू, द्वारका, नई दिल्ली-110075 |
| 025057000180 | मनीष वर्मा | |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली - युसुफ सराय | | आईसीआईसीआई बैंक लि., जी1, जी2, जी3, बी2, भनोट हाउस, गुलमोहर कम्युनिटी सेंटर, यूसुफ सराय, नई दिल्ली-110049, दिल्ली |
| 731657000063 | अनीता नेगी | |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली - भजनपुरा | | आईसीआईसीआई बैंक लि., बी45/6, मेन वजीराबाद रोड, भजनपुरा, दिल्ली-110053 |
| 136005001954 | मोहम्मद उमर | |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली - भोगाल | | आईसीआईसीआई बैंक लि., 25-ए, हॉस्पिटल रोड, जंगपुरा, नई दिल्ली - 110014 |
| 165057000175 | शिब्बु राम | |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली - कम्यूनिटी सेंटर | | आईसीआईसीआई बैंक लि., 33, कम्युनिटी सेंटर, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, नई दिल्ली-110025 |
| 004662020483 | मोहम्मद अली | |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली - करोल बाग | | आईसीआईसीआई बैंक लि., 2692, डी.बी. गुप्ता रोड, करोल बाग, नई दिल्ली-110005 |
| 629157006915 | पारस नाथ | |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली - लॉरेंस रोड | | आईसीआईसीआई बैंक लि., सी 34/4, लॉरेंस रोड इंडस्ट्रियल एरिया, लॉरेंस रोड, नई दिल्ली दिल्ली-110035 |
| 083062003553 | करिश्मा मेहरा | |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली - लॉरेंस रोड | | आईसीआईसीआई बैंक लि., सी 34/4, लॉरेंस रोड इंडस्ट्रियल एरिया, लॉरेंस रोड, नई दिल्ली दिल्ली-110035 |
| 083057000114 | विक्रम कुमार | |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली-लोक विहार | | आईसीआईसीआई बैंक लि., 168, लोक विहार, पीतमपुरा, नई दिल्ली 110034 |
| 169457000179 | नीरज कुमार तिवारी | |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली - मयूर विहार-फेज-II | | आईसीआईसीआई बैंक लि., प्लॉट नंबर 3, एलएससी मयूर विहार फेज II, निकट नीलम माता मंदिर, दिल्ली 110091 |
| 212257000038 | अविनाश गौर | |
| 212257000048 | अविनाश गौर | |
| 212257000049 | अविनाश गौर | |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली - पश्चिम विहार | | आईसीआईसीआई बैंक लि., बी368, मीरा बाग, पश्चिम विहार, नई दिल्ली 110063 |
| 028857000115 | नीतु नीतु | |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली - रोहिणी सेक्टर-24 | | आईसीआईसीआई बैंक लि., म. नं. 4, पॉकेट 15ए, सेक्टर-24, रोहिणी, दिल्ली 110085 |
| 082857000101 | विशाका | |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली - सदर बाजार | | आईसीआईसीआई बैंक लि., 4865-66, फूटा रोड, सदर बाजार, नई दिल्ली-110006 |
| 629505044087 | रूब्बी कुमारी | |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली - सरस्वती विहार | | आईसीआईसीआई बैंक लि., ए-21, ग्राउंड फ्लोर, पुष्पांजलि एन्क्लेव, पीतमपुरा, दिल्ली-110034 |
| 072457000097 | संदीप | |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली - सुन्दर नगर | | आईसीआईसीआई बैंक लि., 19, सुंदर नगर, नई दिल्ली-110003 |
| 040057000030 | शशि सरकार | |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली-विकासपुरी | | आईसीआईसीआई बैंक लि., जी-12, विकासपुरी, नई दिल्ली-110018 |
| 629657008497 | दीपक पाठक | |
| 629657008496 | प्रमोद कुमार | |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली - यमुना विहार | | आईसीआईसीआई बैंक लि., सी1/13ए, यमुना विहार, दिल्ली-110053 |
| 113557000097 | मोहम्मद दानिश | |
| 113557000102 | मोहम्मद दानिश | |
| शाखा का नाम : गुरूग्राम-एमजी रोड | | आईसीआईसीआई बैंक लि., ग्राउंड फ्लोर-1, ब्लॉक-बी, वाटिका फर्स्ट इंडिया पैलेस, एमजी रोड, गुरुग्राम, हरियाणा 122001 |
| 433357000006 | अमित कुमार द्विवेदी | |

नीलामी ऊपर तालिका में वर्णित पते/पतों पर और तिथि/तिथियों को आयोजित की जाएगी। समय : अप. 3.00 बजे - अप. 6.00 बजे। कृपया ध्यान दें कि आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी की तिथि/स्थान/नीलामी का मोड परिवर्तित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। इच्छुक पार्टियां नीलामी के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु उपरोक्त शाखा/शाखाओं में पधार सकते हैं।

दिनांक : 09.05.2026
स्थान : सेंट्रल दिल्ली, नॉर्थ-ईस्ट दिल्ली, साउथ दिल्ली, साउथ-ईस्ट दिल्ली, साउथ-वेस्ट दिल्ली, वेस्ट दिल्ली, नॉर्थ-वेस्ट दिल्ली, ईस्ट दिल्ली, दिल्ली

भवदीय, हस्ता/- प्राधिकृत हस्ताक्षरी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# फोर्स 3 के लिए हर्षवर्धन कर रहे कड़ी मेहनत...



**मुंबई।** अभिनेता हर्षवर्धन राणे फिल्म 'फोर्स 3' के एक्शन सींस के लिए किसी सुनसान इलाके में कड़ी ट्रेनिंग कर रहे हैं। न्यूटन के गति के दूसरे नियम का हवाला देते हुए उन्होंने अपने सह-कलाकारों जॉन अब्राहम और तान्या मानिकतला के साथ वर्कआउट वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में 42 साल के हर्षवर्धन ट्राइसेप्स के लिए बैंड एक्सरसाइज करते दिख रहे हैं, फिर भारी वजन उठाकर अपनी पीठ, कंधों और बाइसेप्स की ट्रेनिंग करते दिख रहे हैं। आखिर में शोल्डर श्रग्स से अपना वर्कआउट पूरा किया। हर्षवर्धन ने बताया कि मुंबई जाने में रोजाना दोनों तरफ से 5 घंटे से ज्यादा समय लग जाता है।

लाइफ Style

# अनीत

## शक्ति शालिनी से लुक आया सामने

'सैयारा' फेम अभिनेत्री अनीत पड्डा इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'शक्ति शालिनी' की शूटिंग में बिजी हैं। उनकी फिल्म की शूटिंग के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'सैयारा' फेम अभिनेत्री अनीत पड्डा इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'शक्ति शालिनी' की शूटिंग में बिजी हैं। उनकी फिल्म की शूटिंग के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं। एक वीडियो दतिया का है, जहां इस फिल्म की शूटिंग चल रही है। इससे पहले एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें से उनका पहला लुक सामने आया था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। दावा है कि यह वीडियो मध्यप्रदेश के दतिया का है। यहां अनीत पड्डा की अपकमिंग फिल्म 'शक्ति शालिनी' की शूटिंग हो रही है। वीडियो में नजर आ रहा है कि एक मंदिर नुमा इमारत बनी है। इसके आस-पास कई लोग चहलकदमी कर रहे हैं। यहां कैमरे और लाइट का भी इंतजाम है। माहौल बिल्कुल शूटिंग वाला है। लगभग एक हफ्ते पहले भी सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था। दावा था कि यह वीडियो भी 'शक्ति शालिनी' का है। वीडियो में नजर आ रहा था कि कुछ लोग स्कूल ड्रेस में कहीं जा रहे हैं। इसमें अनीत पड्डा भी नजर आ रही थीं। वह स्कूल की ड्रेस में थीं। एक व्यक्ति ने उनके ऊपर छतरी लगाई हुई थी। ख्याल रहे कि पिछले साल अनीत पड्डा को फिल्म 'शक्ति शालिनी' में लीड एक्ट्रेस के तौर पर चुना गया था।



हॉलीवुड मसाला

# मौत से पहले शेयर किया था डांस वीडियो



**लॉस एंजिल्स।** मनोरंजन की दुनिया से एक बेहद दुखद और चौंकाने वाली खबर आ रही है। 'द ओनली वे इज एसेक्स' के फेम जेक हॉल का स्पेन में निधन हो गया है। वह महज 35 साल के थे। इंटरनेट की दुनिया में हर कोई स्तब्ध है। इसकी वजह ये है कि मौत से कुछ ही घंटे पहले जेक हॉल इंस्टाग्राम स्टोरी पर वीडियो पोस्ट कर रहे थे, नाच रहे थे, पेंटिंग कर रहे थे। उनके दोस्तों का कहना है कि स्पेन टूर के दौरान जेक अपने करीबियों के साथ एक बेहतरीन समय बिता रहे थे। ऐसे में किसी ने कल्पना भी नहीं की थी कि रियलिटी टीवी स्टार को लेकर यह दुखद खबर आएगी।




# फीफा वर्ल्ड कप के लिए शकीरा ने दिखाई नए गाने की झलक

**लॉस एंजिल्स।** कोलंबियाई सिंगर शकीरा अपने गानों और डांस की वजह से चर्चा में रहती हैं। वह अपने गानों से दुनियाभर के लोगों को झूमने पर मजबूर करती हैं। शकीरा ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर अपने एक नए गाने का टीजर शेयर किया है। शकीरा ने अपने इंस्टाग्राम पर अपने गाने का एक मिनट का टीजर शेयर किया है। इसमें वह कई कलाकारों के साथ शानदार डांस कर रही हैं। टीजर शेयर करते हुए शकीरा ने लिखा 'माराकाना स्टेडियम से, पेश है दाई दाई फीफा वर्ल्ड कप 2026 का ऑफिशियल गाना। इस छोटे से वीडियो में, शकीरा माराकाना स्टेडियम के मैदान पर डांसर्स के साथ नजर आती हैं। वह इंग्लिश में गाती हैं, 'यहां इस जगह पर / तुम ही हो,' एक पुरुष की आवाज उनके साथ सुर मिलाती है 'जिस चीज ने तुम्हें एक बार तोड़ दिया था, उसी ने तुम्हें मजबूत बनाया।'



# आखिरी सवाल का ट्रेलर रिलीज...

**मुंबई।** संजय दत्त पिछली कई फिल्मों में धमाल मचा चुके हैं। अब वह अपनी अपकमिंग फिल्म 'आखिरी सवाल' में भी धमाल मचाने वाले हैं। यह जल्द ही रिलीज होने वाली है। इससे पहले इसका ट्रेलर रिलीज किया गया है। 2 मिनट 54 सेकेंड के ट्रेलर में दिखाया गया है कि संजय दत्त एक प्रोफेसर की भूमिका में हैं। वह काफी सुलझे हुए और बातचीत में यकीन रखने वाले व्यक्ति हैं। वहीं दूसरी तरफ समीरा रेड्डी और नमाशी चक्रवर्ती हैं। इन दोनों का ताल्लुक लेफ्ट स है। नमाशी चक्रवर्ती संजय दत्त से देश के कई बड़े मुद्दों को लेकर सवाल पूछते हैं। ट्रेलर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ी ऐतिहासिक घटनाओं पर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। इसमें महात्मा गांधी की हत्या में आरएसएस की कथित संलिप्तता, बाबरी मस्जिद विध्वंस और इमरजेंसी जैसे संवेदनशील विषयों के बारे में सवाल पूछे गए हैं।



# अगली फिल्म बॉडी स्वैपिंग कॉमेडी पर आधारित

**मुंबई।** शाहिद कपूर जल्द ही एक नई और मजेदार फिल्म में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म का निर्देशन अमित शर्मा कर रहे हैं, जो बधाई हो और मैदान जैसी फिल्मों के लिए प्रसिद्ध हैं। शाहिद की आगामी फिल्म एक रोमांटिक कॉमेडी है, जो बॉडी स्वैपिंग पर आधारित होगी। यह एक साइंस-फिक्शन फिल्म है। इसकी कहानी इटली की एक पुरानी फिल्म 'हस्बैंड एंड वाइफ' से मिलती-जुलती है।इसमें एक पति-पत्नी तलाक की कगार पर हैं। एक वैज्ञानिक का प्रयोग गलत हो जाता है और दोनों का शरीर आपस में बदल जाता है। अब पति पत्नी के शरीर में और पत्नी पति के शरीर में रहकर एक-दूसरे की जिंदगी जीने को मजबूर हो जाते हैं। इस दौरान वे हंसी-मजाक के साथ एक-दूसरे को बेहतर तरीके से समझने लगते हैं। फिल्म में कॉमेडी और परिवार का ड्रामा सब कुछ होगा।

टीवी मसाला



# गुल्लक के पांचवे सीजन का टीजर रिलीज, कास्ट में बड़ा बदलाव...

**नई दिल्ली।** टीवीएफ की पॉपुलर सीरीज 'गुल्लक' का चौथा सीजन साल 2024 में आया था, और तभी से दर्शक मिश्रा परिवार के दरवाजे फिर से खुलने और पांचवें सीजन के आने का इंतजार कर रहे थे। इंतजार खत्म हो गया है क्योंकि 'गुल्लक' के पांचवे सीजन का टीजर आ गया है। यह जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लीव पर स्ट्रीम किया जाएगा। हालांकि, इस बार कास्ट में बड़ा फेरबदल हुआ है, जो झटका देने वाला है। अन्नू मिश्रा के रोल में अब एक्टर अनंत वी जोशी नजर आएंगे। उन्होंने वैभव राज गुप्ता को रिप्लेस किया है। वैभव पिछले चार सीजन से 'गुल्लक' सीरीज का हिस्सा थे। अन्नू मिश्रा उर्फ अन्नू भैया के रोल में वैभव राज गुप्ता दर्शकों के दिलों में बस गए थे। अब वैभव की जगह 'गुल्लक सीजन 5' में अनंत वी जोशी की एंट्री हुई है, जो हाल ही 'मामला लीगल है' के दूसरे सीजन में नजर आए और खूब तारीफें बटोरीं। अनंत वी. जोशी कमाल के एक्टर हैं और कई सीरीज-फिल्में कर चुके हैं, पर फैंस का मानना है कि वह अन्नू मिश्रा के रोल में वैसे नहीं जम रहे, जैसे वैभव राज गुप्ता थे। 'गुल्लक' के पांचवे सीजन की कास्ट वही पुरानी वाली है। इसमें गीतांजलि कुलकर्णी, हर्ष मायर, जमील खान और सुनीता रजवार वापसी कर रही हैं। अब बात करते हैं 'गुल्लक सीजन 5' के टीजर की, तो इसमें दिखाया गया है कि मिश्रा परिवार के छोटे बेटे अमन मिश्रा पढ़ाई के बाद छुट्टियों में घर लौटते हैं, तो जैसे रौनक लौट आती है। मिश्रा परिवार अमन का स्वागत करता है। फिर नए अन्नू मिश्रा की एंट्री होती है, जो अनंत जोशी बने हैं।

## द वार्ड से होस्टिंग में डेब्यू करेंगी रुबीना

**नई दिल्ली।** मूविंग इमेज स्टूडियोज ने अपने नए नॉन-फिक्शन शो 'द वार्ड'की घोषणा कर दी है, जिसे रुबीना दिलैक होस्ट करेंगी। यह एक रियलिटी शो है, जो मां बनने की भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक सच्चाइयों को बहुत सही तरीके से दिखाएगा। इस शो में 10 गर्भवती महिलाएं 10 दिनों तक एक छत के नीचे रहेंगी। इस शो को मेटरनिटी वार्ड जैसी सेटिंग में फिल्माया गया है। यह शो, मां बनने की राह पर उनकी असली भावनाओं, विचारों और रिश्तों को ईमानदारी से दिखाएगा। ये महिलाएं अलग-अलग क्षेत्रों से आई हैं। वे धीरे-धीरे अपने निजी अनुभव साझा करेंगी, एक-दूसरे से जुड़ेंगी और बातें करेंगी। इन बातों में शामिल होंगे- समाज की उम्मीदें, लड़कियों के प्रति भेदभाव, करियर की चाहत, परिवार में बदलते रिश्ते और मां बनने की चुनौतियां।



# पर्सन ऑफ द ईयर का मिला अवॉर्ड

*हार्वर्ड साउथ एशियन एसोसिएशन ने सयानी गुप्ता को एक बड़े सम्मान से नवाजा है। एसोसिएशन ने उनकी काफी तारीफ की है। अभिनेत्री ने कई फिल्मों में बेहतरीन काम करके यह अवॉर्ड हासिल किया है। एक्ट्रेस सयानी गुप्ता को बड़ी उपलब्धि मिली है। उन्हें कहानी कहने के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए हार्वर्ड साउथ एशियन एसोसिएशन ने पर्सन ऑफ द ईयर अवॉर्ड से नवाजा है।*

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री का ग्लोबल लेवल पर सांस्कृतिक प्रभाव बढ़ा है। यह सम्मान अलग-अलग क्षेत्रों में साउथ एशियन लोगों की बड़ी उपलब्धियों के लिए दिया जाता है। यह सम्मान उन लोगों को पहचान देता है जिनके काम ने वैश्विक स्तर पर पहचान बनाई हो। इस सम्मान के जरिए, एसोसिएशन ने स्क्रीन पर सच्ची और सबको साथ लेकर चलने वाली कहानियों को लाने के लिए सराहा है। एसोसिएशन ने एक ऑफिशियल बयान जारी किया, जिसमें कहा गया, 'हम हर साल ऐसे किसी व्यक्ति को सम्मानित करते हैं, जिसके काम ने सार्वजनिक जीवन में साउथ एशियन पहचान को व्यक्त करने के तरीके को आकार दिया हो।' उनके काम की तारीफ करते हुए एसोसिएशन ने कहा, 'सयानी की एक्टिंग ने लगातार पुरानी सोच को चुनौती दी है। वह आज के दौर की कहानियों में गहराई, बेबाकी और सच्चाई लाई हैं। वह सबको साथ लेकर चलने वाली कहानियों को आकार देने में एक दमदार आवाज बन गई हैं।' बता दें कि सयानी ने अपनी एक्टिंग के दम पर अपने लिए एक मजबूत जगह बनाई है। वह गहराई और लीक से हटकर चुने गए किरदारों के लिए जानी जाती हैं। सयानी फोर मोर शॉट्स प्लीज!, एक्सोन, आर्टिकल 15, इनसाइड एज' और दिल्ली क्राइम जैसे प्रोजेक्ट्स में अपने काम के लिए काफी मशहूर हैं। एक्टिंग के अलावा, सयानी अब अपने कॅरियर में एक नए क्रिएटिव दौर की शुरुआत कर रही हैं। अब वह लेखक और निर्देशक की भूमिका निभाएंगी।

# जैकी द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो में नजर आएंगे, 29 को होगी रिलीज ...



**मुंबई।** जैकी श्रॉफ जल्द ही फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' में नजर आएंगे। इस फिल्म में जैकी एक सुपरहीरो दादा की भूमिका निभा रहे हैं। शुक्रवार को जैकी श्रॉफ की फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' के निर्माताओं ने इसकी रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया है। इस फिल्म में जैकी एक सुपरहीरो दादा की भूमिका में नजर आएंगे। आज निर्माताओं ने फिल्म का एक पोस्टर शेयर किया है। इसी के साथ जानकारी दी है कि 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' फिल्म इस साल 29 मई को रिलीज होगी। 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' फिल्म का निर्देशन मनीष सैनी ने किया है। इसमें प्रतीक, स्मिता पाटिल, भाग्यश्री दासानी, शरत सक्सेना, मिहिर गोडबोले और कई कलाकार भी हैं। एक महीने पहले फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' का टीजर जारी किया गया था, जिसे लोगों ने बहुत पसंद किया। टीजर में दिखाया गया कि एक बच्चे की कल्पना कैसे दादा-पोते के रिश्ते को एलियंस के साथ रोमांचक एडवेंचर में बदल देती है। एएनआई के अनुसार, जैकी श्रॉफ ने कहा, 'इस फिल्म के जरिए हम हर बच्चे के सपने को पूरा कर रहे हैं। अगर आपका दिल हमेशा जवान रहे और 90 साल की उम्र में भी हिम्मत बनी रहे, तो यही आपको सुपरहीरो बनाता है। बच्चों के सपनों को हमेशा सबसे पहले जगह देनी चाहिए।'

## गायिकी में एक अलग तरह की ताजगी, चंचलता और गहराई देखने को मिली

# गीता ने बेसुध होकर भी रिकॉर्ड किया 'बाबूजी धीरे चलना' गाना

*नई दिल्ली। गीता दत्त की आवाज भारतीय सिनेमा की उन जादुई आवाजों में से एक थी, जिनकी गायिकी में एक अलग तरह की ताजगी, चंचलता और गहराई देखने को मिली। बाबूजी धीरे चलना, मेरा नाम चिन चिन चू, तदबीर से बिगड़ी हुई तकदीर बना ले, जाता कहां है दीवाने उनके कुछ सदाबहार गीत आज भी सुनकर होंठ अपने आप चलने लगते हैं। गीता दत्त की आवाज बिल्कुल अलग थी इस वजह से लता मंगेशकर (Lata Mangeshkar) उनकी बहुत बड़ी फैन थी। लता ने एक इंटरव्यू में बताया था कि वो और गीता सारी बातें शेयर करते थे।*



### रफी के साथ गाया था डूएट

आज का किस्सा है फिल्म 12 'ओ' क्लॉक की रिकॉर्डिंग का जिसका संगीत ओ पी नैय्यर ने दिया था। गीता दत्त को इस फिल्म में मोहम्मद रफी के साथ एक डूएट गाना था। गाने का नाम था 'बाबूजी धीरे चलना...'। रफी उस दिन खुद गीता दत्त को लेने उनके घर गए। लेकिन, गीता जब आईं तो वह बेहद नशे में थीं। गीता जब रिकॉर्डिंग स्टूडियो पहुंची तो किसी को यकीन नहीं हुआ कि वो गाना भी गा पाएंगी। लेकिन, उसके बाद जो हुआ वो आज तक इतिहास में दर्ज है। गीता ने अपनी आवाज में ऐसा सुर छेड़ा कि लोग देखते ही रह गए।



### पर्सनल लाइफ में बहुत कुछ झेल रही थीं

गीता दत्त एक ऐसी गायिका थीं जिन्होंने अपनी गायिकी से लाखों दिलों पर राज किया, लेकिन उनकी अपनी जिंदगी अंदर से बेहद बिखरी हुई थी। गीता दत्त ने गुरु दत्त से शादी की थी। शादी ठीकठाक ही चल रही थी कि जिंदगी में एंट्री हो गई वहीदा रहमान की। इस बारे में जब गुरु दत्त की पत्नी को पता चला तो वह बहुत गुस्सा हुईं। गीता ने तो ये तक कह दिया कि उन्हें वहीदा और उनके बीच से किसी एक को चुनना होगा। गुरु दत्त और वहीदा रहमान ने कई सारी फिल्मों में साथ काम किया था।

### क्यों करने लगी थीं नशा?

फिल्म चौदहवी का चांद, कागज के फूल जैसी फिल्मों में उनकी जोड़ी को खूब पसंद किया गया था। इस वजह से गीता दत्त, गुरु दत्त से और दूर होती चली गईं और शराब के नशे में डूबी रहती थीं। उन मुश्किल दिनों में उनका प्रोफेशनल जीवन भी प्रभावित होने लगा था। 20 जुलाई 1972 को, महज 41 वर्ष की उम्र में उनका निधन हो गया। उनकी मृत्यु का मुख्य कारण लीवर सिरोसिस था, जो अत्यधिक शराब के सेवन के कारण हुआ था।




## खबर संक्षेप

### ननि जारी कर रहा बारकोड युक्त डिजिटल बर्थ सर्टिफिकेट



**रांची।** रांची नगर निगम शहरवासियों को अब डिजिटल और आधुनिक सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार काम कर रहा है। अधिकतर सरकारी सेवाएं ऑनलाइन और डिजिटल हो रही हैं, जन्म प्रमाण पत्र जैसी जरूरी दस्तावेजों को भी तकनीकी रूप से अपडेट किया जा रहा है। ननि ने पुराने मैनुअल जन्म प्रमाण पत्र धारकों के लिए बारकोड युक्त डिजिटल बर्थ सर्टिफिकेट जारी करना शुरू कर दिया है।

### धुएं के कारण दम घुटने से दो बेटियों की मौत



**लखनऊ।** कैराना कस्बे के मोहल्ला आल दरमियान में मायके नहीं भेजने से क्षुब्ध अनीता (35) ने खुद को आग लगा ली। मौके पर दौड़े लोगों ने किसी तरह से आग बुझाई, महिला बुरी तरह से झुलस गई थी। कमरे में हुए धुएं से पलंग पर लेटी उसकी बेटी 6 वर्षीय वंदना और डेढ़ वर्षीय जसप्रीत की दम घुटने से मौत हो गई। गंभीर हालत में मेरठ रेफर किया गया है। मोहल्ला आल दरमियान निवासी जसविंदर उर्फ जस्सी पानीपत में सब्जी और फल बेचने का काम करता है।

### कारोबारी से 24 करोड़ की ठगी




**लखनऊ।** रियल एस्टेट कारोबारी और शेयर मार्केट ब्रोकर विश्वजीत श्रीवास्तव की कंपनी से फर्जी यूपीआई स्क्रीनशॉट के जरिये करीब 24 करोड़ रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। कोर्ट के आदेश पर गुलरिहा पुलिस ने 21 नामजद आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोपी बिहार, झारखंड और कुशीनगर के रहने वाले हैं। ठगी में आरोपी गूगल-पे, फोन-पे और बैंक ट्रांजेक्शन के फर्जी स्क्रीनशॉट भेजकर कंपनी को गुमराह करते रहे। वित्तीय वर्ष के ऑडिट में जब खातों का मिलान हुआ तो फर्जीवाड़े का पर्दाफाश हुआ। विश्वजीत श्रीवास्तव के मुताबिक, वर्ष 2023 में उनकी पहचान कुशीनगर निवासी सोनू जायसवाल से हुई थी।

## प्रदेश में भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी


# मुख्यमंत्री योगी बोलेः उत्तरप्रदेश की नौकरियों में अब न तो सिफारिश, न ही भ्रष्टाचार, सिर्फ योग्यता का होता है सम्मान

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में अब नौकरी पाने के लिए न तो सिफारिश चलती है और न ही पैसा। अब सिर्फ योग्यता पर नौकरी मिलती है।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश में नौकरी पाने के लिए अब सिफारिश की जरूरत नहीं पड़ती है। भर्ती में आवेदन, परीक्षा से लेकर परिणाम तक किसी सिफारिश या अनैतिक दबाव की आपको जरूरत नहीं पड़ी होगी। हमने सिर्फ योग्यता का सम्मान किया है। प्रदेश में भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष और तकनीक आधारित बनाया है।

लोकभवन में आयुष, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास तथा दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के 481 अभ्यर्थियों



को नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले नौ साल में सरकार ने नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। अब तक 9 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई है। कोई सोचता भी नहीं था कि यूपी में नियुक्ति निष्पक्ष तरीके से होगी। हमने अलग-अलग आयोग को जवाबदेही के साथ काम दिया है।

इस अवसर पर व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल, पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्य मंत्री नरेन्द्र कुमार कश्यप, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन राज्य मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु आदि उपस्थित थे।

### आयुष से लाए जा सकते हैं चमत्कार

मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुष हेल्थ टूरिज्म को आकर्षित करने की सबसे बड़ी क्षमता रखता है। इसके माध्यम से चमत्कार लाए जा सकते हैं। आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को गांव-गांव में और बेहतर बनाना है। आज नियुक्ति पत्र प्राप्त कर रहे 202 शिक्षक, चिकित्सा अधिकारी और स्टाफ नर्स विभाग को और गति देंगे। सीएम ने कहा कि व्यावसायिक शिक्षा और कौशल विकास विभाग बड़ा और महत्वपूर्ण प्लेटफॉर्म है। यूपी में लगातार हो रहे निवेश से उद्योगों की मांग के अनुरूप स्किल्ड मैनपॉवर उपलब्ध कराना विभाग व इसके अनुदेशकों की जिम्मेदारी है।

### हर दिव्यांगजन में प्रतिभा, सही प्लेटफॉर्म चाहिए

सीएम ने कानपुर की एक बच्ची का उदाहरण देते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति किसी कारण से दिव्यांगता का शिकार हो सकता है। हमारे मन में उनके प्रति संवेदना होनी चाहिए। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग ने इस दिशा में कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। पेंशन सुविधा दी, दो दिव्यांगजन विश्वविद्यालय स्थापित किए, हर कमिश्नरी मुख्यालय पर दिव्यांगजनों के लिए विशेष केंद्र खोले गए और बंद पड़े जिला पुनर्वास केंद्र को पुनः चालू किया।

## यूपी भारत का ग्रोथ इंजन बना, प्रति व्यक्ति आय तीन गुना हुई

# 2017 से पहले यूपी को शक की नजर से देखते थे, आज स्वागत करती है दुनियाः सीएम योगी

» मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आयुष, व्यावसायिक शिक्षा और दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभागों में 481 नव चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

15 दिन में चौथी बार अलग अलग विभागों में नव चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देने लोकभवन पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 से पहले यूपी को भ्रष्ट, गुंडा और अराजक प्रदेश बना दिया गया था। विदेश मे यूपी वासियों को शक की नजर से देखा जाता था, लेकिन आज दुनिया हमारा स्वागत करने के लिए खड़ी है।

पूर्ववर्ती सरकारों ने जाति, मजहब, क्षेत्र और पैसा देखकर नियुक्तियां कीं। भ्रष्टाचार और अपराधीकरण ने यूपी को बीमारू राज्य बना। लेकिन सही नीयत और स्पष्ट नीति से काम करने का परिणाम यह रहा कि प्रदेश भारत का ग्रोथ इंजन बना। प्रति व्यक्ति आय तीन गुना हो गई। आज प्रदेश में 96 लाख एमएसएमई के तीन करोड़ से ज्यादा लोग काम कर रहे हैं। यूपी में गत वर्ष 4000 बड़े उद्योग आए। सीएम ने लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में आयुष विभाग में 202 शिक्षकों, चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ को नियुक्ति पत्र देते हुए इसे हेल्थ टूरिज्म का आधार बताया। औषधीय पौधों की उपयोगिता और पंचकर्म जैसी चिकित्सा पद्धतियों को आगे बढ़ाने की आवश्यकता बताया। व्यावसायिक शिक्षा और दिव्यांगजन विभाग समेत कुल 481 नव चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देते हुए कहा कि पूरा चयन पारदर्शी रखने के लिए आयोग बधाई का पात्र है। कहा कि व्यवसायिक शिक्षा विभाग टाटा के साथ मिलकर डेढ़ सौ आईटीआई पर काम कर रहा है। बिना स्किल्ड मानव संसाधन के औद्योगिक विकास नहीं हो सकता है। प्लंबर और इलेक्ट्रिशियन समेत कई नए कोर्स शुरू किए गए। सीएम ने कहा कि दिव्यागजनों में भी भाव और प्रतिभाएं होती हैं। उन्हें अपनापन देना चाहिए। सीएम ने कानपुर में अपने घर से भागकर विधानसभा पहुंची एक मूक बधिर लड़की का जिक्र किया जो उनका चित्र बना रही थी।

**आज प्रदेश में 96 लाख एमएसएमई के 3 करोड़ से ज्यादा लोग काम कर रहे हैं**

**यूपी में 4 हजार बड़े उद्योग आए है, प्रदेश भारत का ग्रोथ इंजन बना**



### ट्रक ने बाइक पर सवार तीन को कुचला, मौके पर मौत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। हादसे में माता-पिता और उनके तीन मासूम बच्चों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक और अफरा-तफरी का माहौल है। जानकारी के अनुसार मृतक धमेडा कीरत गांव के रहने वाले बताए जा रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक परिवार किसी काम से जा रहा था, तभी तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और परिवार के पांचों सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई।हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और फरार ट्रक चालक की तलाश में जुट गई है।


## कार्यालय प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर

(केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ) ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| स. क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक/दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रूपये लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 190244 प्रथम आमंत्रण 05.05.2026 | जिला बालोद के बोहारा गौठान से सनौद मार्ग में पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य । | 273.14 |
| 2 | 190245 प्रथम आमंत्रण 05.05.2026 | जिला दुर्ग के अंतर्गत राज्य मार्गों पर जंक्शन सुधार का कार्य एवं आई. आर. सी. के प्रावधानानुसार क्रेश बेरियर लगाने का कार्य । | 342.35 |
| 3 | 190246 प्रथम आमंत्रण 05.05.2026 | बसंतपुर कारियाम (मुख्य जिला मार्ग क्रमांक 79) कि.मी. 3/6 से 15 / 10 कुल लंबाई 12.60 कि.मी. में मजबूतीकरण का निर्माण कार्य । | 917.26 |
| 4 | 190247 प्रथम आमंत्रण 05.05.2026 | जिला राजनांदगांव वि.ख. छुरिया के बैरागीभेडी से भोलापुर मार्ग लंबाई 4.35 कि.मी. का पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य। | 577.54 |
| 5 | 190248 प्रथम आमंत्रण 05.05.2026 | जिला राजनांदगांव के तेंदुनाला-दर्राबांधा-अडाम -आसरा मुख्य जिला मार्ग के कि.मी. 1 से 4 एवं 9 से 11 = 6.60 कि.मी. का पुल पुलिया सहित चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण का कार्य । | 814.78 |
| 6 | 190249 प्रथम आमंत्रण 05.05.2026 | जिला राजनांदगांव वि.ख. छुरिया के गैंदाटोला- छुरिया- खोभा मार्ग (मु. जि.मा.) के कि.मी. 17 से 21 = 5.025 कि.मी. का पुल पुलिया सहित चौडीकरण एवं मजबूतीकरण का कार्य । | 669.24 |
| 7 | 190250 प्रथम आमंत्रण 05.05.2026 | एन.एच. 130 ए से नेहरू चौक उस्लापुर पुल तक मार्ग लंबाई 3.20 कि. मी. एवं टेलीफोन एक्सजेंस पहुंच मार्ग लंबाई 3.29 कि.मी. कुल लंबाई 6.49 कि.मी. का निर्माण कार्य । | 926.49 |
| 8 | 190430 प्रथम आमंत्रण 05.05.2026 | मुख्य मार्ग से सेमरिया लछनपुर तक मार्ग लंबाई 2.00 कि.मी. का निर्माण कार्य । | 216.39 |
| 9 | 190431 प्रथम आमंत्रण 05.05.2026 | हडगांव से कोतरी मार्ग लंबाई 2.70 कि.मी. का निर्माण कार्य । | 336.37 |
| 10 | 190262 प्रथम आमंत्रण 05.05.2026 | बुटेना धौराभाठा मार्ग लंबाई 12.50 कि.मी. का निर्माण कार्य । | 3120.87 |
| 11 | 190265 प्रथम आमंत्रण 05.05.2026 | जिला रायपुर के महामाया वार्ड चतुर्दिक मार्ग लंबाई 5.797 कि.मी. का निर्माण कार्य । | 480.21 |
| 12 | 190268 प्रथम आमंत्रण 05.05.2026 | जिला बालोद के उमरादाह से निपाली मार्ग लंबाई 12.00 कि.मी. का पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य । | 304.29 |
| 13 | 190269 प्रथम आमंत्रण 05.05.2026 | जिला रायपुर के चंगोराभाठा क्षेत्र अंतर्गत चतुर्दिक दिशा मार्ग लंबाई 5.90 कि.मी. का निर्माण कार्य । | 423.93 |
| 14 | 190315 प्रथम आमंत्रण 05.05.2026 | जिला बलरामपुर-रामानुजगंज के महुआडीह से भरतपुर के बीच सडक मार्ग लं. 8.65 कि.मी. (वास्तविक लंबाई 4.30 कि.मी.) का निर्माण कार्य । | 990.35 |
| 15 | 190279 प्रथम आमंत्रण 05.05.2026 | जिला कबीरधाम वि.ख. पण्डरिया के ग्राम गुढा पोस्ट ऑफिस से कोदवा गोदान पहुंच मार्ग लंबाई 5.50 कि.मी. (वास्तविक लं. 5.10 कि. ) का पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य । | 594.80 |
| 16 | 190292 प्रथम आमंत्रण 05.05.2026 | जिला दुर्ग के नंदनी रोड से अवंती बाई चौक तक केनाल रोड लंबाई 5.025 कि.मी. का पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य । | 4136.69 |
| 17 | 190294 प्रथम आमंत्रण 05.05.2026 | जिला राजनांदगांव (खैरागढ छुईखदान गण्डई) के दाऊचौरा खैरागढ ढारा मार्ग (अन्य जिला मार्ग) लंबाई 10.00 कि.मी. का निर्माण कार्य । | 245.70 |
| 18 | 190293 प्रथम आमंत्रण 05.05.2026 | जिला बेमेतरा के बेरला- कोदवा-देवरबीजा - करमू मार्ग (मु.जि.मा.) लंबाई 35/8 से 57/6 = 22.00 कि.मी. का पुल पुलिया सहित मजबूतीकरण कार्य । | 1530.32 |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथी सं.क्र. 01 से सं.क्र. 18 दिनांक 28.05.2026 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है ।

मुख्य अभियंता,
केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ
कार्यालय प्रमुख अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर अटल नगर

G- 262700610/6


## शादी से लौट रहे दो भाइयों को तेज रफ्तार वाहन ने रौंदा, एक की मौत, दूसरे की हालत गंभीर



एजेंसी ▶▶ मुजफ्फरपुर

मुजफ्फरपुर जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे ने परिवार की खुशियां मातम में बदल दीं। गरहा थाना क्षेत्र में शादी समारोह से लौट रहे दो सगे भाइयों की बाइक को तेज रफ्तार जुगाड़ वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक भाई की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल होकर जिंदगी और मौत से जूझ रहा है।

### शादी समारोह से घर लौट रहे थे दोनों युवक

मृतक की पहचान मनोज कुमार पासवान के 27 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार के रूप में हुई है। वहीं घायल युवक 18 वर्षीय अमन कुमार बताया जा रहा है। दोनों भाई तुर्की इलाके में एक शादी समारोह में शामिल होकर अपने घर लौट रहे थे।

### शादी की खुशियां मातम में बदली

परिजनों के अनुसार, दीपक कुमार बाहर रहकर काम करता था और परिवार में शादी समारोह में शामिल होने के लिए मुजफ्फरपुर आया हुआ था। गुरुवार रात दोनों भाई बाइक से घर लौट रहे थे, तभी तेज रफ्तार जुगाड़ वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में दीपक कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अमन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया।

### मेडिकल कॉलेज पहुंचते ही टूटा परिवार

मृतक के परिजन गुड्डू कुमार ने बताया कि स्थानीय पुलिस ने घटना की सूचना दी थी। जब परिवार मौके पर पहुंचा तो दोनों भाइयों को मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने दीपक को मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि अमन कुमार की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है और उसका इलाज जारी है। दीपक की मौत के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई है।

### पुलिस जांच में जुटी

घटना के बाद पुलिस ने क्षतिग्रस्त बाइक को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## पेज एक का शेष

### जारी किए यह ...

अंतर-संचालनीयता और संचार का एकीकरण है। सम्मेलन में क्वांटम और एआई आधारित उभरते हुए खतरों के परिपेक्ष्य में ज्ञानात्मक युद्ध कौशल, साइबर लचीलापन, सैन्य क्षमता, स्वदेशी नवाचार तथा एआई वाले लड़ाई के तरीकों के विषय में व्यापक रूप से चर्चा की गई।

### पश्चिम बंगालः शुभेंदु...

विधानसभा चुनाव में 56 साल के सुवेंदु ने ममता बनर्जी को भवानीपुर से हराया है। वे नंदीग्राम से भी लगातार दूसरी बार चुनाव जीते। यहां से 2021 में उन्होंने ममता को हराया था। भाजपा ने विधानसभा चुनाव में 207 सीटें जीती हैं।

**शाह ने दक्षिणेश्वर काली मंदिर में पूजा की :** बैठक से पहले अमित शाह ने कोलकाता के प्रसिद्ध दक्षिणेश्वर काली मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। मंदिर में दर्शन के बाद शाह सीधे पार्टी नेताओं के साथ अहम बैठकों में शामिल हुए, जहां सरकार गठन और शपथ ग्रहण समारोह को लेकर चर्चा की गई।

**वरिष्ठ नेताओं से शाह ने की चर्चा :** सूत्रों के मुताबिक, विधायक दल की बैठक से पहले अमित शाह पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ सरकार गठन के हर पहलू पर चर्चा की। इसमें नए मंत्रिमंडल की संरचना, प्रमुख विभागों का बंटवारा और सरकार की प्राथमिकताओं पर मंथन किया गया। भाजपा ने पश्चिम बंगाल के लिए अमित शाह को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है, जबकि ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी को सह-पर्यवेक्षक बनाया गया है।

**महिला सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकताः शाह :** शाह ने विधायक दल की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि ममता बनर्जी के शासन में अपराधी राजनेता बन गए तो विकास की गुंजाइश ही नहीं रही। हम घुसपैठ, हिंसा, कट मनी खत्म करेंगे। महिला सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। शाह ने कहा कि 100 साल की वैचारिक यात्रा के बाद गंगोत्री से गंगासागर तक, आज भाजपा की सरकार बनी है। 1950 से जिस विचार को लेकर हम निकले, श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचार को लेकर निकले। आज उनकी ही पार्टी की सरकार बनी।

### डीएमके ने लोकसभा...

को लोकसभा में अलग ब्लॉक में सीट आवंटित की जाए ताकि पार्टी की नई राजनीतिक स्थिति स्पष्ट रूप से दिखाई दे सके। लोकसभा में सीट व्यवस्था केवल बैठने का मामला नहीं होता, बल्कि यह राजनीतिक समीकरणों और दलों के रिश्तों का प्रतीक भी माना जाता है। ऐसे में डीएमके का यह कदम राष्ट्रीय राजनीति में नए संदेश के तौर पर देखा जा रहा है। हालांकि, इस मामले में लोकसभा सचिवालय या स्पीकर कार्यालय की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। लेकिन डीएमके के इस पत्र ने संसद के आगामी सत्र से पहले राजनीतिक चर्चाओं को तेज कर दिया है।

### राहुल गांधी बोले...

मोदी चाहे कितने भी चुनाव चोरी कर लें, आज जनता में मोदी सरकार के खिलाफ भारी गुस्सा है और अंत में उन्हें जनता के गुस्से का सामना करना पड़ेगा और वे टिक नहीं पाएंगे। राहुल गांधी ने कहा कि देश में सिर्फ दो राजनीतिक विचारधाराएं हैं - एक तरफ आरएसएस की नफरत एवं बंटवारे की विचारधारा और दूसरी तरफ कांग्रेस की मोहब्बत एवं एकता की विचारधारा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार जांच एजेंसियों का डर दिखाती है, लेकिन कांग्रेस इनसे नहीं डरती। उन्होंने जोर देकर कहा कि कांग्रेस भाजपा को हराएगी। इसके बाद नरेंद्र मोदी पर कार्रवाई की जाएगी, क्योंकि उन्होंने देश के लोकतांत्रिक सिस्टम और बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर के संविधान पर आक्रमण किया है। बेरोजगारी का मुद्दा उठाते हुए उन्होंने कहा कि आज हरियाणा समेत पूरे देश में युवा बेरोजगार हैं, लघु - मध्यम उद्योग बंद हो रहे हैं और चीन का सामान देश में बेचा जा रहा है। राहुल गांधी ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दबाव में आकर अमेरिका को कई बड़ी रियायतें दी हैं, लेकिन बदले में भारत को कुछ नहीं मिला। उन्होंने बताया कि कृषि क्षेत्र अमेरिकी किसानों के लिए खोल दिया गया, जिससे छोटे भारतीय किसान बर्बाद हो जाएंगे। साथ ही, भारत की ऊर्जा सुरक्षा अमेरिका के हवाले कर दी गई है। किसी देश से तेल खरीदने के लिए अब भारत को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अनुमति लेनी पड़ती है। इसके अतिरिक्त भारतीय डेटा भी अमेरिका को सौंप दिया गया। यही नहीं, हर साल साढ़े नौ लाख करोड़ रुपये का सामान अमेरिका से खरीदने का वादा किया गया, जिससे हमारे छोटे व मध्यम उद्योग बर्बाद हो जाएंगे, लेकिन उसके बदले भारत को कुछ नहीं मिला। उन्होंने एपस्टीन फाइल्स और उद्योगपति अडानी पर अमेरिका में चल रहे केस का उल्लेख करते हुए कहा कि ट्रंप इनका इस्तेमाल मोदी पर दबाव बनाने के लिए कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लाखों एपस्टीन फाइल्स अभी सार्वजनिक नहीं की गई हैं, उनके सामने आने से नरेंद्र मोदी का असली चरित्र उजागर हो जाएगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा में एपस्टीन का जिक्र करने पर प्रधानमंत्री परेशान हो गए और उन्हें बोलने नहीं दिया गया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने सद्भाव यात्रा की सराहना करते हुए कुछ साल पहले निकाली गई कन्याकुमारी से कश्मीर तक चार हजार किलोमीटर की 'भारत जोड़ो यात्रा' को याद किया। उन्होंने कहा कि उस यात्रा में लाखों लोग साथ आए और उनके बीच से 'नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान' खोलने का नारा निकलकर आया। उन्होंने कहा कि देश को इस नारे की पहले भी जरूरत थी और अब भी है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी के हर युवा नेता को हर प्रदेश में ऐसी यात्रा करनी चाहिए; यात्राओं से राजनीतिक समझ बढ़ती है, जनता से जुड़ाव होता है और बहुत कुछ सीखने को मिलता है। इस दौरान हरियाणा कांग्रेस प्रभारी बीके हरिप्रसाद, प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला, पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह, यात्रा के आयोजक पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह, उदयभान, राज बब्बर सहित अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

### बाढ़ और हीटवेव...

**केंद्र और राज्यों की तैयारियों की होगी समीक्षा :** सूत्रों के अनुसार बैठक में केंद्र सरकार की कई प्रमुख एजेंसियों और विभागों की तैयारियों का आकलन किया जाएगा। इनमें मौसम पूर्वानुमान तंत्र, बाढ़ चेतावनी प्रणाली, राहत एवं बचाव बलों की तैनाती, चिकित्सा सुविधाएं, तथा आपातकालीन संसाधनों की उपलब्धता जैसे मुद्दे प्रमुख रूप से शामिल रहेंगे। गृह मंत्री यह भी समीक्षा करेंगे कि विभिन्न मंत्रालयों, राज्यों और आपदा प्रबंधन एजेंसियों के बीच किस प्रकार बेहतर समन्वय स्थापित किया जा सकता है ताकि संकट की स्थिति में त्वरित कार्रवाई संभव हो सके।

**बाढ़ नियंत्रण परियोजनाओं और नदी प्रबंधन पर फोकस :** बैठक में देशभर में चल रही दीर्घकालिक बाढ़ नियंत्रण योजनाओं की प्रगति पर भी चर्चा होगी। विशेष रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में तटबंधों की मजबूती, महत्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं की सुरक्षा, नदी प्रबंधन कार्यक्रम, तथा वैज्ञानिक तकनीकों के जरिए बेहतर पूर्वानुमान प्रणाली विकसित करने पर जोर दिया जाएगा। सरकार का मानना है कि बदलते जलवायु पैटर्न के कारण कई राज्यों में अचानक बाढ़ और अत्यधिक गर्मी जैसी परिस्थितियां तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में आधुनिक तकनीक आधारित पूर्व चेतावनी प्रणाली को मजबूत करना बेहद आवश्यक हो गया है।

**एक साथ कई आपदाओं से निपटने की रणनीति :** इस बार बैठक में एक अहम विषय "सिमल्टेनियस डिजास्टर्स" यानी एक साथ कई आपदाओं से निपटने की तैयारी भी होगी। कई राज्यों में गर्मी के साथ-साथ मानसून के दौरान बाढ़ की स्थिति बनने की आशंका को देखते हुए राहत एजेंसियों की संयुक्त तैयारी पर विशेष चर्चा की जाएगी। विशेषज्ञों का मानना है कि हीटवेव के कारण स्वास्थ्य सेवाओं पर दबाव बढ़ता है, जबकि बाढ़ के समय राहत एवं पुनर्वास कार्य चुनौतीपूर्ण हो जाते हैं। ऐसे में दोनों परिस्थितियों के लिए अलग-अलग और संयुक्त कार्ययोजना तैयार करना आवश्यक है।

## पंजाब के हालात पश्चिम बंगाल से भी बुरे : नायब



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सैनी ने आज अलग-अलग क्षेत्रों में हरियाणा व पंजाब सरकार से संबंधित तथ्यों और आंकड़ों की तुलना करते हुए पंजाब सरकार को फेल सरकार बताया। उन्होंने कहा कि पंजाब के हालात तो आज पश्चिम बंगाल से भी बुरे हो गए हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शुक्रवार को हरियाणा निवास में सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के खातों में लाभ राशि के सीधे हस्तांतरण उपरांत प्रेस कर्मियों संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के शासनकाल में आम जनता पर अत्याचार होता था, लोगों को दिनदहाड़े मौत के घाट उतार दिया जाता था और पुलिस में एफआईआर तक दर्ज नहीं होती थी। कुछ ऐसे ही हालात आज पंजाब में हो गए हैं। पंजाब में नशा और कानून व्यवस्था सरकार के नियंत्रण से बाहर है। हाल ही में पंजाब में हुए बम ब्लास्ट के संबंध में पंजाब के मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि उन्हें इस बारे में कुछ पता नहीं है जबकि वहां के डीजीपी के अनुसार इसके तार आईएसआई से जुड़े हो सकते हैं। पंजाब सरकार नशे व माइनिंग को नियंत्रित करने का झूठा दिखावा कर रही है। उन्होंने कहा कि पहले पंजाब के लोग कांग्रेस के भ्रष्टाचार से तंग हो गए थे, लेकिन वर्तमान पंजाब सरकार को सारे हदें पार कर दी है।

### लाडो लक्ष्मी सहित अन्य योजनाओं के 58 लाख लाभार्थियों को 2115 करोड़ रुपये जारी

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन करते हुए प्रो-एक्टिव मॉडल अपनाया है, जिसके तहत पात्र लोगों को बिना आवेदन और बिना सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाए घर बैठे योजनाओं का लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने हरियाणा निवास में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान हरियाणा ऑनलाइन बिल्डिंग प्लान अप्रूवल सिस्टम और किसानों को व्हाट्सएप पर जे-फार्म भेजने की सुविधा की शुरुआत की। इसके साथ ही 24 विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत 58 लाख 87 हजार 479 लाभार्थियों के खातों में 2 हजार 115 करोड़ 41 लाख रुपये डीबीटी के माध्यम से जारी किए गए। मुख्यमंत्री ने बताया कि दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना की सातवीं किस्त के रूप में 9 लाख 76 हजार महिलाओं के खातों में 205 करोड़ रुपये भेजे गए हैं। वहीं 18 सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत 35 लाख 62 हजार लाभार्थियों को 1 हजार 146 करोड़ 73 लाख जारी किए गए।सरकार ने अनुसूचित जाति के 64 हजार 923 विद्यार्थियों को पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत 100 करोड़ 45 लाख रुपये जारी किए। वहीं दयालु योजना के अंतर्गत 5 हजार 677 परिवारों को 215 करोड़ 29 लाख की सहायता राशि दी गई।

## चिंतन

# शुभेंदु को मिला ताज, साथ ही उम्मीदों का भी बोझ

शुभेंदु अधिकारी शनिवार को पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। वह राज्य के पहले भाजपाई मुख्यमंत्री होंगे। भाजपा उनके शपथ समारोह को भव्य बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। भवानीपुर में ममता बनर्जी को पटकनी देकर शुभेंदु ने पहले ही दिखा दिया था कि वह इस पद के सबसे प्रबल दावेदार हैं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने खुद शुभेंदु के नेता चुने जाने का ऐलान किया। भाजपा ने इस मौके पर सभी विपक्षी दलों का आह्वान किया कि वे राज्य के विकास में सहयोग करें। पार्टी ने साफ कर दिया है कि वह प्रशासन का राजनीतिकरण और राजनीति का अपराधीकरण नहीं होने देगी। यह दोनों ऐसे मुद्दे हैं, जिसने बंगाल की प्रगति को बाधित किया है। तृणमूल कांग्रेस ने पूरे प्रशासन को ही पार्टी कैडर में बदल दिया था। यही नहीं, अपराधी और असामाजिक तत्व पार्टी की रीढ़ बन गए थे। भाजपा की यह सबसे बड़ी चुनौती भी है। बंगाल इस समय जिस दशा में है, वह भाजपा के लिए एक अवसर भी है। राज्य के अधिकांश क्षेत्रों में स्थिति बहुत खराब है। गरीबी चरम पर है। केंद्र की कल्याणकारी योजनाएं या तो लागू नहीं हुई या लोगों तक उसका आधा-अधूरा लाभ ही पहुंचा। कट मनी एक बड़ी समस्या रही। वाम शासन की यह कुप्रथा तृणमूल कांग्रेस के शासन में भी बदस्तूर जारी रही। बेरोजगारी भी एक बड़ा मुद्दा है। बंगाल कभी देश की सांस्कृतिक धुरी था। राज्य की यह पहचान लौटाना भी जरूरी है। अब सत्ता संभालने के बाद शुभेंदु सरकार के सामने कानून-व्यवस्था, खराब नागरिक सुविधाओं और राज्य की कमजोर वित्तीय स्थिति जैसी कई चुनौतियां होंगी। केंद्र और ममता सरकार के बीच टकराव के कारण राज्य की आर्थिक स्थिति पहले से ही दबाव में थी। नई सरकार की पहली प्राथमिकता कानून-व्यवस्था बहाल करना और हाल के दिनों में हुई राजनीतिक हिंसा की घटनाओं पर रोक लगाना होगी। नई सरकार को भाजपा के कई वादों को भी पूरा करना होगा। इनमें महिलाओं को हर महीने 3,000 रुपये की आर्थिक सहायता देना शामिल है। भाजपा ने बेरोजगार युवाओं को 3,000 रुपये मासिक सहायता देने का भी वादा किया है। साथ ही अगले पांच वर्षों में 1 करोड़ नई नौकरियां और स्वरोजगार के अवसर पैदा करने की योजना भी सरकार के एजेंडे में होगी, ताकि बड़े पैमाने पर पलायन रोका जा सके। नई भाजपा सरकार समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने और बांग्लादेश सीमा से होने वाले अवैध प्रवासन पर रोक लगाने की दिशा में भी काम करेगी। भाजपा ने यह भी वादा किया है कि सरकार बनने के 45 दिनों के भीतर सातवें वेतन आयोग की सिफारिशें लागू की जाएंगी और लंबित महंगाई भत्ता (डीए) का भुगतान किया जाएगा। राज्य सरकार द्वारा अदालत में दिए गए हलफनामे के अनुसार इस पर अतिरिक्त 42,000 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। शुभेंदु राज्य के नौवें मुख्यमंत्री होंगे। तीन बार सांसद रहे शिशिर अधिकारी के पुत्र शुभेंदु ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई से की थी। उस समय वामपंथी दलों का प्रभुत्व चरम पर था। शिशिर अधिकारी यूपीए-2 सरकार में ग्रामीण विकास राज्य मंत्री भी रह चुके थे। ममता बनर्जी और टीएमसी से शुभेंदु की दूरी तब बढ़ने लगी, जब ममता ने अपने भतीजे अभिषेक बनर्जी को अपना उत्तराधिकारी और नंबर दो नेता बनाना शुरू किया। 2021 में नंदीग्राम और फिर इस बार भवानीपुर में ममता को हराने के बाद शुभेंदु भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच बड़े नेता बनकर उभरे। 2021 के बाद विपक्ष के नेता के रूप में टीएमसी के भारी बहुमत के बावजूद उनका आक्रामक रुख पार्टी में उनकी स्थिति को और मजबूत करता गया।



मंथन
कृष्ण प्रताप सिंह

# वामपंथ ने आखिरी सरकार भी गंवाई

**पश्चिम बंगाल के शोर में केरल विधानसभा चुनाव के नतीजों की ओर देश का कुछ कम ही ध्यान जा रहा है। हालांकि राजनीतिक लिहाज से वे भी कुछ कम महत्वपूर्ण नहीं हैं। कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट के हाथों वाम लोकतांत्रिक मोर्चे की करारी हार के बाद वहां के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के इस्तीफे के साथ ही देश में वामपंथी सरकारों का दौर समाप्त हो गया है। यह पांच साल पहले ही खत्म हो जाता, अगर पिछले विधानसभा चुनाव में विजयन के कामकाज से खुश केरल के मतदाता उन्हें 'बख्श' नहीं देते। संस्कृति के क्षेत्र में काम से परहेज कर चौबीसों घंटे जनपक्षधर राजनीति करने वाली कम्युनिस्ट पार्टियां राजनीति के हाशिये पर चली जा रही हैं।**

पश्चिम बंगाल के शोर में केरल विधानसभा चुनाव के नतीजों की ओर देश का कुछ कम ही ध्यान जा रहा है। हालांकि राजनीतिक लिहाज से वे भी कुछ कम महत्वपूर्ण नहीं हैं। कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट के हाथों वाम लोकतांत्रिक मोर्चे की करारी हार के बाद वहां के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के इस्तीफे के साथ ही देश में वामपंथी सरकारों का दौर समाप्त हो गया है। यह पांच साल पहले ही खत्म हो जाता, अगर पिछले विधानसभा चुनाव में विजयन के कामकाज से खुश केरल के मतदाता उन्हें 'बख्श' नहीं देते।

इस बार 'केरल के धोती पहनने वाले मोदी' की छवि भी उनकी सत्ता नहीं बचा पाई और वे 'अब तक के आखिरी वामपंथी मुख्यमंत्री' के रूप में भूतपूर्व हो गए। यहां याद किया जिनका चाहिए कि ई.एम.एस. नंबूदरीपाद के मुख्यमंत्रित्व में देश की पहली वामपंथी सरकार भी 5 अप्रैल, 1957 को इसी राज्य में बनी थी, उसके राज्य बनने के बाद हुए पहले ही विधानसभा चुनाव में। इस मायने में अभूतपूर्व थी कि उसके रूप में न केवल भारत, बल्कि दुनिया में कहीं भी पहली बार किसी कम्युनिस्ट पार्टी को लोकतांत्रिक तरीके से हुए चुनाव में सत्ता हासिल हुई थी। नम्बूदरीपाद सरकार द्वारा व्यापक भूमि सुधारों और महत्वपूर्ण शैक्षिक बदलावों के आगाज के बीच 31 जुलाई, 1959 को तत्कालीन जवाहरलाल नेहरू सरकार ने मनमाने ढंग से अनुच्छेद 356 का उपयोग करके राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद के हाथों उसको बर्खास्त करा दिया तो नेहरू की तीखी आलोचनाएं की गई थीं। कारण यह कि उस दौर में वामपंथ को सत्ता का सबसे प्रतिबद्ध वैचारिक प्रतिपक्ष माना जाता था। बंटवारे और बिखराव के बावजूद उसने पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा जैसे अपने सुरक्षित गढ़ बना रखे थे। इसलिए वे गढ़ ढहे तो उसकी सही-गलत रीति-नीति और बढ़ते-घटते प्रभावों से जुड़े बहुत से प्रश्न खासी तेजी से पूछे जाने लगे थे। उनमें सबसे बड़ा यह था कि वे चुनावों में लगातार पराभव की ओर क्यों जाने लगे हैं? उनके विरोधियों को उन्हें चिढ़ाते हुए यह तक कहने का मौका क्यों हाथ लग रहा है कि आगे चलकर वे विलोपीकरण के शिकार हो जाएंगे? निस्संदेह, अब, उनके अपनी अंतिम सरकार तक गंवा देने के बाद इन प्रश्नों को नए सिरे से और ज्यादा तेजी से पूछा जाएगा। साथ ही यह प्रश्न भी कि उस हिंदी प्रदेश में उनकी प्रतीकात्मक उपस्थिति भी क्यों मुश्किल होती जा रही है, जिसे देश का हृदय प्रदेश कहा जाता है और जिसकी जमीन को वे एक समय अपने लिए बेहद अनुकूल और उर्वर मानते थे? क्यों यह उम्मीद लगातार नाउम्मीद होती चली आ रही है कि कौन जाने सुरक्षित गढ़ खो देने के बाद ही सही, वे अपनी संभावनाओं के देशव्यापी विस्तार को जीवन-मरण का प्रश्न मानकर उसके लिए नई मुहिमों का मन बनाएं? सच कहें तो वामदलों के नेताओं के लिए इन सवालों के जवाब इसलिए भी कठिन हो चले हैं कि वे संसदीय कहें अथवा चुनावी राजनीति में उतरे तो उसे अपनी क्रांति कामना के लिए इस्तेमाल करने के मंसूबे से थे, मगर समय के साथ खुद उसके हाथों इस्तेमाल होकर रह गए हैं। इतना ही नहीं, आजादी के बाद जतन से विकसित की गई 'सारी मध्यवर्गी पार्टियों के सबसे प्रतिबद्ध वैचारिक प्रतिपक्ष' की अपनी छवि भी वे नहीं



बचा पाए हैं। इसलिए कि सत्ता संघर्षों में मध्यमार्गी पार्टियां विचारधाराओं को लात मारकर अपना तकिया जाति, धर्म, संप्रदाय और क्षेत्र आदि की विडंबनाओं पर रखने लगी तो ये दल उनसे अलगाव का खतरा उठाने का साहस प्रदर्शित नहीं कर पाए और तत्कालीन परिस्थितियों के नाम पर कभी इस तो कभी उस बड़ी पार्टी या गठबंधन की पालकी के कहार की भूमिका में दिखने लगे। तिस पर स्थितियों और परिस्थितियों के आकलन में उन्होंने लगातार गलतियां कीं। मिसाल के तौर पर आजादी के पहले अविभाजित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी सोवियत संघ की कम्युनिस्ट पार्टी के इस निर्देश पर अमल के बजाय कि उसे पूरी शक्ति से ब्रिटिश साम्राज्यवाद से लड़ना चाहिए, लगातार ब्रिटिश कम्युनिस्ट पार्टी के एजेंडे पर चलती रही। इसके फलस्वरूप स्वतंत्रता संघर्ष में अपनी भूमिका को तार्किक परिणति नहीं दे सकी। आजादी के बाद माकपा को ज्योति बसु के रूप में देश को पहला वामपंथी प्रधानमंत्री देने का अवसर हाथ लगा तो भी उसने साफ इनकार कर दिया। तब वामदलों के विरोधियों व शुभचिंतकों दोनों को कहना पड़ा कि वामदलों की ट्रेन छूट गई है। ज्योति बसु को भी बाद में इसे हिमालय जैसी भूल बताना पड़ा। यह भी वामपंथ द्वारा स्थितियों के गलत आकलन के कारण ही हुआ कि जब उन्हें राजीव गांधी व मनमोहन सिंह प्रवर्तित नई आर्थिक नीतियों से लड़ना चाहिए था, उन्होंने अपनी सारी शक्ति उस सांप्रदायिकता से लड़ने में ही लगा दी, जो जनविरोधी आर्थिक नीतियों का ही उत्पाद थी, इस अर्थनीति के साथ ही स्वतः खत्म हो जाती। आश्चर्य है कि उनके लड़ते-लड़ते नई अर्थनीति और सांप्रदायिकता दोनों 'अजेय' हो गईं और मनमोहन के राज में अमेरिका से परमाणु करार के विरोध में सरकार से समर्थन वापस लेने का नुकसान भी अकेले वामपंथ को ही उठाना पड़ा। वामपंथी ऐसी भूलें नहीं करते तो आज प्रायः सारी मध्यवर्गी पार्टियों से निराश देश उन्हें खासी उम्मीद के साथ निहारता। वे कह पाने की स्थिति में होते कि अब हमारी बारी है। अभी तो वे विरोधियों की लगातार बढ़ती जा रही घृणा के साथ अपने गढ़ों तक में जनता का कोप झेल रहे हैं और फिर भी अपने अंतर्विरोध नहीं सुलझा पा रहे। आज भी, नवपूंजीवादी नीतियों से पूरे दम-खम के साथ दो-दो हाथ करने के बजाय इन संघर्ष विमुख दलों ने अपनी क्रांतिकामना को भी कर्मकांड बना डाला है। उनके शिविरों में कर्मकांडों के तौर पर ऐसी कई और चीजें चलती रहती हैं। मसलन, देश को वामजनवादी विकल्प देने के लिए काम करना, व्यापक वामपंथी एकता के प्रयास तेज करना और गैरवामपंथी दलों से न्यूनतम साझा कार्यक्रम के आधार पर रणनीतिगत समर्थन व सहयोग के रिश्ते बनाना आदि। इन कर्मकांडों का सच यह है कि वामदलों में एका के बजाय बिखराव बढ़ता जा रहा है और कई कम्युनिस्ट पार्टियां अपने महासचिवों की जेबों में रहकर उनकी बौद्धिक भूख के शमन का जरिया भर रह गई हैं। सच तो यह है कि आज वामदलों को पुनर्जीवन के लिए नए फार्मूलेशनों और रणनीतियों की सख्त जरूरत है क्योंकि पुरानी कम्युनिस्ट थीसिसों का नए बदलावों के परिप्रेक्ष्य में युगानुरूप परीक्षण किए बिना उनकी बात नहीं बनने वाली है। इस परीक्षण के अभाव का ही नतीजा है कि लगभग एक साथ सक्रिय होने वाली दो जमातों में जिस राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने कहा कि वह राजनीति से परे रहकर संस्कृति के ही क्षेत्र में काम करेगा, उसने काम करते-करते अपनी राजनीतिक फ्रंट की मार्फत लगभग सम्पूर्ण देश की राजनीति पर नियंत्रण स्थापित कर लिया है और संस्कृति के क्षेत्र में काम से परहेज कर चौबीसों घंटे जनपक्षधर राजनीति करने वाली कम्युनिस्ट पार्टियां राजनीति के हाशिये पर चली जा रही हैं।

*(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

सियासत
रोहित कौशिक




# पार्टियों को समझना होगा विपक्षी एकता का महत्व

भाजपा द्वारा चुनाव में लगातार बेहतर प्रदर्शन करने और विशेष तौर से बंगाल का चुनाव जीतने के बाद कई सवाल खड़े हो गए हैं। भाजपा जिस तैयारी के साथ चुनावी मैदान में उतरती है, क्या उस तैयारी के साथ अन्य दल चुनावी मैदान में उतर पाते हैं ? बंगाल का चुनाव हारने के बाद अब ममता बनर्जी कह रही हैं कि मैं इंडिया गठबंधन को मजबूत करने का काम करूंगी। सवाल यह है कि अभी तक ममता ने इंडिया गठबंधन को मजबूत करने के लिए क्या किया? सच्चाई तो यह है कि समय-समय पर ममता बनर्जी इंडिया गठबंधन में अपनी अकड़ दिखाती रहीं। कई मुद्दों पर तो उन्होंने अपनी अलग राह पकड़ ली। गठबंधन में यदि हर कोई अपनी अलग-अलग राह पकड़ ले तो क्या कोई भी गठबंधन मजबूत हो सकता है? आज ममता बनर्जी भाजपा और चुनाव आयोग द्वारा चुनावी प्रक्रिया को हथिया लेने का आरोप लगा रही हैं, लेकिन क्या इस दौर की व्यवस्था से वे वाकिफ नहीं हैं ? क्या उन्हें इसका अनुमान नहीं था? ममता बच्ची नहीं हैं, वे एक वरिष्ठ और अनुभवी राजनेत्री हैं। यानी उन्हें यह आभास था। इसके बावजूद उन्होंने कई बार इंडिया गठबंधन को मजबूत न कर स्वयं अपनी अलग चाल चली। नतीजा सबके सामने है। अब सवाल केवल ममता का नहीं है, सवाल विपक्ष के सभी राजनीतिक दलों के राजनेताओं का है? क्या विपक्ष के एक राज्य तक सिमटे छोटे दल अपने व्यक्तिगत स्वार्थ छोड़कर कांग्रेस के साथ खड़े हो पाएंगे। विपक्षी दलों को यह सोच लेना चाहिए कि वे व्यक्तिगत स्वार्थ की राजनीति कर भाजपा के सामने खड़े नहीं रह पाएंगे। अगर गंभीरता के साथ भाजपा के खिलाफ वैचारिक लड़ाई लड़नी है तो अपने क्रियाकलापों में भी गंभीरता लानी होगी। आज भाजपा की आप कितनी भी आलोचना करें लेकिन यह विपक्षी दलों को ही सोचना पड़ेगा कि आज भाजपा यहां तक कैसे पहुंची है? कमरों में बैठकर अगर भाजपा की सफलता का राज ढूंढ़ा जाएगा तो विपक्षी दल भी कमरों तक ही सीमित रह जाएंगे। भाजपा ने लंबा संघर्ष किया है। इस पर अलग चर्चा हो सकती है कि भाजपा का यह संघर्ष सकारात्मक था या नकारात्मक? अगर आप कहते हैं कि भाजपा हर हथियार इस्तेमाल करना जानती है तो यह भी आपको ही सोचना होगा कि भाजपा इतनी शक्तिशाली कैसे बन गई कि वह हर हथियार इस्तेमाल करने लगी। बंगाल में भाजपा का कोई वजूद नहीं था लेकिन आज भाजपा ने बंगाल में भी जीत हासिल कर ली। भाजपा जमीन पर मेहनत करना जानती है, लेकिन कितनी विपक्षी ऐसा कर रही हैं? चुनाव आयोग और सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग की बात अपनी जगह ठीक हो सकती है, लेकिन सिर्फ इस आरोप के सहारे विपक्ष अपनी कमजोरियों पर पर्दा नहीं डाल सकता। इस दौर में पहले तो विपक्ष को अपनी कमजोरियों को दूर करना होगा और इसके साथ ही विपक्षी एकता पर भी बल देना होगा। विपक्षी एकता तभी संभव हो पाएगी, जब राजनीतिक दल अपनी संकीर्ण मानसिकता को त्यागकर एक बड़े उद्देश्य पर ध्यान केन्दित कर पाएंगे। भाजपा द्वारा बंगाल चुनाव जीतने के बाद इस समय तो विपक्षी दलों को एकता की बात ध्यान आ रही है, लेकिन विपक्ष की एकता की भावना जल्दी ही खत्म हो जाती है। एक राज्य तक सिमटे दलों को कांग्रेस का महत्व समझना होगा। भले ही किसी एक राज्य में क्षेत्रीय दलों की मजबूत स्थिति हो, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस ही समूचे विपक्ष को प्रतिनिधित्व दे सकती है। कांग्रेस एक बड़ी पार्टी है इसलिए छोटे दलों को कांग्रेस को वह सम्मान देना होगा। इसके साथ ही कांग्रेस को भी छोटे दलों को सम्मान देकर विपक्षी एकता को मजबूत करना होगा। विपक्षी दलों को यह समझना होगा कि भाजपा से मुकाबला इतना आसान नहीं है जितना वे समझ रहे हैं। छोटे दलों को यह लगता है कि कांग्रेस कहीं उनकी सीटों पर कब्जा न कर ले और छोटे दल सिमट न जाएं। इसलिए ऐसे दल कांग्रेस को सीट देते हुए घबराते हैं। जब तक विपक्षी दल आपसी समझ को बढ़ा नहीं पाएंगे, तब तक इस स्थिति में किसी परिवर्तन की उम्मीद नहीं है। सभी राजनीतिक दलों को देर-सबेर यह समझना ही होगा कि विपक्षी एकता के बल पर ही उनका अस्तित्व बच सकता है। इस समय सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या भविष्य में विपक्षी एकता संभव हो पाएगी? दरअसल इस दौर में विचारधारा की राजनीति खत्म होती जा रही है। कुछ छोटे दल तो एक विचारधारा पर टिक ही नहीं पाते हैं। ऐसे दल समय आने पर हर तरह की राजनीति का हिस्सा बन जाते हैं। इसलिए कुछ समय बाद विपक्षी एकता एक खोखला आदर्शवाद लगने लगती है। यह तो विपक्षी दलों को ही तय करना होगा कि वे कि रास्ते पर चलना चाहते हैं?

*(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*


## जितने भक्त, उतने ही भक्ति के रूप



संकलित
**दर्शन**

मानस में भक्त के चार प्रकार बताए गए हैं- ज्ञानी, जिज्ञासु, अर्थार्थी एवं आर्त। चार प्रकार के भक्तों की बात कह देना बहुत सरल है। भक्ति में वास्तविकता-अवास्तविकता का प्रश्न पहले नहीं उठाया जाता। जब तैरना सीख जाएंगे, तभी नदी में उतरेंगे, ऐसा नहीं कहा जा सकता। इसका तो श्रीगणेश ही व्यक्ति की अपनी मान्यता से होता है। संसार सत्य है या असत्य? विषय को चाहना उचित है या अनुचित? प्रारंभिक स्थिति में इन विवादों की कोई आवश्यकता नहीं। यहां तो सीधा आमंत्रण है। तुम संकट से त्राण पाना चाहते हो! ये सब प्रभु से ही संभव है। ब्रह्म-सुख पाना चाहते हो, तो आओ, प्रारंभ कर दो प्रभु के चरणों में भक्ति। अर्थ और अभिलाषाओं की पूर्ति चाहते हो! रहस्य जानना चाहते हो! सब सर्वदा प्रभु द्वारा साध्य होगा।भय और लोभ की सहज वृत्ति से भक्ति का श्रीगणेश होता है। भगवान की जिज्ञासा भक्ति का मध्यभाग है। भगवान का सुख पाना, उसमें एक हो जाना, भक्ति की चरम परिणति है। भय से संत्रस्त आर्त हैं। लोभ से प्रेरित अर्थार्थी हैं। जानने की इच्छा वाला जिज्ञासु है। जान पाने वाला ज्ञानी है। मानस में-'ग्यानी प्रभुहि बिसेषि पिआरा' कहकर गोस्वामीजी ने पुष्ट कर दिया है। मानस में भक्तों की ओर देखें, तो साधारण से लेकर असाधारण चरित्र वाले अनेक पात्र हमारे सामने आते हैं। दशरथ, गीध, वाल्मीकि, शबरी, कोल, भील, वानर, निशाचर आदि सब वहां (भक्ति में) एक पंक्ति में खड़े हुए दिखाई देंगे। ऐसी उदारता, जो कि अन्यत्र असंभव है।

## स्वयं को जीतना सिखाते स्वामी महावीर



संकलित
**प्रेरणा**

स्वामी महावीर जैसी आत्माएं अपनी यात्रा पिछले जन्म में ही पूरी कर चुकी होती हैं। इस जन्म में इस संसार में आने की प्रेरणा के पीछे उनकी अपनी कोई वासना नहीं है। सिर्फ करुणा कारण है। तीर्थंकर का अर्थ है, वह आत्मा जो राह दिखाने के लिए पैदा हुई है। साधारण आत्मा तीर्थंकर नहीं हो सकती, क्योंकि जो स्वयं मार्ग खोज रहा हो, वह मार्ग नहीं दिखा सकता। मार्ग क्या है, यह मंजिल पर पहुंच कर ही पता चलता है। मंजिल पर पहुंच जाना इतना कठिन नहीं है, जितना मंजिल पर पहुंच कर मार्ग पर वापस लौटना। ऐसी आत्माएं तीर्थंकर कहलाती हैं। तीर्थंकर का अर्थ है- वह मल्लाह, जो घाट से पार होने का रास्ता बताए। सच में जो विशिष्ट होता है, उसका प्रारंभिक जीवन घटना शून्य होता है, इसलिए क्योंकि वह लौटा है औरों के लिए, अपने लिए नहीं। बस वह चुपचाप बढ़ता चलता जाता है। चारों तरफ चुप्पी होती है और वह बड़ा होता जाता है। उस क्षण की प्रतीक्षा में जो वह देने आया है, वह दे दे। मेरी दृष्टि में उनको वर्धमान नाम ही इसलिए मिला कि जो चुपचाप बढ़ने लगा। जिसके आस-पास कोई घटना ही नहीं घटी, यानी जिसका बढ़ना इतना चुपचाप था, जैसे पौधे चुपचाप बड़े होते हैं, कलियां फूल बनती हैं। कहीं कोई शोर नहीं होता। शिक्षक पढ़ाने आए, तो उसने मना कर दिया और शिक्षकों ने भी पाया कि जो पढ़ाया जा सकता है, वह उसे पहले से ज्ञात है। दूसरी बात ध्यान में रख लेने जैसी है, अर्थपूर्ण है, जो मिथ, जो कहानी है, वह तो यह है कि वे ब्राह्मणी के गर्भ में थे और देवताओ ने गर्भ बदल कर क्षत्रिय गर्भ में पहुंचा दिया।

## अंतर्मन





## आज की पाती

### मां में देख सकते हैं ईश्वर का रूप

मां का छोटा-सा शब्द अपने भीतर भावनाओं का महासागर समेटे है। मां केवल जन्मदात्री नहीं होती, वह जीवन की प्रथम शिक्षिका, प्रथम मित्र और प्रथम मार्गदर्शिका भी होती है। जब एक शिशु पहली बार रोता है, तो मां अपनी गोद और अपने स्पर्श से उसे पहली सुरक्षा देती है। मां की गोद ही बच्चे का पहला आश्रय बनती है। मां के लिए वैदिक और पौराणिक काल के ग्रंथों ने जो कहा है, वो आज भी यथावत है। वेदों ने मां को मानव जीवन में सबसे ऊंचा स्थान दिया है। वेदों से संहिताओं तक, वाल्मीकि रामायण से महाभारत तक, सारे ग्रंथों ने निर्विवाद रूप से माता को ही देवताओं से भी ऊपर माना है। जब शब्द कम पड़ जाते हैं और भावनाएं उमड़ने लगती हैं, तब मन अचानक ही मां को याद करता है। 11 मई को मदर्स डे पर मां की महती भूमिका को स्वीकार करने की जरूरत है। *- विजय कुमार, भिलाई*

## करंट अफेयर


### पोप 14वें के साथ स्थायी शांति के प्रयासों पर की चर्चा



अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने पोप लियो 14वें से मुलाकात की और पश्चिम एशिया में स्थायी शांति प्राप्त करने के प्रयासों पर चर्चा की। रुबियो की वेटिकन यात्रा का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और पोप लियो 14वें के बीच बढ़ते तनाव को कम करना और बिगड़े हुए रिश्तों को सुधारना है। रुबियो ने पोप 14वें और वेटिकन के विदेश मंत्री कार्डिनल पिएत्रो पारोलिन से मुलाकात की जो करीब ढाई घंटे तक चली। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता टॉमी पिगोट ने कहा कि रुबियो और पोप 14वें ने पश्चिम एशिया की स्थिति और पश्चिमी गोलार्ध में परस्पर हित के विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कहा, इस बैठक ने अमेरिका और पोप के बीच मजबूत संबंधों और शांति एवं मानवीय गरिमा को बढ़ावा देने की उनकी साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। पिगोट ने पैरोलिन से हुई मुलाकात के बारे में एक अलग बयान में कहा कि दोनों राजनयिकों ने पश्चिमी गोलार्ध में चल रहे मानवीय प्रयासों और पश्चिम एशिया में स्थायी शांति प्राप्त करने के प्रयासों पर चर्चा की। बयान में कहा गया है कि इस चर्चा में धार्मिक स्वतंत्रता को बढ़ावा देने में अमेरिका और पोप के बीच अटूट साझेदारी प्रदर्शित होती है।

## ऑफ बीट

### 92 लाख से अधिक परिवारों ने स्वगणना का किया उपयोग




जनगणना के पहले चरण के दौरान अब तक 23 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 92 लाख से अधिक परिवारों ने आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से स्व-गणना (एसई) सुविधा का उपयोग किया है। अधिकारियों ने बताया कि स्व-गणना सुविधा भारत के महापंजीयक (आरजीआई) द्वारा शुरू की गई अपनी तरह की प्रथम पहल है, जो नागरिकों को जनगणना के पहले चरण के दौरान जनगणना से संबंधित प्रश्नों का ऑनलाइन उत्तर देने की सुविधा प्रदान करती है। भारत के पंजीयक और जनगणना आयुक्त ने को दिल्ली में जनगणना के पहले चरण - गृह सूचीकरण और आवास जनगणना (एचएलओ) - के लिए जन जागरूकता अभियान के तहत छह जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नयी दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) और दिल्ली छावनी क्षेत्रों के लिए एचएलओ चरण 15 मई को समाप्त हुआ, जबकि राष्ट्रीय राजधानी के शेष हिस्सों में यह 14 जून, 2026 तक जारी रहेगा। सरकार द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है, ' 'जनगणना जागरूकता वाहन दिल्ली भर जायेंगे तथा जनगणना में भागीदारी, स्व-गणना (एसई) सुविधा, जनगणना 2027 की प्रमुख विशेषताओं और क्षेत्र भ्रमण के दौरान गणनाकर्ताओं के साथ जनता के सहयोग के महत्व के बारे में संदेश देंगी।

## ट्रेंड

### 'सोनार बांग्ला' का संकल्प



पश्चिम बंगाल भाजपा विधानसभा की बैठक में भाजपा विधानसभा दल के नेता के रूप में सर्वसम्मति से चुने जाने पर भारतीय जनता पार्टी के परिश्रमी नेता, सुवेंदु डब्ल्यूबी को शुभकामनाएं। निस्संदेह, आप 'सोनार बांग्ला' के संकल्प को पूरा करेंगे और विकास का एक नया अध्याय लिखेंगे।
**- शिवराज सिंह चौहान,** केंद्रीय कृषिमंत्री

### जनहित में काम



प्रत्येक सार्वजनिक सुनवाई जनता के विश्वास, आशाओं और भावनाओं से जुड़ने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। आम जनता का यही स्नेह और विश्वास हमें जनहित में काम करने के लिए निरंतर प्रेरित करता है।
**- सुखविंदर सिंह सुखु,** सीएम, हप्र

### आवास जनगणना



'आवास जनगणना' के तहत स्व-गणना प्रपत्र लखनऊ स्थित सरकारी आवास में भरा गया। यह प्रक्रिया सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक नागरिक तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।
**-केशव प्रसाद मौर्य,** डिप्टी सीएम, उप्र

### सत्ता के घमंड में भाजपा



भाजपा समर्थकों के कुकर्मों का एक और घिनौना उदाहरण। सत्ता के घमंड में भाजपा समर्थक दरिंदे बन गए हैं। आज किसी की बहन-बेटी सुरक्षित नहीं है। जब जनता न्याय की मांग करे तो किससे? भाजपा ने अपने भ्रष्ट लोगों को हर जगह बिठा रखा है।
**-अखिलेश यादव,** सांसद, सपा

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने नैफेड-एनसीसीएफ को लक्ष्य आधारित खरीद के दिए निर्देश

किसान एमएसपी से नीचे उपज बेचने को मजबूर न हो : उपार्जन समीक्षा बैठक में शिवराज सिंह का कड़ा संदेश

उपार्जन में ढिलाई बर्दाश्त नहीं, 72 घंटे में भुगतान और जिला-स्तरीय लक्ष्य तय करने के दिए निर्देश

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कृषि भवन, नई दिल्ली में नैफेड और एनसीसीएफ के साथ उपार्जन संबंधी उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि जहां बाजार भाव एमएसपी से नीचे हैं, वहां किसानों से प्रभावी और समयबद्ध खरीद हर हाल में सुनिश्चित की जाए।

चौहान ने दो टूक कहा कि किसान को उसकी उपज का न्यायसंगत मूल्य दिलाना केंद्र सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस लक्ष्य में किसी भी स्तर की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी। चौहान ने शुक्रवार को कृषि भवन में नैफेड और एनसीसीएफ की उपार्जन प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि उपार्जन को केवल औपचारिक स्वीकृति के रूप में नहीं, बल्कि किसानों को एमएसपी का लाभ दिलाने वाले मिशन मोड दायित्व के रूप में लिया जाए। उन्होंने



कहा कि यदि बाजार में कीमतें एमएसपी से नीचे चल रही हैं और फिर भी खरीद अपेक्षित स्तर पर नहीं हो रही है तो यह स्थिति किसानों के हित में नहीं मानी जा सकती। मंत्री उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि एजेंसियां अपने-अपने जिलों और केंद्रों के स्तर पर स्पष्ट लक्ष्य निर्धारण करें। उन्होंने कहा कि राज्यवार आवंटन के साथ-साथ जिला-स्तर पर उत्पादन, संभावित आवक और 25 प्रतिशत खरीद क्षमता का आकलन कर ठोस कार्ययोजना बनाई जाए ताकि उपार्जन का लक्ष्य वास्तविक जमीन पर हासिल हो सके।चौहान ने दलहन-तिलहन, विशेषकर चना, मसूर, उड़द और सरसों जैसी फसलों पर विशेष फोकस करते हुए कहा कि जहां किसानों को एमएसपी से कम दाम मिल रहे हैं, वहां खरीद में तेजी लाना अनिवार्य है।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि उपार्जन केंद्रों की संख्या, खरीद क्षमता, जिला-स्तरीय बाधाएं, राज्य सरकारों के निर्देश, गुणवत्ता संबंधी स्थानीय समस्याएं और भुगतान व्यवस्था इन सभी पहलुओं की रोजाना निगरानी की जाए और जहां भी बाधा हो, उसका समाधान तत्काल केंद्रीय स्तर पर रखा जाए। मसूर उपार्जन की समीक्षा के दौरान शिवराज सिंह ने राज्यों में वास्तविक बाजार भाव की ताजा जानकारी जुटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां कीमतें एमएसपी के आसपास या नीचे हैं, वहां खरीद तंत्र और अधिक चुस्त किया जाए। चौहान ने किसानों को समय पर भुगतान को अत्यंत संवेदनशील विषय बताते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि भुगतान व्यवस्था को तेज, सरल और भरोसेमंद बनाया जाए। समीक्षा में यह मुद्दा सामने आया कि किसानों को भुगतान में विलंब की शिकायतें हैं, जिस पर मंत्री ने 72 घंटे के भीतर भुगतान सुनिश्चित करने की दिशा में सख्त एसओपी तैयार करने और राज्यों से चर्चा कर इसे प्रभावी रूप से लागू करने को कहा।बैठक में राज्य पोर्टलों और सीएनए पोर्टल के एकीकरण, भुगतान में देरी, बिहार में डीबीटी व्यवस्था की कमी, गुजरात में भुगतान विलंब, महाराष्ट्र में डेटा लंबित रहने और आंध्र प्रदेश से अतिरिक्त मात्रा के लिए आंकड़े प्राप्त होने जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी राज्य के निर्देश, प्रक्रियाएं या स्थानीय प्रशासनिक अड़चनें किसानों से खरीद में बाधा बन रही हैं तो केंद्र सरकार सक्रिय समन्वय के जरिए उनका समाधान सुनिश्चित करेगी।

## खबर संक्षेप

### माता-पिता, 3 बच्चों की मौत, ट्रक ने कुचला

**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत हो गई।



हादसे में माता-पिता और उनके तीन मासूम बच्चों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतक धमेडा कीरत गांव के रहने वाले बताए जा रहे हैं। परिवार किसी काम से जा रहा था, तभी तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

### अलीगढ़ में मगरमच्छ से भिड़ी लड़की, खुद को बचाया

**अलीगढ़।** बचपन की कविता वो याद आ रही है खूब लड़ी मर्दानी वो तो झांसी वाली रानी थी। उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ की एक लड़की गुरुवार



को बड़ी ही बहादुरी से खूंखार मगरमच्छ से भिड़ गई। लड़की ने न सिर्फ मगरमच्छ को हराया बल्कि उसकी जबड़े से अपना हाथ भी बचा लिया। घटना सीमा के पास काली नदी के किनारे घटी।

### पटना में तेज बारिश और आंधी से 7 मौत

**पटना।** पटना में तेज बारिश,आंधी से भीषण तबाही मचाई। कई जगह



अब भी जाम की स्थिति बनी हुई है। आलम यह है कि पूरे पटना की लगभग सभी सड़कें जाम हैं और उन सड़कों पर गाड़ियों की रफ्तार पर ब्रेक लग गया है। पटना में पेड़ के नीचे 5लोग दब गए, जिसमें 1 की मौत हो गई। अलग-अलग 7 के मौत की खबर है।

### भाजपा ने राउत को बताया भारतीय राजनीति का जोकर

**नई दिल्ली।** शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत की ओर से



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को संबोधित पोस्ट पर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा ने राउत को भारतीय राजनीति का जोकर बताते हुए उन पर भारत की छवि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खराब करने का आरोप लगाया।भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने वीडियो संदेश में यह कहा।

## तमिलनाडु में सरकार बनने का रास्ता साफ, राज्यपाल से फिर मिले

# टीवीके ने बहुमत का आंकड़ा कर लिया पार अब इस राज्य में बनेगी 'विजय सरकार'

**कांग्रेस के बाद 3 छोटे दलों ने भी दिया समर्थन विजय ने बहुमत के लिए संख्या बल प्राप्त किया**

**सियासी रस्साकसी के बाद आखिरकार राज्य में बजी सीटी**

एजेंसी ⏭ चेन्नई

दक्षिणी राज्य तमिलनाडु में नई सरकार के गठन पर बड़ी खबर है। 2 दिनो की सियासी रस्साकसी के बाद खबर है कि सीपीआईएम, सीपीआई और वीसीके ने थलापति विजय की अगुवाई वाली टीवीके का समर्थन देने का फैसला किया है। इन 3 दलों के समर्थन देने से अब राज्य में नई सरकार बनने का रास्ता साफ हो गया है। कहा गया है कि इसी सिलसिले में विजय तीसरे दिन तीसरी बार राज्यपाल से मुलाकात की।

यह मुलाकात शाम 4.30 बजे थी। इन दलों के समर्थन देने के बाद अब विजय को कुल 118 विधायकों का समर्थन हासिल हो गया है जो 234 सदस्यों वाली विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा है। टीवीके के पास 107 विधायक हैं। विजय दो सीटों से चुनाव जीते हैं, इसलिए एक सीट छोड़नी होगी। इनके अलावा कांग्रेस के 5 विधायक हैं, जो पहले ही समर्थन दे चुकी है। आज समर्थन देने वाले तीनों दलों के 2-2 विधायक हैं। इस तरह विजय को अब बहुमत यानी 118 विधायकों का समर्थन हासिल है।



### पार्टी में दिखी खुशी
### बहुमत की चिंता नहीं

कहा गया है कि करीब उसी समय के आसपास, समर्थन देने वाले सभी दल एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस भी करेंगे, जिसमें वे अपने फैसले की औपचारिक घोषणा करेंगे। इसी बीच, मायलापुर के नवनिर्वाचित टीवीके विधायक पी वेंकटरमनन ने तमिलनाडु में सरकार गठन की पार्टी की क्षमता पर शुक्रवार को पूर्ण विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि उसके पास बहुमत का आंकड़ा पार करने के लिए आवश्यक संख्या बल है। सरकार गठन को लेकर बढ़ती अटकलों के बीच उन्होंने यहां पत्रकारों के साथ बातचीत में पार्टी के पास बहुमत न होने की चिंताओं को खारिज कर दिया। जब पत्रकारों ने उनसे पूछा कि क्या पार्टी ने स्थिर सरकार के लिए आवश्यक निश्चित आंकड़े हासिल कर लिए हैं, तो उन्होंने दृढ़ता से 'हां' में जवाब दिया। शपथ ग्रहण समारोह के कार्यक्रम के बारे में पूछे जाने पर पार्टी कोषाध्यक्ष वेंकटरमनन ने कहा कि जल्द ही आधिकारिक घोषणा की जाएगी। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि हम आपको एक घंटे में जानकारी देंगे।

### सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे

2 दिन की राजनीतिक अनिश्चितता और राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर के साथ जारी टीवीके के गतिरोध खत्म होने के आसार हैं। साथ ही अगली सरकार बनाने के उनके दावे को और मजबूती मिली है। टीवीके के अनुसार विजय ने शुक्रवार शाम 4.30 बजे राज्यपाल से मिलने का समय मांगा था और उम्मीद है कि प्रमुख विपक्षी दलों का समर्थन हासिल करने के बाद वे एक बार फिर सरकार बनाने का दावा पेश किया।

### तीसरी बार राज्यपाल से मुलाकात

राज्यपाल आरवी आर्लेकर के साथ विजय की ये तीसरी मुलाकात होगी। इससे पहले दोनों की मुलाकात बुधवार और गुरुवार को भी हुई थी। दोनों बार आर्लेकर ने विजय के सरकार बनाने के दावे को खारिज करते हुए तर्क दिया कि टीवीके नेता को सदन में बहुमत के लिए जरूरी समर्थन प्राप्त नहीं है। विजय की तमिलगा वेट्री कझगम ने पिछले महीने के चुनाव में शानदार जीत हासिल की थी। पार्टी ने चुनावी मुकाबले में 234 में से 107 सीटें जीती हैं।

### कांग्रेस ने मांगे 2 मंत्री पद और राज्यसभा सीट

*तमिलनाडु कांग्रेस परिषद के अध्यक्ष के सेल्वपेरुंथगई ने कहा कि कांग्रेस विजय के नेतृत्व वाली टीवीके के नेतृत्व वाली तमिलनाडु की नई सरकार का हिस्सा होगी और दावा किया कि उसे दो मंत्री पद और एक राज्यसभा सीट की पेशकश की गई है। सेल्वापेरुंथगई ने कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व वर्तमान में अपनी भागीदारी के विवरण को अंतिम रूप दे रहे हैं। उन्होंने (टीवीके) दो मंत्रियों और एक राज्यसभा सदस्य की मांग की है। हालांकि, विभागों की संख्या और विशिष्ट मांगों पर अंतिम निर्णय कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व का है।*

### मणिशंकर ने कांग्रेस पर उठाए सवाल
### विजय के साथ गठबंधन कर कांग्रेस ने अनैतिकता-मूर्खता की

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणि शंकर अय्यर ने शुक्रवार को तमिलनाडु में अभिनेता विजय और उनकी पार्टी टीवीके को समर्थन देने के कांग्रेस के फैसले पर सवाल उठाते हुए इस कदम को भयानक, नैतिक रूप से संदिग्ध और राजनीतिक रूप से गैरजिम्मेदाराना बताया। अय्यर ने कहा कि नवंबर 1925 में, सौ साल पहले, महात्मा गांधी ने अपने गुजराती पत्रिका 'नवजीवन' में यह सिद्धांत दिया था कि स्वराज का अर्थ नैतिकता पर आधारित शासन होना चाहिए और महात्मा गांधी की ही पार्टी, कांग्रेस ने हाल ही में टीवीके के साथ गठबंधन करने का जो निर्णय लिया है, उसी सिद्धांत का उल्लंघन किया है, जबकि पिछले चुनाव में हमने टीवीके का विरोध किया था। यह मूर्खता है।

**नोएडा हाउसिंग घोटाला- सीबीआई कार्रवाई**

# शुभकामना बिल्डटेक और निदेशकों पर छठी चार्जशीट

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

देशभर में हजारों होमबायर्स के साथ कथित धोखाधड़ी और फंड डायवर्जन मामलों की जांच कर रही सीबीआई ने एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए नोएडा स्थित हाउसिंग प्रोजेक्ट से जुड़े मामले में एम/एस शुभकामना बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड तथा उसके निदेशकों के खिलाफ अदालत में छठी चार्जशीट दाखिल कर दी है।

सीबीआई के अनुसार जांच में सामने आया है कि बिल्डर कंपनी और उसके निदेशकों ने कथित आपराधिक साजिश के तहत भोले-भाले घर खरीदारों और निवेशकों को आकर्षक वादों, भ्रामक दावों और झूठे आश्वासनों के जरिए निवेश करने के लिए प्रेरित किया। एजेंसी का आरोप है कि परियोजना से जुड़े लोगों ने होमबायर्स से धन एकत्र कर आर्थिक लाभ हासिल किया, जबकि खरीदारों को भारी वित्तीय नुकसान उठाना पड़ा। सीबीआई ने सक्षम अदालत में भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत चार्जशीट दाखिल की है। इनमें मुख्य रूप से आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात, तथा अपराध में सहयोग (एबेटमेंट) से संबंधित प्रावधान शामिल हैं।

**सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर चल रही व्यापक जांच:** सीबीआई फिलहाल देशभर में बिल्डरों और वित्तीय संस्थानों से जुड़े कुल 50 मामलों की जांच कर रही है। ये सभी मामले सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के बाद दर्ज किए गए थे। जांच का मुख्य केंद्र बिंदु उन आरोपों की पड़ताल करना है जिनमें बिल्डर कंपनियों पर होमबायर्स के पैसे की कथित हेराफेरी, परियोजनाओं में देरी, फंड डायवर्जन और वित्तीय संस्थानों के अधिकारियों की संदिग्ध भूमिका के आरोप लगे हैं। सीबीआई का कहना है कि कई परियोजनाओं में खरीदारों से वसूले गए धन का उपयोग निर्धारित निर्माण कार्यों में करने के बजाय अन्य उद्देश्यों में किया गया, जिससे हजारों परिवार वर्षों से अपने घर मिलने का इंतजार कर रहे हैं। पहले भी कई बड़ी बिल्डर कंपनियों पर कार्रवाई इससे पहले सीबीआई निम्नलिखित कंपनियों और उनके निदेशकों के खिलाफ भी चार्जशीट दाखिल कर चुकी है।

फॉलोअप

उनमें जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड, सीएचडी डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड, एम/एस रुद्रा बिल्डवेल कंस्ट्रक्शंस प्राइवेट लिमिटेड एम/एस ड्रीम प्रोकोन प्राइवेट लिमिटेड और एम/एस एवीजे डेवलपर्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड का नाम शुमार है। इन मामलों में कुछ बैंकों और वित्तीय संस्थानों के अधिकारियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

**होमबायर्स में बढ़ी उम्मीद:** सीबीआई की इस कार्रवाई को लंबे समय से न्याय की मांग कर रहे हजारों होमबायर्स के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। नोएडा, ग्रेटर नोएडा और एनसीआर के कई प्रोजेक्ट वर्षों से अधूरे पड़े हैं, जिसके कारण खरीदारों को ईएमआई और किराए का दोहरा बोझ उठाना पड़ रहा है।

**11 मई को देशभर में मनाया जाएगा सोमनाथ स्वाभिमान पर्व**

सोमनाथ स्वाभिमान पर्व

# खुल्लर ने सभी जिला उपायुक्तों को वीसी के माध्यम से दिए दिशा निर्देश

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन से प्रदेश के सभी जिलाउपायुक्तों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की। उन्होंने सभी को निर्देश दिए कि 11 मई को भव्य तरीके से सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मनाया जाए। इसे लेकर जिलास्तर पर सभी तैयारियां समय से पूरी कर ली जाएं। सोमनाथ मंदिर भारत की अजेय सभ्यता का प्रतीक है। विनाशकारी प्रहारों के बाद भी सोमनाथ मंदिर आज हमारे



आत्म-सम्मान और साहस की मिसाल बनकर खड़ा है। 75 वर्ष पहले आधुनिक मंदिर का मार्ग प्रशस्त हुआ। 11 मई को पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर के लोकार्पण की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री सोमनाथ मंदिर पहुंचेंगे। इस दिन देशभर में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व भव्य रूप से मनाया जाएगा। इस दौरान कलश यात्रा, आध्यात्मिक आयोजन, भारत की विरासत परंपरा पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। खुल्लर ने सभी जिला उपायुक्तों को इस कार्यक्रम को भव्य तरीके से आयोजित करने के निर्देश दिए।

**प्रधानमंत्री का संबोधन सोमनाथ से रहेगा लाइव:** खुल्लर ने कहा कि 11 मई को प्रधानमंत्री का सोमनाथ मंदिर से लाइव संबोधन रहेगा। यह लाइव टेलिकास्ट प्रत्येक जिले में आयोजित होने वाले जिलास्तरीय कार्यक्रम में दिखाया जाएगा। जिलास्तर पर कलश यात्रा का आयोजन होगा, जिसका समापन शिव मंदिर में जलाभिषेक से होगा।

**बिहार में लीची फसल बचाने के लिए विशेषज्ञ कार्यबल को मिली जिम्मेदारी**

# केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने दिखाई गंभीरता, लीची संकट पर बनी विशेषज्ञ कमेटी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बिहार के लीची किसानों की परेशानी को गंभीरता से लेते हुए त्वरित और संवेदनशील पहल की है।

किसानों द्वारा लीची स्टिंग बग से फसल को हो रहे नुकसान का मुद्दा उठाए जाने के बाद सिंह के निर्देश पर तुरंत एक विशेषज्ञ कार्यबल गठित किया गया, जो प्रभावित इलाकों का दौरा कर रिपोर्ट और समाधान देगा। केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान, लखनऊ में 7 मई को कृषक संवाद कार्यक्रम के दौरान किसानों ने लीची स्टिंग बग के कारण फसल को हो रहे भारी नुकसान का मुद्दा केंद्रीय मंत्री चौहान के समक्ष उठाया था। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय लीची अनुसंधान केंद्र, मुजफ्फरपुर द्वारा आदेश के अनुसार, यह टास्क फोर्स लीची स्टिंग बग की वर्तमान स्थिति का आकलन करेगा, प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेगा, फसल क्षति का वैज्ञानिक अध्ययन करेगा और किसानों को राहत पहुंचाने के लिए तात्कालिक तथा दीर्घकालिक उपाय सुझाएगा। यह कार्यबल किसानों के लिए जरूरी परामर्श, विस्तार गतिविधियों और राज्य व केंद्र स्तर पर आवश्यक हस्तक्षेप संबंधी सुझाव भी देगा। इस विशेषज्ञ कार्यबल का गठन विभिन्न संस्थानों के वैज्ञानिकों, अधिकारियों और विशेषज्ञों को शामिल कर किया गया है। इसमें राष्ट्रीय लीची अनुसंधान केंद्र, मुजफ्फरपुर के निदेशक को अध्यक्ष बनाया गया है।

**इसमें निम्न सदस्य लिए गए हैं**

उद्यान-सह-बिहार राज्य बागवानी मिशन के निदेशक, बिहार सरकार द्वारा नामित प्रतिनिधि, पौधा संरक्षण, कृषि विभाग, बिहार सरकार के निदेशक द्वारा नामित प्रतिनिधि, डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा, समस्तीपुर के कीट वैज्ञानिक द्वारा नामित प्रतिनिधि, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर के प्रधान वैज्ञानिक (कीट विज्ञान) द्वारा नामित प्रतिनिधि, एकीकृत बागवानी विकास मिशन द्वारा नामित प्रतिनिधि, पूर्वी क्षेत्र के लिए भाकृअनुप-अनुसंधान परिसर और पहाड़ी एवं पठारी क्षेत्र के लिए कृषि प्रणाली अनुसंधान केंद्र, रांची के वैज्ञानिक डॉ. जयपाल सिंह चौधरी, राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो, बेंगलुरु के डॉ. एम. सम्पत कुमार, भाकृअनुप-राष्ट्रीय लीची अनुसंधान केंद्र, मुजफ्फरपुर वैज्ञानिक (कीट विज्ञान) डॉ. इप्सिता सामल तथा प्रधान वैज्ञानिक (कीट विज्ञान) डॉ. विनोद कुमार (सदस्य सचिव)। यह यह टीम एक सप्ताह में रिपोर्ट केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह के समक्ष प्रस्तुत करेगी, ताकि समय रहते जरूरी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

**लांबा बोलीं- मोदी सरकार के पहले 10 वर्षों में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 42,85,888 मामले दर्ज हुए**

# महिला कांग्रेस ने कहा- एनसीआरबी आंकड़ों ने खोली महिला सुरक्षा को लेकर मोदी सरकार के दावों की पोल

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

महिला कांग्रेस ने नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि मोदी सरकार के शासन में देश में महिलाओं की सुरक्षा की स्थिति भयावह हो चुकी है और अपराधियों को सजा देने के बजाय उन्हें संरक्षण दिया जा रहा है।

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने बताया कि 2014 से 2024 के बीच मोदी सरकार के कार्यकाल में महिलाओं के खिलाफ अपराध के कुल 42,85,888 मामले दर्ज किए




गए हैं। उन्होंने कहा कि ये सिर्फ आंकड़े नहीं हैं, बल्कि 42 लाख से अधिक वो महिलाएं और बच्चियां हैं जो एक दशक में दरिंदगी का शिकार हुई हैं और न्याय के लिए अदालतों के चक्कर काट रही हैं। उन्होंने कहा कि 2014 में जहां सालाना अपराध का आंकड़ा 3 लाख 40 हजार था, वहीं 2024 में यह बढ़कर लगभग 4 लाख 42 हजार हो गया है। देश में रोजाना 10 दलित महिलाओं के साथ दुष्कर्म हो रहा है। हर 70 मिनट में एक बच्ची या महिला दुष्कर्म का शिकार हो रही है। लांबा ने विशेष रूप से उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली का उल्लेख करते हुए महिला सुरक्षा की स्थिति पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि भाजपा का 'बेटी बचाओ' का नारा पूरी तरह खोखला साबित हुआ है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा का 'नारी वंदन' तो बहाना है, उसे नारी सुरक्षा के नाम पर मात्र घड़ियाली आंसू बहाना है, अपने खास नेताओं को सजा से बचाना है और साथ ही एपस्टीन फाइल्स से भी ध्यान भटकाना है।

लांबा ने महिला अपराधों की सूची में शीर्ष पर रहने वाले राज्यों का विवरण देते हुए भाजपा की डबल इंजन सरकार के मॉडल को विफल बताया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश महिला अपराध के 66,000 मामलों के साथ देश में नंबर एक पर है। इसके बाद महाराष्ट्र लगभग 48,000 मामलों के साथ दूसरे स्थान पर है। राजस्थान करीब 36,000 मामलों के साथ तीसरे स्थान पर है। मध्य प्रदेश व बिहार में महिला अपराध के क्रमशः लगभग 32,000 और 27,000 मामले दर्ज किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि देश की राजधानी दिल्ली भी सुरक्षित नहीं है और अपराध के मामले में शीर्ष राज्यों की श्रेणी में शामिल है। उन्होंने बताया कि देश में सबसे अधिक अपराध दलित और आदिवासी महिलाओं के खिलाफ हो रहे हैं। अलका लांबा ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विधानसभा क्षेत्र चंपावत में नाबालिग बच्ची से सामूहिक दुष्कर्म की घटना का जिक्र किया। उन्होंने आरोप लगाया कि एक भाजपा नेता समेत तीन पर मामला दर्ज है, लेकिन पुलिस दबाव बना रही है और परिवार को समझौते के लिए मजबूर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आरोपियों पर कार्रवाई करने के बजाय पुलिस ने पीड़िता के पिता को हिरासत में ले लिया और बच्ची को किसी से मिलने नहीं दिया जा रहा, जबकि आरोपी खुले घूम रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी धन-बल से सरकार की छवि बचाने के लिए पूरी ताकत लगा रहे हैं; अंकिता भंडारी हो या चंपावत की बच्ची, उन्हें उत्तराखंड की भाजपा सरकार में न्याय नहीं मिल सकता, इसीलिए उन्हें न्याय दिलाने के लिए राज्य से बाहर मामले की निष्पक्ष जांच करवानी होगी। उन्होंने हिमाचल प्रदेश के भाजपा विधायक हंसराज पर दर्ज नाबालिग से दुष्कर्म के मामले का भी जिक्र किया और कहा कि भाजपा उसे बचाने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रही है।

उन्होंने बिहार के पटना में हाल ही में नाबालिग लड़की के साथ हुई सामूहिक दुष्कर्म की घटना का जिक्र किया। उन्होंने बिहार की एक अन्य दिल दहला देने वाली घटना का भी उल्लेख किया, जिसमें एक लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म कर उसे मुख्यमंत्री आवास से कुछ दूरी पर कूड़े के ढेर में फेंक दिया गया था।लांबा ने यह भी कहा कि 2002 के बिलकिस बानो मामले में दोषियों की सजा माफ करने वाला गुजरात मॉडल अब पूरे देश में लागू हो गया है, जिसमें सामूहिक दुष्कर्म के मामलों में फांसी की बजाय उम्रकैद होती है और बाद में रिहाई हो जाती है।अलका लांबा ने मांग की कि जुलाई में होने वाले संसद के आगामी मॉनसून सत्र में एनसीआरबी के आंकड़ों पर चर्चा हो और सरकार केवल अपराध के आंकड़े न दे, बल्कि यह भी बताए कि अब तक कितनी पीड़िताओं को न्याय मिला है और विशेषकर पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामलों में कितने अपराधियों को फांसी की सजा दी गई है।

# अब 'पानी' से चलेगी मारुति सुजुकी की स्विफ्ट, कंपनी लाई अनोखी टेक्नोलॉजी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुजुकी मोटर कारपोरेशन और मोबिलिटी टेक्नोलॉजी कंपनी एवीएल ने 2026 वियना मोटर सिम्पोजियम में सुजुकी स्विफ्ट को हाइड्रोजन इंजन के साथ टेक्नोलॉजी डेमॉन्स्ट्रेटर के रूप में पेश किया है।

- वियना मोटर सिम्पोजियम 2026 में प्रदर्शित किया गया कार का प्रारूप

ग्लोबल लेवल के साथ इंडियन मार्केट में पॉपुलर हैचबैक स्विफ्ट अब नए एनर्जी सोर्स के साथ मार्केट में एंट्री मार सकती है।

पारंपरिक हाइड्रोजन व्हीकल फ्यूल सेल तकनीक पर चलते हैं, जहां हाइड्रोजन को बिजली में बदलकर मोटर चलाई जाती है। लेकिन इस नए प्रोटोटाइप में हाइड्रोजन को सीधे इंजन में जलाकर पावर जनरेट की जा रही है। सुजुकी-बेस्ड 1.4 लीटर 4-सिलेंडर हाइड्रोजन डीआई इंजन में एवीएल की नई हाइड्रोजन डीआई टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल हुआ है।

## सुजुकी मोटर और मोबिलिटी टेक्नोलॉजी एवीएल ने पेश किया हाइड्रोजन इंजन

### इंडिया लांच

भारत में मारुति सुजुकी स्विफ्ट पहले से ही बेस्टसेलर है। केंद्र सरकार और नितिन गडकरी हाइड्रोजन जैसे ग्रीन फ्यूल्स को बढ़ावा दे रहे हैं। कोच्चि एयरपोर्ट पर हाइड्रोजन स्टेशन पहले से चल रहा है। अगर इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलप हुआ तो ये हाइड्रोजन स्विफ्ट भारत में लांच हो सकती है। ये पेट्रोल, सीएनजी और इलेक्ट्रिक विकल्पों के बीच सस्टेनेबल चॉइस साबित हो सकती है।



फ्यूल एफिसियंसी : फ्यूल एफिशिएंसी की बात करें, तो हाइड्रोजन इंजन जीरो कार्बन एमिशन के साथ बेहतरीन एफिशियंसी देता है। टेल पाइप से केवल पानी निकलता है, जिससे ये ग्रीन फ्यूल का बेहतरीन विकल्प है।

### फीचर्स

फीचर्स में वायरलेस चार्जिंग, स्टीयरिंग माउंटेड कंट्रोल्स, अच्छा साउंड सिस्टम और मल्टी-मोड ड्राइविंग ऑप्शन शामिल हैं। सेफ्टी के मामले में स्विफ्ट हमेशा से मजबूत रही है। अपेक्षित फीचर्स में मल्टीपल एयरबैग्स, एबीएस, ईबीडी, स्टेबिलिटी कंट्रोल, रियर पार्किंग सेंसर्स और संभावित एडास सिस्टम्स शामिल हो सकते हैं। हाइड्रोजन वर्जन में भी सेफ्टी स्टैंडर्ड्स को ऊपर रखा गया है, खासकर हाइड्रोजन स्टोरेज टैंक्स को सेफ रखा गया है।

### इंजन और परफॉर्मेंस

ये इंजन लीन और स्टॉइकियोमेट्रिक (लेम्बदा=1) दोनों मोड में चल सकता है। कूल्ड ईजीआर के जरिए स्टॉइकियोमेट्रिक मोड में बेहतर परफॉर्मेंस मिलती है। ये पावरट्रेन लगभग 100 किलोवॉट (करीब 135 एचपी) पावर और 220 एनएम टॉर्क प्रोड्यूस करने में सक्षम है। ये तकनीक हाइड्रोजन इंजन की आम समस्याओं जैसे अनस्टेबल कंबर्शन को हल करती है और हाई पावर डेंसिटी, स्टेबल ऑपरेशन और स्केलेबल समाधान प्रदान करती है। ड्राइवेबिलिटी और एमिशन को पूरी तरह कैलिब्रेट किया गया है, जो इसे प्रोडक्शन के लिए तैयार किया गया है।

### डिजाइन और फीचर्स

स्विफ्ट का डिज़ाइन आकर्षक और स्पोर्टी बना हुआ है। कॉम्पैक्ट हैचबैक बॉडी में शार्प लाइन्स, बोल्ड फ्रंट ग्रिल और मॉडर्न एलईडी लाइटिंग के साथ ये युवा खरीदारों को आकर्षित करती है। इंटीरियर प्रीमियम और ड्राइवर-फोकस्ड है। बेहतर मैटेरियल, सॉफ्ट-टच डैशबोर्ड, मॉडर्न डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर और बड़ा टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम के साथ एप्पल कारप्ले/एंड्रॉइड ऑटो कनेक्टिविटी उपलब्ध है। केबिन स्पेशियस और आरामदायक है, जो डेली कम्यूटिंग के लिए परफेक्ट है।

## विशेषज्ञों का कहना, विश्वसनीय व्यापार ढांचा विकसित होने का इंतजार करे

# ट्रंप को अदालतों से झटके, धीमी पड़ सकती है भारत के साथ बीटीए वार्ता

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अदालतों में लगातार झटके मिलने से अमेरिकी शुल्क व्यवस्था को लेकर अनिश्चितता और बढ़ गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर आगे बढ़ने से पहले भारत को अमेरिका द्वारा अधिक स्थिर एवं कानूनी रूप से विश्वसनीय व्यापार ढांचा विकसित करने का इंतजार करना चाहिए।

विशेषज्ञों ने कहा कि यह फैसला इस बात की ओर ध्यान आकर्षित करता है कि ट्रंप के वैश्विक शुल्क विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के नियमों का उल्लंघन करते थे। अमेरिकी अदालतों द्वारा इन्हें निरस्त किया जाना बहुपक्षीय व्यापार मानकों के लिए सकारात्मक संकेत है।

### व्हाइट हाउस ने शुल्क को खारिज कर दिया


अमेरिका की एक संघीय अदालत ने देश के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' को एक और झटका देते हुए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए 10 प्रतिशत वैश्विक शुल्क को ''अवैध'' और ''कानून द्वारा अनधिकृत'' करार देते हुए खारिज कर दिया है।

### 24 फरवरी से 150 दिन के लिए लगाए थे

ट्रंप द्वारा पहले लगाए गए व्यापक शुल्कों को खारिज करने के उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद अमेरिकी प्रशासन ने 24 फरवरी को भारत सहित सभी देशों पर 150 दिन के लिए नए शुल्क लगाए गए थे। उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि अंतरराष्ट्रीय आपात आर्थिक शक्तियां अधिनियम (आईईईपीए) शुल्क लगाने की अनुमति नहीं देता।

### मलेशिया पहले ही समझौते से पीछे हट चुका

श्रीवास्तव ने कहा ''अमेरिकी शुल्कों को लेकर कानूनी अनिश्चितता का असर व्यापार वार्ताओं पर भी पड़ रहा है। मलेशिया पहले ही अमेरिका के साथ व्यापार समझौते से पीछे हट चुका है जबकि कई अन्य देश भी अपने समझौतों पर पुनर्विचार कर रहे हैं।''



वैश्विक शुल्क नियमों का उल्लघंनः चिंतन रिसर्च फाउंडेशन के अध्यक्ष और विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के पूर्व निदेशक शिशिर प्रियदर्शी ने कहा कि संघीय अदालत का फैसला यह स्पष्ट करता है कि ट्रंप के वैश्विक शुल्क डब्ल्यूटीओ नियमों का उल्लंघन करते हैं।

- ट्रंप के वैश्विक शुल्क डब्ल्यूटीओ के नियमों का उल्लघंन करते हैं
- अमेरिकी अदालत द्वारा इसे निरस्त किया जाना सकारात्मक संकेत
- ट्रंप द्वारा लगाए 10 प्रतिशत शुल्क को भी अदालत ने अवैध बताया

### अमेरिका बचने के नये रास्ते तलाश सकता है

*प्रियदर्शी ने कहा, ''हालांकि फैसले पर अमल फिलहाल रोका गया है इसलिए अनिश्चितता बनी हुई है। हमें सतर्क रहना होगा क्योंकि अमेरिका इस फैसले से बचने के नए रास्ते तलाश सकता है।'' ये शुल्क 20 फरवरी को लागू होने के 50 दिन से भी कम समय में निरस्त कर दिए गए। जीटीआरआई के अनुसार, यह निर्णय फिलहाल केवल उन पक्षों पर लागू होता है जिन्होंने मामला दायर किया था।*

### तरजीह राष्ट्र के लिए भी शुल्क कम करने तैयार नहीं अमेरिका

*श्रीवास्तव ने कहा, '' फिलहाल अमेरिका अपने 'सर्वाधिक तरजीही राष्ट्र' (एमएफएन) के लिए भी शुल्क कम करने को तैयार नहीं है, जबकि वह भारत से अधिकतर क्षेत्रों में अपने एमएफएन शुल्क कम या समाप्त करने की अपेक्षा कर रहा है। भारत के स्थायी बाजार पहुंच में रियायतें देने और बदले में उसे कोई ठोस शुल्क लाभ न मिलने से व्यापार समझौता एकतरफा हो सकता है।''*

# सोने, चांदी की कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली (भाषा)।** पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के बीच निवेशकों की मुनाफावसूली से स्थानीय सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने और चांदी की कीमतों में नरमी आई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, दिल्ली में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 100 रुपये की गिरावट के साथ 1,55,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। इससे पहले, बृहस्पतिवार को यह 1,56,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) पर बंद हुआ था। वहीं 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी टूटकर 1,55,100 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा, जबकि बृहस्पतिवार को यह 1,55,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार रहा था। सर्राफा संघ के अनुसार, चार दिन की तेजी के बाद मुनाफावसूली के चलते चांदी की कीमतों में भी नरमी आई। चांदी 200 रुपये की गिरावट के साथ 2,61,300 रुपये प्रति किलोग्राम रही। यह बृहस्पतिवार को 2,61,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर थी। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के जिंस विश्लेषक, मानव मोदी ने कहा, ''पिछले सत्र में आई तेजी के बाद सोने की कीमतों में कुछ नरमी आई। अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते की उम्मीद कमजोर पड़ने से सोने के दाम में नरमी आई। इससे डॉलर में फिर से मजबूती आई।''

- चार दिन की तेजी के बाद मुनाफावसूली के चलते चांदी की कीमतों में भी नरमी आई



### सर रतन टाटा ट्रस्ट की बहुप्रतीक्षित बोर्ड बैठक रद्द

**नई दिल्ली।** सर रतन टाटा ट्रस्ट की शुक्रवार को प्रस्तावित बोर्ड बैठक बिना कोई कारण बताये रद्द कर दी गई। मामले से जुड़े लोगों ने यह जानकारी दी। निदेशक मंडल की इस बैठक में टाटा सन्स के निदेशक मंडल में नामित किये जाने पर पुनर्विचार किया जाना था। यह बैठक बंबई उच्च न्यायालय के बैठक पर रोक लगाने से इनकार के बावजूद रद्द की गई। टाटा ट्रस्ट के पास टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी टाटा सन्स में 23.6 प्रतिशत हिस्सेदारी है जिसका आकार 180 अरब डॉलर से अधिक है।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 CrPC / 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राम सूरत पुत्र** राजा राम, **निवासी** बी–306, जेजे कॉलोनी, इंदरपुरी, नई दिल्ली, ने **FIR No. 12275/2016, U/S 379/411 IPC, पुलिस स्टेशन सरोजनी नगर, दक्षिण–पश्चिम जिला, नई दिल्ली**, के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राम सूरत** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राम सूरत** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 12275/2016, U/S 379/411 IPC, पुलिस स्टेशन सरोजनी नगर, दक्षिण–पश्चिम जिला, नई दिल्ली**, के उक्त अभियुक्त **राम सूरत** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.06.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री विजयश्री राठौर
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05,
कोर्ट नं0–13, प्रथम तल, मुख्य भवन,
पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली

DP/6045/SW/2026
(Court Matter)


# शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट, सेंसेक्स 516 अंक फिसला

**मुंबई (एजेंसी)।** पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच निवेशकों की धारणा कमजोर पड़ने से घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही। सेंसेक्स करीब 516 अंक टूटकर बंद हुआ जबकि निफ्टी में 150 अंक की गिरावट आई। विश्लेषकों के मुताबिक, पश्चिम एशिया में तनाव के कारण ऊर्जा आपूर्ति को लेकर चिंताएं बढ़ने से बाजार में जोखिम से बचने का रुझान देखा गया। विदेशी निवेशकों की बिकवाली और वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख ने भी गिरावट को बढ़ाया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 516.33 अंक गिरकर 77,328.19 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 698.09 अंक तक लुढ़क गया था। वहीं निफ्टी 150.50 अंक यानी 0.62 प्रतिशत गिरकर 24,176.15 अंक पर आ गया। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से भारतीय स्टेट बैंक के शेयर में मार्च तिमाही नतीजों के बाद 6.62 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी नुकसान में रहे।


### सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।



### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **1) फतेह खान, पुत्रः अनीश, 2) शेर खान, पुत्रः अनीश, पताः म.नं. 1, गली नं. 4, कबीर नगर, दिल्ली** ने **FIR No. 322/2017, U/s 323/451/506/34 IPC, पुलिस थाना वेलकम, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **1) फतेह खान, 2) शेर खान** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **1) फतेह खान, 2) शेर खान** फरार हो गए हैं (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 322/2017, U/s 323/451/506/34 IPC, पुलिस थाना वेलकम, दिल्ली** के अभियुक्त **1) फतेह खान, 2) शेर खान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.06.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार – सुश्री दीपाक्षी राणा
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03
शाहदरा जिला, कमरा नं. 19, पहली मंजिल,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/5935/NE/2026



### उत्तर रेलवे

ई–नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/जी, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा पार्किंग लॉट्स/साइट्स/एमपीएस इकाइयों के आवंटन हेतु ई–नीलामी, IREPS पोर्टल (https://ireps.gov.in/) पर ई–बोली निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती है:–

| ई–कैटलॉग संख्या | ई–नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन/स्थान/पार्किंग लॉट |
|---|---|---|
| Parking-16-2026 | 25.05.2026 को 11:00 बजे | कीर्ति नगर PRS = कुल 01 साइट। |
| MPS-MAY-01-26 | 25.05.2026 को 11:00 बजे | नई दिल्ली, दिल्ली, हज़रत निजामुद्दीन, दिल्ली सराय रोहिल्ला, करनाल, मोदीनगर, मेरठ कैंट – कुल 29 एमपीएस इकाइयाँ। |
| वेबसाइट विवरण जहां ई–नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है | | https://ireps.gov.in/ |

आईआरईपीएस के माध्यम से आयोजित ई–नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य है:

1. इच्छुक बोलीदाताओं को आईआरईपीएस (वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल) में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा। पहले से ही अन्य आईआरईपीएस खाता रखने वाली संस्थाएं भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल के लिए नामांकित करने में सक्षम होगी।
2. एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान
3. भारतीय स्टेट बैंक में चालु खाता
4. आईआरईपीएस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक के खाते का एकीकरण
5. फण्ड का लियन मार्किंग
6. टर्नओवर का अद्यतनीकरण (Updation)
7. जिन ठेकेदारों के पास आईआरपीएस के किसी भी मोड्यूल के लिए आई आर पी एस खाता नहीं हैं, वे आईआरईपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई–निविदा/ई–नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं।

| | |
|---|---|
| सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी | वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/जी, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली – 110055<br>Email: pkg.delhidivision@gmail.com<br>Tel: 011-23743084 |

संख्याः 23AC/393/E-Auction/PKG/2026 दिनांक: 08.05.2026 1552/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## राशिफल

**मेष** – किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

**वृष** – मन में उतार–चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** – पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** – आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।

**सिंह** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या** – पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** – मन में आशा–निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**धनु** – मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर** – क्रोध से बचें। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ** – रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन** – पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

# एनटीपीसी ने एमसीडी में किया 26 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की संयुक्त उद्यम कंपनी एनटीपीसी ईडीएमसी वेस्ट सॉल्यूशंस में 26 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया है। इसके साथ ही एनटीपीसी ईडीएमसी वेस्ट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड (एनईडब्ल्यूएस) एनटीपीसी की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी बन गई है। शेयर बाजारों को भेजी सूचना में बिजली क्षेत्र की दिग्गज कंपनी ने कहा कि फिलहाल उसके पास एनटीपीसी ईडीएमसी वेस्ट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड में 74 प्रतिशत हिस्सेदारी है।''एनटीपीसी ने दिल्ली नगर निगम और एनटीपीसी ईडीएमसी वेस्ट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के साथ 11 जून, 2019 के संयुक्त उद्यम समझौते को समाप्त करने और एमसीडी की एनईडब्ल्यूएस में 26 प्रतिशत शेयरधारिता (52,000 इक्विटी शेयर) के अधिग्रहण के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। एनटीपीसी बोर्ड और एमसीडी के हाउस ऑफ कॉरपोरेशन ने एनटीपीसी द्वारा एनईडब्ल्यूएस में एमसीडी की 26 प्रतिशत हिस्सेदारी की खरीद को मंजूरी दे दी है। 26 प्रतिशत शेयरधारिता के अधिग्रहण की लागत 5,20,000 रुपये है (10 रुपये अंकित मूल्य वाले 52,000 इक्विटी शेयर)।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए


मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **हरीश उर्फ यासीन, पुत्रः बाबू लाल कनौजिया, निवासीः मकान नंबर–ई–2319, जेजे कॉलोनी, बवाना, दिल्ली** ने **FIR No.: 641/2017, Dated.: 19/08/2017, U/s: 376/506 IPC & 4 POCSO Act, पुलिस थाना नरेला, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **हरीश उर्फ यासीन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **हरीश उर्फ यासीन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना नरेला, दिल्ली** के अभियुक्त **हरीश उर्फ यासीन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 09.06.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री अमित सहरावत
एएसजे–01, (पॉक्सो), उत्तर, कमरा नंबर 306, तीसरी मंजिल,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/6037/ON/2026


## शब्द पहेली - 6220




**बाएँ से दाएँ**
1.बलवान,ताकतवर–4
3.गाल,कपोल(ऊर्दू)–4
6.अनाज, धान–2
7.अवनति–3
8.जीवन तत्व–2
10.पुलिसकर्मी–4
11.भीगा हुआ–2
13.घमंडी,अभिमानी–4
15.दर्शन–3
17.अजदहा,शयालु–4
20.वायु रोग–2
21.दोस्त,सखा–3
23.ख्वाब,स्वप्न–3
25.अपशिष्ट पदार्थ–2
26.जंगल की आग–4
29.पुत्र,लड़का–3
31.पैगंबर,महापुरुष–4
32.राय,वोट–2
34.आफिस,दफ्तर–4
35.वीज,वीर्य–2
37.घर,भवन–3
39.सप्तम–2
40.आक्रमण,हमला–4
41.बलवान,सबल–4

**ऊपर से नीचे**
1.एक छोटी डबलरोटी–2
2.धर्मेंद्र,जीनत की एक फिल्म जो हीरे की चोरी पर बनी थी–4
3.मौसम,ऋतु–2
4.खोदना–3
5.छुट्टी,अवकाश–2
6.उदास,दुखी–4
7.पंख,पराया–2
9.जहीनता–4
10.आवश्यकता–4
12.अभिमान,गरुर–2
14.अग्नि,अनल–2
16.विदा होना–3
18.कुशल–3
19.फलों का रस–2
21.संगम,मिलना–3
22.वायदा–2
24.हार,मात–4
25.स्वार्थी–4
27.दीवार (अंग्रेजी–2)
28.आदत–4
30.यमराज–2
31.उथल–पुथल–4
33.पदक–3
34.श्रवणेंद्रिय–2
36.जीत,विजय–2
38.छोटी सवारी गाड़ी–2
39.पत्नी की बहन–2

### शब्द पहेली- 6219 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ना | द | र | णी | य | | प्र | क्षे | प | क |
| सं | ग | | वे | | कृ | पा | ण | | र | म |
| वै | | अ | दा | व | त | | य | हां | | जो |
| धा | रा | दा | र | | | अ | | का | त | र |
| नि | | व | | प्र | क्षा | ल | न | | म | |
| क | म | त | र | ता | | सा | ग | र | गा | मी |
| | लि | | स | र | मा | या | | द | | न |
| बे | का | बू | | णा | | | व | न | वा | सी |
| क | | आ | स | | अ | द | र | क | | लै |
| द | म | | ब | हा | र | | दा | | ता | व |
| र | सा | त | ल | | ज | ही | न | कु | श | ल |



## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| हैदराबाद | 11 | 7 | 4 | 14 |
| पंजाब | 10 | 6 | 3 | 13 |
| बेंगलुरु | 10 | 6 | 4 | 12 |
| राजस्थान | 10 | 6 | 4 | 12 |
| गुजरात | 10 | 6 | 4 | 12 |
| चेन्नई | 10 | 5 | 5 | 10 |
| कोलकाता | 10 | 4 | 5 | 9 |
| दिल्ली | 11 | 4 | 7 | 8 |
| मुंबई | 10 | 3 | 7 | 6 |
| लखनऊ | 10 | 3 | 7 | 6 |

ऑरेंज कैप | पर्पल कैप



हेनरिक क्लासेन — 494 रन — हैदराबाद

भुवनेश्वर कुमार — 17 विकेट — बेंगलुरु

# एलेन के आक्रामक शतक से केकेआर ने दिल्ली को हराकर उम्मीदें कायम रखी



## कोलकाता की लगातार चौथी जीत, कैपिटल्स को 8 विकेट से दी मात

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

फिन एलेन के 47 गेंद में नाबाद शतक और अनुभवी स्पिनर सुनील नारायण की अगुवाई में अपने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल में 'करो या मरो' के मुकाबले में शुक्रवार को दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट से हराकर प्लेआफ की उम्मीदें कायम रखी है। पहले गेंदबाजी करते हुए केकेआर ने दिल्ली को आठ विकेट पर 142 रन पर रोक दिया था। जवाब में जीत का लक्ष्य 14.2 ओवर में दो विकेट खोकर हासिल कर लिया जिसमें 'इंपैक्ट सब ' एलेन ने 47 गेंद में पांच चौकों और दस छक्कों की मदद से नाबाद सौ रन बनाये। एलेन ने मुकेश कुमार को छक्का लगाकर तिहरे अंक को छुआ और टीम को जीत भी दिलाई। इस जीत के बाद केकेआर दस मैचों में नौ अंक लेकर सातवें स्थान पर पहुंच गई है जबकि दिल्ली 11 मैचों में आठ अंक लेकर आठवें स्थान पर है और प्लेआफ की दौड़ से लगभग बाहर है। पहले बल्लेबाजी के लिये भेजी गई दिल्ली के बल्लेबाजों ने एक बार फिर निराश किया और पाथुम निसांका (29 गेंद में 50 रन) तथा सातवें नंबर पर उतरे आशुतोष शर्मा (28 गेंद में 39) को छोड़कर कोई टिककर नहीं खेल सका। बीच के ओवरों में एक बार छह ओवर से अधिक कोई बाउंड्री नहीं लगी और आखिरी ओवर में भी तीन ही रन बने। केकेआर के लिये नारायण ने चार ओवर में 17 रन देकर एक विकेट लिया। वरूण चक्रवर्ती ने चार ओवर में 28 रन दिये जबकि अनुकूल रॉय ने 31 रन देकर दो विकेट चटकाये।

इस हार के बाद दिल्ली प्लेऑफ रेस से लगभग बाहर

### दिल्ली-142/8 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| निसांका स्ट रघुवंशी बो रॉय | 50 |
| लोकेश का ग्रीन बो त्यागी | 23 |
| नीतिश राणा का नारायण बो ग्रीन | 8 |
| समीर का पावेल बो नारायण | 3 |
| ट्रिस्टन स्टब्स बो रॉय | 2 |
| अक्षर पटेल का रॉय बो अरोड़ा | 11 |
| आशुतोष का रहाणे बो त्यागी | 39 |
| विपराज निगम नाबाद | 3 |
| मिचेल स्टार्क रन आउट | 0 |
| लुंगी एंगिडि नाबाद | 1 |

अतिरिक्त : दो रन

योग : 20 ओवर में आठ विकेट पर 142

विकेट पतन : 1-49, 2-74, 3-80, 4-85, 5-89, 6-128, 7-140, 8-140

गेंदबाजी : रॉय 4-0-31-2, अरोड़ा 3-0-29-1, नारायण 4-0-17-1, त्यागी 4-0-25-2, वरूण 4-0-28-0, ग्रीन 1-0-12-1

### फिन एलेन बने मैन आफ द मैच

### कोलकाता-147/2 (14.2)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| अजिंक्य रहाणे रन आउट | 13 |
| फिन एलेन नाबाद | 100 |
| अंगकृष रघुवंशी बो पटेल | 1 |
| कैमरन ग्रीन नाबाद | 33 |

अतिरिक्त : 0

योग : 14 .2 ओवर में दो विकेट पर 147 रन

विकेट पतन : 1-29, 2-31

गेंदबाजी : स्टार्क 3-0-31-0, पटेल 4-0-27-1, एंगिडि 2-0-7-0, निगम 2-0-34-0, कुलदीप 3-0-41-0, मुकेश 0.2-0-7-0

## खबर संक्षेप

### संधू ने पहले दौर में चार अंडर 68 का कार्ड खेला



**बार्सिलोना।** भारतीय गोल्फर युवराज संधू ने यहां एस्ट्रेला डैम कैटालून्या चैंपियनशिप गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में चार अंडर 68 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त रूप से 16वें स्थान पर बने हुए हैं। वह पहले दौर में शीर्ष पर चल रहे शॉन नौरिस (65) से चार शॉट पीछे हैं। वहीं दो अन्य भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा (71) और वीर अहलावत (75) को काफी कठिनाई हुई। पहले दौर के बाद शर्मा संयुक्त 70वें और अहलावत संयुक्त 136वें स्थान पर बने हुए हैं।

### एस्टन विला यूरोपा लीग के फाइनल में



**लंदन।** जॉन मैकगिन के दो गोल की मदद से एस्टन विला ने नॉटिंघम फॉरेस्ट को सेमीफाइनल के दूसरे चरण में 4-0 से हराकर यूरोपा लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। यह पिछले 44 वर्षों में पहला अवसर है जबकि एस्टन विला ने यूरोप के किसी बड़े टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। इंग्लैंड की दो टीम के बीच खेले गए सेमीफाइनल में एस्टन विला ने शुरू से ही दबदबा बनाए रखा था। वह सेमीफाइनल के पहले चरण में 0-1 से हार गया लेकिन आखिर में 4-1 के कुल स्कोर से जीत दर्ज करने में सफल रहा। एस्टन विला 20 मई को इस्तांबुल में होने वाले फाइनल में जर्मन क्लब फ्रीबर्ग से भिड़ेगा। फ्रीबर्ग ने सेमीफाइनल के दूसरे चरण में ब्रागा को 3-1 से हराकर कुल 4-3 से जीत हासिल की। एस्टन विला 1982 में यूरोपा कप में बायर्न म्यूनिख पर जीत हासिल करने के बाद से पहली बार यूरोप के किसी बड़े टूर्नामेंट के फाइनल में खेलेगा।

### धोनी का विकेट लेने व ज्यादा जश्न पर वह नाराज हो गए थे : अश्विन



**नई दिल्ली।** भारत के दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने शुक्रवार को खुलासा किया कि अपने करियर के शुरुआती दौर में चैलेंजर ट्रॉफी में महेंद्र सिंह धोनी को आउट करने के बाद जरूरत से ज्यादा जश्न मनाने पर यह पूर्व भारतीय कप्तान नाराज हो गया था। जियोस्टार के 'द रविचंद्रन अश्विन एक्सपीरियंस' कार्यक्रम में इस ऑफ स्पिनर ने याद किया कि उन्हें लगा था कि धोनी को आउट करने से उन्हें आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए खेलने का मौका मिल सकता है। अश्विन ने कहा, ''सीएसके की टीम में मुथैया मुरलीधरन थे। एक दिग्गज खिलाड़ी जो अपने कोटे के पूरे ओवर कर रहे थे। इसलिए मुझे (सीएसके के लिए खेलने के) मौके नहीं मिल रहे थे। मैं 2008 में नहीं खेला, लेकिन 2009 में मुझे केपटाउन में मुंबई इंडियंस के खिलाफ सचिन तेंदुलकर के सामने अपना पहला मैच खेलने का मौका मिला।

## बोर्ड की भ्रष्टाचार विरोधी इकाई ने घटनाओं को उजागर किया

# खिलाड़ियों के कमरों में अनधिकृत प्रवेश पर रोक बीसीसीआई ने हनी ट्रैप, सुरक्षा जोखिम के प्रति चेताया


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने संभावित 'हनी ट्रैप, कानूनी दायित्व और सुरक्षा जोखिमों' के प्रति आगाह करते हुए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ के सदस्यों और टीम अधिकारियों के होटल के कमरों में अनधिकृत लोगों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है, क्योंकि बोर्ड की भ्रष्टाचार विरोधी इकाई (एसीयू) ने 'दुर्व्यवहार और प्रोटोकॉल के उल्लंघन' की घटनाओं को उजागर किया था।

बीसीसीआई ने आईपीएल की 10 फ्रेंचाइजी के लिए जारी एक पत्र में कहा है कि खिलाड़ियों और अधिकारियों के कमरों में मेहमानों के प्रवेश के लिए टीम मैनेजरों से लिखित अनुमति लेना अनिवार्य होगी। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने 10 फ्रेंचाइजी के सीईओ को जो पत्र लिखा है, उसकी एक प्रति पीटीआई के पास है।

### मौजूदा सत्र में कुछ घटनाएं सामने आई

*सैकिया ने पत्र में कहा है, ''मौजूदा सत्र के दौरान कुछ घटनाओं को देखते हुए यह सलाह जारी की गई है और इसका उद्देश्य आईपीएल से जुड़े सभी हितधारकों से अपेक्षित पेशेवरपन, अनुशासन, सुरक्षा जागरूकता और प्रोटोकॉल का पालन करने के मानकों को मजबूत करना है।''*




सांकेतिक तस्वीर

### हनी ट्रैपिंग की और भी ध्यान आकर्षित किया गया

पत्र के अनुसार ''बीसीसीआई सभी फ्रेंचाइजी का ध्यान शीर्ष स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में लक्षित यौन शोषण और 'हनी ट्रैपिंग' (सुनियोजित जासूसी या ब्लैकमेलिंग का तरीका, जिसमें किसी व्यक्ति को प्रेम, यौन आकर्षण या भावनात्मक प्रलोभन में फंसाया जाता है) के जोखिमों की तरफ आकर्षित करता है।''

### घटनाओं पर ध्यान न देने पर बोर्ड की प्रतिष्ठा को नुकसान

*सैकिया ने पत्र की प्रस्तावना में कहा, ''यदि इन घटनाओं पर ध्यान नहीं दिया गया, तो टूर्नामेंट, संबंधित फ्रेंचाइजी और शासी निकाय के रूप में बीसीसीआई की प्रतिष्ठा को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है। इससे व्यक्तियों और फ्रेंचाइजी को गंभीर कानूनी दायित्व और सुरक्षा जोखिमों का सामना करना पड़ सकता है।''*

### सभी खिलाड़ियों को एसओपी दी गई

*सभी खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के सदस्यों को अब एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) दी गई है जिसका पालन टूर्नामेंट की पूरी अवधि के दौरान करना आवश्यक होगा। (इसमें कहा गया है, ''टीम मैनेजर की पूर्व सूचना और स्पष्ट लिखित स्वीकृति के बिना खिलाड़ी या सहायक स्टाफ सदस्य के होटल के कमरे में किसी अन्य व्यक्ति को प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।''*

### फ्रेंचाइजी को सतर्क और सक्रिय रहना होगा

बोर्ड ने कहा, ''ऐसी घटनाओं की संभावना को नकारा नहीं जा सकता जिनसे गंभीर कानूनी आरोप लग सकते हैं, जिनमें यौन दुर्व्यवहार से संबंधित लागू भारतीय कानूनों के तहत आरोप भी शामिल हैं। आईपीएल फ्रेंचाइजी को ऐसे जोखिमों को कम करने के लिए हर समय सतर्क और सक्रिय रहना चाहिए।''

### प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करना होगा

बीसीसीआई ने कहा, ''आईपीएल फ्रेंचाइजी के मालिकों और उनके प्रतिनिधियों को मैच के दौरान डगआउट, ड्रेसिंग रूम या मैदान में खिलाड़ियों या टीम के अधिकारियों के साथ संवाद करने या शारीरिक रूप से उन तक पहुंचने से सख्ती से प्रतिबंधित किया गया है।'' इसमें कहा गया है, ''सभी फ्रेंचाइजी मालिकों को आईपीएल के पीएमओए प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करना होगा।

### ई-सिगरेट सेवन के कारण बोर्ड को बदनामी झेलनी पड़ी

असम के क्रिकेटर और राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग का मैच के दौरान ड्रेसिंग रूम में वेपिंग (ई-सिगरेट का सेवन) करने से न केवल फ्रेंचाइजी बल्कि बीसीसीआई को भी काफी बदनामी झेलनी पड़ी है। सैकिया ने रियान का नाम लिए बिना लिखा कि ड्रेसिंग रूम और टूर्नामेंट स्थलों के अन्य प्रतिबंधित क्षेत्रों में वेपिंग के मामलों को बीसीसीआई के संज्ञान में लाया गया है।

## विश्व कप तीरंदाजी

# सिमरनजीत व साहिल ने भारत को पदक की दौड़ में बनाए रखा



एजेंसी ▶▶ शंघाई

रिकर्व तीरंदाज सिमरनजीत कौर और कंपाउंड तीरंदाज साहिल जाधव ने शुक्रवार को यहां उतार-चढ़ाव भरे अभियान में भारत के लिए अप्रत्याशित रूप से शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने पहले तीरंदाजी विश्व कप में पदक की उम्मीदें बरकरार रखी हैं।

एशियाई खेलों की टीम कांस्य पदक विजेता सिमरनजीत ने विश्व कप के दूसरे चरण में सेमीफाइनल में पहुंचकर व्यक्तिगत रूप से मिले अवसर का भरपूर फायदा उठाया। वह इससे पहले क्वालीफाइंग दौर में दीपिका कुमारी से तीन अंक पीछे रहने के कारण भारतीय महिला टीम में जगह बनाने से चूक गई थीं। हरियाणा की 27 वर्षीय खिलाड़ी ताइवान की किशोरी फोंग यू झू को सीधे सेटों में 6-0 (27-24, 28-26, 29-26) से हराकर विश्व कप में अपना पहला पदक जीतने से सिर्फ एक जीत दूर है। इससे पहले फोंग ने दूसरे दौर में भारत की शीर्ष क्रम की तीरंदाज अंकिता भकत को चौंका दिया था।

सिमरनजीत ने क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे की 19 वर्षीय खिलाड़ी के खिलाफ नौ तीरों में से सिर्फ छह अंक गंवाते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जारी रखा। उनके सामने अब सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया की विश्व नंबर एक खिलाड़ी कांग चेयॉन्ग की चुनौती होगी। यह उनके करियर की सबसे कठिन चुनौती है।

### पुरुषों में अतनु दास का प्रदर्शन सबसे खराब रहा

भारतीय पुरुषों में पूर्व नंबर एक अतनु दास का प्रदर्शन सबसे खराब रहा और वह बांग्लादेश के मोहम्मद मिशाद प्रधान के हाथों पहले ही दौर में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। पारंपरिक रूप से भारत की ताकत मानी जाने वाली कंपाउंड स्पर्धाओं में पहले बड़ी निराशा हाथ लगी थी क्योंकि कोई भी भारतीय टीम पदक राउंड तक नहीं पहुंच सकी।

## शतरंज

# रैपिड में कारुआना को हराकर चौथे स्थान पर रहे डी गुकेश



एजेंसी ▶▶ वारसॉ (पोलैंड)

विश्व चैंपियन डी गुकेश ने सुपर रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट के रैपिड वर्ग के नौवें और अंतिम दौर में अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारुआना को हराकर संयुक्त चौथा स्थान हासिल किया। पि छ ले कुछ महीनों से अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाले गुकेश ने इस तरह से फॉर्म में वापसी की।

रैपिड वर्ग के बाद अब ब्लिट्ज वर्ग में 18 दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं। रैपिड के अंतिम दिन 19 वर्षीय गुकेश ने फ्रांसीसी ग्रैंडमास्टर मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव के खिलाफ हार के साथ शुरुआत की और फिर आठवें दौर में स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसेव के साथ ड्रॉ खेला। अमेरिकी खिलाड़ी हैंस मोके नीमन ने 13 अंकों के साथ इस वर्ग का विजेता बनकर इतिहास रचा। नीमन ने अपने हमवतन वेस्ली सो को पूरे एक अंक से पीछे छोड़ा। फेडोसेव 11 अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहे। गुकेश ने कहा, ''रैपिड वर्ग में मेरा प्रदर्शन उतार चढ़ाव वाला रहा। मैंने अच्छा खेल दिखाया लेकिन मैं कुछ मौके चूक गया।

### ग्लोबल शतरंज लीग का चौथा सत्र भारत में होगा

*नई दिल्ली। टेक महिंद्रा और फिडे की संयुक्त पहल ग्लोबल शतरंज लीग का चौथा सत्र भारत में आयोजित किया जाएगा। टूर्नामेंट के आयोजकों ने शुक्रवार को यह घोषणा करते हुए कहा कि उनका उद्देश्य देश में लोकप्रिय हो रही शतरंज संस्कृति का लाभ उठाना है। जीसीएल ने कहा कि मेजबान शहर की घोषणा जल्द की जाएगी। इस आयोजन का तीसरा सत्र पिछले दिसंबर में मुंबई में आयोजित किया गया था, जिसमें एल्पाइन एसजी पाइपर्स टीम चैंपियन बनी थी। लीग ने खेल के प्रारूप में बदलाव किया है। रैपिड प्रारूप के मुकाबलों, मिश्रित टीमों और कड़े प्रतिस्पर्धी मैचों के जरिए इसे दर्शकों के लिए अधिक आकर्षक बनाने की कोशिश की जा रही है। ग्लोबल शतरंज लीग के आयुक्त गौरव रक्षित ने कहा, ''खेल के प्रति भारत का जुनून और इसका तेजी से बढ़ता शतरंज पारिस्थितिकी तंत्र इसे लीग के लिए एक स्वाभाविक गंतव्य बनाता है।*

# रोनाल्डो ने सऊदी प्रो लीग में किया अपना 100वां गोल



**रियाद।** दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने सऊदी प्रो लीग में अपना 100वां गोल किया, जिससे अल-नासर ने अल-शबाब को 4-2 से हराकर तालिका में शीर्ष पर पांच अंकों की बढ़त बना ली। इस 41 वर्षीय फॉरवर्ड ने गुरुवार को मैच समाप्त होने से 15 मिनट पहले साडियो माने के क्रॉस पर हुए गोल किया जो उनके करियर का 971वां गोल है। यह इस सत्र में लीग में उनका 26वां गोल भी था। चेल्सी के पूर्व खिलाड़ी जोआओ फेलिक्स ने अल-नासर की तरफ से तीन गोल किए। इस जीत से अल-नासर के 32 मैचों में 82 अंक हो गए हैं, जो दूसरे नंबर पर काबिज अल-हिलाल से पांच अंक अधिक हैं। अल-हिलाल को अभी तीन मैच खेलने हैं जो अल-नासर से एक अधिक है। पांच बार के बैलोन डीओर विजेता रोनाल्डो दिसंबर 2022 में अल-नासर से जुड़े थे लेकिन उनकी मौजूदगी में इस टीम ने सऊदी अरब में अभी तक कोई बड़ी ट्रॉफी नहीं जीती है।

# क्रिकेट भारत का नंबर एक खेल : डिवैक

## लेकिन बास्केटबॉल के लिए भी अपार संभावनाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एनबीए के महान खिलाड़ी व्लाडे डिवैक इस बात से अच्छी तरह वाकिफ हैं कि भारत में क्रिकेट नंबर एक खेल है लेकिन इसके बावजूद उन्हें उम्मीद है कि बास्केटबॉल भी देश में अपनी जगह बना लेगा। सैक्रामेंटो किंग्स के सात फीट एक इंच लंबे इस खिलाड़ी ने शुक्रवार को यहां अमेरिकन सेंटर में राष्ट्रीय राजधानी के विभिन्न स्कूलों और अकादमियों के 100 से अधिक बच्चों के साथ बास्केटबॉल खेली। डिवैक ने कहा, ''मैं वास्तव में हैरान हूं। बच्चे काफी प्रतिभाशाली हैं।'' दो ओलंपिक रजत पदक (1988 और 1996) और दो विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण पदक (1990 और 2002) के विजेता डिवैक ने युवा खिलाड़ियों के साथ काफी समय बिताया। उन्होंने कहा, ''मैं लड़कियों के प्रदर्शन से काफी प्रभावित



हूं। भारत बड़ा देश है और यहां बहुत सारे बच्चे हैं। भारत अगर सही राह पर चले तो वह इस खेल में मजबूत शक्ति बन सकता है। एनबीए एक वैश्विक ब्रांड है और भविष्य में हमारे पास भारत से कुछ एनबीए खिलाड़ी हो सकते हैं।'' भारत की एनबीए में पहले भी उपस्थिति रही है, जब कनाडा में जन्मे सिम भुल्लर 2015 में लीग के साथ अनुबंध करने वाले भारतीय मूल के पहले खिलाड़ी बने थे। संयोग से यह सैक्रामेंटो किंग्स ही था जिसने उन्हें टीम में शामिल किया था और उस समय डिवैक टीम के बास्केटबॉल संचालन के उपाध्यक्ष थे। सतनाम सिंह एनबीए में खेलने वाले पहले भारतीय बने थे। उन्होंने 2015 में डलास मावेरिक्स से अनुबंध किया था। डिवैक ने कहा, ''भारत एक विशाल देश है जिसके लोग बेहद खूबसूरत हैं। हम बास्केटबॉल के लिए बच्चों को तैयार करने में उनकी मदद करना चाहेंगे। मुझे पता है कि उन्हें कई खेल पसंद हैं, जिनमें सबसे ऊपर क्रिकेट है और उन्हें हमेशा इस खेल से लगाव बनाए रखना चाहिए क्योंकि यह 'राष्ट्रीय खेल' है।''

## गुजरात आज जयपुर में जीत का सिलसिला जारी रखने उतरेगा

# राजस्थान से आगे निकलने की कोशिश में गुजरात टाइटंस

एजेंसी ▶▶ जयपुर

आत्मविश्वास से ओतप्रोत गुजरात टाइटन्स शनिवार को यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखकर अंक तालिका में अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश करेगा। राजस्थान रॉयल्स और गुजरात की टीम की स्थिति लगभग समान है।

इन दोनों ने अब तक 10 मैचों में छह जीत और चार हार दर्ज की हैं। रॉयल्स बेहतर नेट रन रेट (0.510) के कारण गुजरात से आगे है। गुजरात टाइटन्स ने हालांकि लगातार तीन जीत हासिल की हैं और वह शीर्ष चार में जगह बनाने की कोशिश कर रहा है।



### रॉयल्स पिछले पांच मैचों में तीन में हारा

रॉयल्स को अपने पिछले पांच मैचों में से तीन मैच में हार का सामना करना पड़ा है। रॉयल्स ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अपने पिछले मैच में कप्तान रियान पराग के 90 रन की मदद से छह विकेट पर 225 रन बनाए थे लेकिन उसके गेंदबाज इस स्कोर का बचाव नहीं कर पाए थे। यह लगातार दूसरा मौका था जब रॉयल्स 220 से अधिक के स्कोर का बचाव नहीं कर पाया।

### राजस्थान की बल्लेबाजी मजबूत

राजस्थान रॉयल्स हालांकि वैभव सूर्यवंशी (404 रन), यशस्वी जायसवाल (312) और यहां तक कि ध्रुव जुरेल (290) जैसे शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के कारण काफी मजबूत है, लेकिन उसका मध्य और निचले क्रम के बल्लेबाज अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। इन बल्लेबाजों में केवल डोनोवन फरेरा (229) ही 150 या उससे अधिक रन बना पाए हैं।

### कोई भी स्कोर सुरक्षित नहीं

जुरेल रॉयल्स की बल्लेबाजी का महत्वपूर्ण अंग है लेकिन वह अपेक्षित तेजी से रन नहीं बन पा रहे हैं। इन आंकड़ों को देखकर स्पष्ट हो जाता है कि सुधार की गुंजाइश है क्योंकि टूर्नामेंट में यह साफ हो गया कि कोई भी स्कोर सुरक्षित नहीं है।

**मौजूदा सत्र गेंदबाजों के लिए अच्छा नहीं**

आईपीएल का मौजूदा सत्र गेंदबाजों के लिए अच्छा नहीं रहा है और ऐसे में रॉयल्स को विशेष कर बीच के ओवरों में अपनी गेंदबाजी की समस्याओं को दूर करना होगा। गुजरात टाइटंस की टीम इस बात से खुश होगी कि उसने सही समय पर लय हासिल कर ली है।




अमेरिका-ईरान युद्ध संघर्षविराम पर उठे सवाल

# यूएई पर फिर हुआ मिसाइल और ड्रोन से हमला, वायु रक्षा प्रणाली ने रोका

## यूएई के रक्षा मंत्रालय ने नागरिकों से अपील की है कि वे सफल एयर इंटरसेप्शन के बाद गिरे किसी भी मलबे या टुकड़ों के पास न जाएं, उनकी तस्वीरें न लें और उन्हें हाथ न लगाएं


एजेंसी ▶▶ दुबई/ वॉशिंगटन

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि शुक्रवार को उन पर एक बार फिर मिसाइल और ड्रोन हमले हुए, जिन्हें वायु रक्षा प्रणाली ने सफलतापूर्वक इंटरसेप्ट कर लिया। हमले में फिलहाल किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। रक्षा मंत्रालय ने नागरिकों से अपील की है कि वे सफल एयर इंटरसेप्शन के बाद गिरे किसी भी मलबे या टुकड़ों के पास न जाएं, उनकी तस्वीरें न लें और उन्हें हाथ न लगाएं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर हालिया सैन्य कार्रवाई को 'लव टैप' बताया है। इसका मतलब है कि यह प्यार या दुलार में की गई मामूली कार्रवाई है। ट्रंप ने जोर देकर कहा कि दोनों देशों के बीच लागू युद्धविराम अब भी प्रभावी है और हालिया घटनाओं को युद्ध की वापसी के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए।

**होर्मुज में अमेरिकी सेनाओं ने ईरानी सैन्य ठिकानों पर हमला किया**


हमले के बाद दुबई के एक हिस्से से निकलता धुंआ

### समझौते की जरूरत ईरान को ज्यादा: ट्रंप



ट्रंप ने यह भी दावा किया कि अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत अच्छी चल रही है, लेकिन समझौते की जरूरत अमेरिका से ज्यादा ईरान को है। ट्रंप ने कहा कि बातचीत अच्छी चल रही है। वे इस समझौते पर मुझसे ज्यादा हस्ताक्षर करना चाहते हैं। उन्होंने संकेत दिए कि अमेरिका फिलहाल दबाव की स्थिति में नहीं है, जबकि ईरान तेजी से किसी समझौते तक पहुंचना चाहता है।

#### ईरान को फिर दी चेतावनी

राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान को फिर चेतावनी देते हुए कहा कि अगर युद्धविराम नहीं होता, तो दुनिया ईरान से उठती एक बड़ी चमक देखेगी। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने आज हमारे साथ खिलवाड़ किया और हमने उन्हें खत्म कर दिया। अगर युद्धविराम नहीं होगा, तो आपको कुछ जानने की जरूरत नहीं पड़ेगी, आप बस ईरान से उठती एक बड़ी चमक देखेंगे। उन्हें जल्दी से जल्दी उस समझौते पर हस्ताक्षर कर देने चाहिए।

#### *होर्मुज में बढ़ा तनाव*

*इससे कुछ घंटे पहले अमेरिकी सेना ने कहा कि उसने होर्मुज जलडमरूमध्य में नौसेना के तीन जहाजों पर हुए ईरानी हमलों को रोक दिया है। अमेरिकी सेना ने कहा कि उसने ईरानी सैन्य ठिकानों पर जवाबी कार्रवाई की, जो हमले के लिए जिम्मेदार थे। अमेरिकी सेना की मध्य कमान (सेंटकॉम) ने सोशल मीडिया पर कहा कि उसकी सेना ने बिना उकसावे के हुए ईरानी हमलों को रोका और आत्मरक्षा में जवाबी हमले किए। सेंटकॉम ने कहा कि किसी भी जहाज को नुकसान नहीं पहुंचा है। साथ ही उसने यह भी कहा कि वह तनाव बढ़ाना नहीं चाहता और अमेरिकी बलों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह तैयार है।*

### 11 भारतीय जहाज होर्मुज की खाड़ी से सुरक्षित निकले: भारत



विदेश मंत्रालय ने बताया कि ईरान के साथ चल रही कूटनीतिक बातचीत के चलते अब तक 11 भारतीय जहाज होर्मुज की खाड़ी से निकल चुके हैं। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि ईरान के साथ बातचीत में आगे प्रगति हो रही है और मंत्रालय लगातार ईरानी अधिकारियों के संपर्क में है। हमें प्रगति दिख रही है और इसी प्रगति, कूटनीतिक बातचीत और ईरान के साथ संवाद के चलते अब तक 11 भारतीय जहाज होर्मुज की खाड़ी से बाहर निकल चुके हैं। अभी 13 जहाज फारस की खाड़ी में मौजूद हैं। हम ईरानी अधिकारियों के संपर्क में हैं, ताकि बाकी जहाज भी सुरक्षित रूप से होर्मुज की खाड़ी पार करके भारत आ सकें, जो उनका अंतिम गंतव्य है।

## चीन के आधिकारिक मीडिया द्वारा जारी की गई खबरों से मिली है यह जानकारी

भारत ने पिछले साल 7 से 10 मई के दौरान ही खोल दी थी ड्रैगन के इस नापाक कारनामे की पोल

# चीन का पहला बड़ा कबूलनामा...ऑपरेशन सिंदूर में भारत के खिलाफ पाकिस्तान को दी थी मदद

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पिछले साल पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत की ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के दौरान पाकिस्तान को चीन ने काफी बढ़चढ़कर मदद प्रदान की थी। जिसकी पुष्टि नई दिल्ली ने इस सैन्य अभियान के दिनों में की गई मीडिया ब्रीफिंग के दौरान तथ्यों के साथ कर दी थी। उस वक्त हालांकि चीन ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी थी। लेकिन बीते गुरुवार को उसने पहली बार आधिकारिक रूप से इस सच्चाई को स्वीकारते करते हुए कहा है कि पिछले साल 7 से 10 मई 2025 तक भारत के साथ चले चार दिवसीय सैन्य संघर्ष के दौरान उसने ही पाकिस्तान को सहायता प्रदान की थी। यह जानकारी बीते 7 मई को चीन की कई मीडिया रिपोर्ट्स के माध्यम से निकलकर सामने आई है। जिसमें उसका राष्ट्रीय टेलीविजन प्रसारक सीसीटीवी और साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट भी शामिल है।

पिछले साल पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत की ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के दौरान पाकिस्तान को चीन ने काफी बढ़चढ़कर मदद प्रदान की थी। जिसकी पुष्टि नई दिल्ली ने इस सैन्य अभियान के दिनों में की गई मीडिया ब्रीफिंग के दौरान तथ्यों के साथ कर दी थी। उस वक्त हालांकि चीन ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी थी। लेकिन बीते गुरुवार को उसने पहली बार आधिकारिक रूप से इस सच्चाई को स्वीकारते करते हुए कहा है कि पिछले साल 7 से 10 मई 2025 तक भारत के साथ चले चार दिवसीय सैन्य संघर्ष के दौरान उसने ही पाकिस्तान को सहायता प्रदान की थी। यह जानकारी बीते 7 मई को चीन की कई मीडिया रिपोर्ट्स के माध्यम से निकलकर सामने आई है। जिसमें उसका राष्ट्रीय टेलीविजन प्रसारक सीसीटीवी और साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट भी शामिल है।



### ऑपरेशन सिंदूर जारी है

यहां स्पष्ट कर दें कि भारत ने 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में लश्कर-ए-तैयबा के छद्म आतंकी संगठन टीआरएफ के आतंकियों द्वारा की गई 26 बेकसूर लोगों की बर्बरतापूर्ण हत्या की कड़ी प्रतिक्रिया के रूप में पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए उसके खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर नामक सैन्य कार्रवाई को अंजाम दिया था। जिसमें देश की तीनों सशस्त्र सेनाओं ने एकजुटता के साथ दुश्मन देश में मौजूद आतंकवादियों के कुल 9 ठिकानों में छिपे बैठे 100 से ज्यादा दहशतगर्दों को चंद मिनटों में ही मौत के घाट उतार दिया था। भारत ने पाक को यह भी बता दिया है कि आतंकवाद के खिलाफ वह आज भी शून्य सहिष्णुता के सिद्धांत का पालन कर रहा है और उसका उक्त अभियान आज भी जस का तस जारी है।

### चीनी हथियारों की क्षमता पर न उठे सवाल

चीन के राष्ट्रीय टेलीविजन प्रसारक सीसीटीवी ने एविएशन इंडस्ट्री ऑफ चाइना (एवीआईसी) के इंजीनियरों का एक साक्षात्कार लिया था। जिसमें उन्होंने इस बात को स्वीकार किया कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान संघर्ष के मौके पर पाकिस्तान को जरूरी तकनीकी मदद दी थी। जिसका बड़ा उद्देश्य यही था कि विवाद के दौरान पाकिस्तान को दिए गए चीन के हथियार अपनी पूरी क्षमता के साथ अपना प्रदर्शन करें।

### चीन-पाक के मजबूत संबंधों का प्रमाण

एवीआईसी के चेंगदू एयरक्राफ्ट डिजाइन एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट के इंजीनियर झांग हेंग ने कहा कि वो उस टीम का हिस्सा थे। जिसने संघर्ष में पाकिस्तान को तकनीकी सहायता दी थी। हेंग के मुताबिक, सहयोग देने वाले हमारे एयरबेस पर लगातार लड़ाकू विमानों की आवाज के साथ-साथ एयर रेड सायरन भी बजते रहते थे। मई 2025 में बेस के इलाके में तापमान लगभग 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता था। ऐसे में वहां पर भयंकर गर्मी के बीच मानसिक और शारीरिक रूप से काम करना अत्यंत कठिन हो जाता था। लेकिन इन सबके बीच हमारा मकसद यह सुनिश्चित करना था कि पाकिस्तान को दिए गए चीनी हथियार अपनी पूर्ण क्षमता के साथ इस संघर्ष के दौरान काम करें। उन्होंने कहा कि यह मामला न केवल जे-10सीई लड़ाकू विमानों की सफलता तक ही सीमित नहीं था। बल्कि यह चीन और पाकिस्तान के मध्य बने हुए मजबूत और गहरे सहयोग का प्रमाण भी प्रस्तुत कर रहा था। गौरतलब है कि एवीआईसी को चीन के आधुनिक लड़ाकू विमानों से लेकर मानव रहित विमानों जैसे ड्रोन आदि के डिजाइन के साथ विकास करने के लिए जाना जाता है।

**2020 में पाक ने खरीदे थे 36 जे-10 विमान:** पाकिस्तान ने वर्ष 2020 में चीन से 36 जे-10सीई लड़ाकू विमान खरीदे थे। जो उसके जे-10सी विमान का दुनिया के बाकी देशों को निर्यात करने के लिए तैयार किया गया संस्करण है। वर्तमान में पाकिस्तान ही विश्व का एकमात्र ऐसा देश है, जिसके पास यह चीनी लड़ाकू विमान हैं। पाकिस्तान ने जे-10सीई के अलावा चीन से कुल करीब 250 पीएल-15 मिसाइलें भी खरीदी हैं। इसके अलावा अब वह चीन से 40 शेनयांग जे-35 स्टेल्थ लड़ाकू विमान खरीदकर अपने जंगी बेड़े में शामिल करने जा रहा है।

### विमान पर है ड्रैगन को पूरा भरोसा

एवीआईसी के एक अन्य इंजीनियर शू दा ने जे-10सीई विमान को अपने बच्चे के समान बताते हुए कहा कि उन्होंने इसे तैयार किया, देखभाल की और उसके बाद इसे उपयोगकर्ता को सौंप दिया। संघर्ष के दौरान जिस तरह से इस विमान ने अपना प्रदर्शन किया था। उसे लेकर शू दा को कोई अचरज नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि मैं इसके निर्माण के वक्त ही यह अच्छी तरह से समझ गया था कि सही मौका मिलने पर यह विमान अपनी क्षमता का शानदार अंदाज में प्रदर्शन करेगा। ऐसा ही हुआ।

### पाकिस्तान के पास हैं 85% चीनी हथियार

भारत की सेना ने जुलाई 2025 में ही इस तथ्य का खुलासा कर दिया था कि पाकिस्तान की लगभग 81% सैन्य सामग्री चीन में बनी हुई है। बल के उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल राहुल. आर. सिंह ने कहा था कि चीन पाकिस्तान को अपने हथियारों की युद्धक क्षमता का आकलन करने के लिए लाइव प्रयोगशाला के रूप में इस्तेमाल कर रहा है। ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान को चीन से भरपूर मदद मिल रही थी। साथ ही दोनों देशों के सैन्य अभियान महानिदेशकों (डीजीएमओ) की वार्ता के समय पर भी चीन के माध्यम से पाकिस्तान को भारत की सैन्य गतिविधियों की लाइव जानकारी दी जा रही थी। वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के मुताबिक, चीन ने पाकिस्तान को ऑपरेशन सिंदूर के वक्त अपनी सैटेलाइट तकनीक के जरिए भारत के खिलाफ गोपनीय जानकारी दी थी।

### पाक-चीन गठजोड़ चिंताजनक

पिछले गुरुवार को ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ के मौके पर जयपुर में आयोजित किए गए तीनों सेनाओं के तत्कालीन सैन्य अभियान महानिदेशक रैंक के शीर्ष अधिकारियों के संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में भी इस बात को दोहराया गया था कि भारत की कार्रवाई के दौरान चीन ने पाकिस्तान को मदद दी थी। साथ ही ये भी कहा गया कि दोनों देशों के बीच बढ़ता यह गठजोड़ चिंता का मसला है। लेकिन भारत आतंकवाद को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगा। सीमा पार मौजूद आतंकियों का कोई ठिकाना अब सुरक्षित नहीं है। भारत इन्हें लगातार ध्वस्त करता रहेगा। उसकी आतंकवाद के खिलाफ शून्य सहिष्णुता की नीति भी बरकरार रहेगी।

सूरीनाम में विदेश मंत्री जयशंकर बोले

# चुनौतीपूर्ण दुनिया में विश्वसनीय साझेदारी से ही 'प्रगति' संभव


सूरीनाम में विदेश मंत्री एस. जयशंकर का संबोधन

एजेंसी ▶▶ पारामारिबो

भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर कैरेबियन के तीन देशों के चल रहे दौरे पर हैं, जो 2 से 10 मई तक चलेगा। इस दौरान जयशंकर ने सूरीनाम की राजधानी पारामारिबों में में 'प्रगति के लिए साझेदारी' विषय पर भाषण दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि एक चुनौतीपूर्ण दुनिया में भी प्रगति आवश्यक है। और यह साझेदारी के माध्यम से ही सर्वोत्तम रूप से प्राप्त की जा सकती है। सूरीनाम के विदेश मंत्री मेल्विन बौवा की उपस्थिति में जयशंकर ने वैश्विक राजनीति और अर्थव्यवस्था में तेजी से बदलते समीकरणों को लेकर चिंता जताई।

### *सूरीनाम के विकास में भारत सहयोगी*

*सूरीनाम समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बड़ी शक्तियां अब बाजार, संसाधनों और प्रभाव का इस्तेमाल अपने रणनीतिक हितों को साधने के लिए कर रही हैं। भारत और सूरीनाम जैसे देश एक अधिक समावेशी और संतुलित वैश्विक व्यवस्था देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि बदलती विश्व व्यवस्था में भरोसेमंद साझेदारी और वैश्विक सहयोग की भूमिका पहले से ज्यादा महत्वपूर्ण हो गई है। भारत सूरीनाम के विकास पथ में भागीदार बनेगा और संयुक्त रूप से भारत के इतिहास का अगला अध्याय लिखेगा। कोविड महामारी का जिक्र करते हुए जयशंकर ने कहा कि उस समय कई देशों ने वैक्सीन का जमाखोरी की थी। उन्होंने बिना किसी देश का नाम लिए कहा कि एक विकसित देश ने अपनी आबादी से आठ गुना ज्यादा वैक्सीन जमा कर ली थी। इसके विपरीत भारत ने वैश्विक जिम्मेदारी निभाते हुए बड़ी संख्या में देशों और अंतरराष्ट्रीय पहलों को वैक्सीन उपलब्ध कराई।*

## यूएन में बोले जर्मन अधिकारी- स्किल्ड वर्कर्स के लिए भारत पसंदीदा देश, भारतीयों में असाधारण योग्यता

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क



जर्मनी के बहुपक्षीय मामलों के कमिश्नर फ्लोरियन लॉडी के अनुसार जर्मनी की देश-विशिष्ट माइग्रेशन नीति के तहत भारत पसंदीदा देश है। उन्होंने भारत को स्किल्ड कामगारों के सबसे महत्वपूर्ण सोर्स में से एक बताया। भारत के यूएन मिशन की ओर से आयोजित 'माइग्रेशन गवर्नेंस में डिजिटल इनोवेशन का फायदा उठाना' विषय पर आधारित कार्यक्रम के दौरान लाउडी ने कहा कि दोनों देशों के बीच बेहतरीन सहयोग एक 'ट्रिपल विन है- माइग्रेंट्स के लिए, मेजबान जर्मनी के लिए जहां श्रमिकों की कमी है, और भारत के लिए जिसके पास बड़ी संख्या में कार्यबल उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि यह उन हजारों युवा भारतीय श्रमिकों के लिए जीत है, जो जर्मनी आए हैं। कुल मिलाकर, जर्मनी में भारतीय माइग्रेंट्स बेहद क्वालिफाइड हैं, खासकर विज्ञान और तकनीकी के क्षेत्र में। उनकी असाधारण योग्यता उनकी औसत आय में भी दिखती है, जो जर्मनी की औसत आय से अधिक है। उन्होंने कहा कि अकेले 2025 में 1,80,000 भारतीयों ने जर्मनी के वर्कफोर्स में योगदान दिया है, जो पिछले दस वर्षों में 656 फीसदी की बढ़ोतरी दर्शाता है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सराहे वैज्ञानिकों के प्रयास, दी बधाई

# डीआरडीओ और वायुसेना ने किया 'तारा' हथियार का पहला सफल परीक्षण

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

घरेलू और वैश्विक मोर्चे पर बनी हुई सुरक्षा चुनौतियों के जटिल दौर में शुक्रवार को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय वायुसेना ने ओडिशा तट पर सामरिक उन्नत रेंज संवर्धन हथियार, टीएआरए (तारा) का पहला सफल परीक्षण किया है। यह एक मॉड्यूलर रेंज एक्सटेंशन किट है। जो देश की पहली स्वदेशी ग्लाइड हथियार प्रणाली है। तारा, अनिर्देशित वारहेड को सटीक निर्देशित हथियारों में बदलने में सक्षम है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ, वायुसेना और इस परीक्षण में शामिल समूची टीम को बधाई दी है। साथ ही उनके इस प्रयास को देश की स्वदेशी रक्षा क्षमताओं को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है। डीआरडीओ अध्यक्ष डॉ. समीर.वी. कामत ने भी इस सफल परीक्षण से जुड़ी टीम को अपनी शुभकामनाएं दी हैं।




### बढ़ेगी हथियार की मारक क्षमता

टीएआरए एक प्रकार की युद्धक किट है। जिसे वायुसेना अपने बम जैसे हथियारों के साथ लगाकर इस्तेमाल करेगी। इस किट का उद्देश्य कम लागत में हथियार की मारक और सटीकता से वार करने की क्षमता में इजाफा करना है। जिसका इस्तेमाल खासतौर पर जमीनी लक्ष्यों को नष्ट करने के लिए किया जाएगा। इस परीक्षण को वायुसेना के जगुआर लड़ाकू विमान के जरिए पूरा किया गया है। वहीं, टीएआरए अत्याधुनिक कम लागत वाली हथियार प्रणालियों का उपयोग करने वाला पहला ग्लाइड हथियार है। इस किट का निर्माण और विकास सह उत्पादन साझेदारों और अन्य भारतीयों उद्योगों की मदद से किया गया है। टीएआरए का उत्पादन कार्य शुरू कर दिया गया है। इसे हैदराबाद में मौजूद डीआरडीओ की इमारत प्रयोगशाला ने संगठन की अन्य प्रयोगशालाओं के सहयोग से डिजाइन के साथ तैयार किया है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109